आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या 04:01 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 25 जून 2025
वर्ष 3, अंक 305, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वायुसेना को मार्च 2026 में मिलेंगे छह तेजस 14

अमेरिका यूरोप से व्यापार समझौते जल्द 12

## रेलवे की यात्री किराये में वृद्धि की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी



- स्लीपर श्रेणी में एक और एसी में दो पैसे प्रति किमी होगी बढ़ोत्तरी
- एक जुलाई से लागू होंगी मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में नई दरें
- सामान्य दर्जे में 500 किमी तक की यात्रा में कोई वृद्धि नहीं

भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से मामूली वृद्धि हो सकती है। सूत्रों ने आज यहां बताया कि रेलवे ने एक जुलाई से मेल एक्सप्रेस गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि करने की तैयारी कर ली है।

सूत्रों के अनुसार साधारण अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं होगी जबकि 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए किराये की दर आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाये जाने का प्रस्ताव है। उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले रेलवे के यात्री किरायों में वर्ष 2014 में वृद्धि की गई थी। सभी श्रेणियों के यात्री किराये में 14.2 प्रतिशत और माल भाड़े में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी जो उस साल 25 जून से प्रभावी हो गई थी। वर्ष 2019 में मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी में यात्रियों को प्रति किलोमीटर 2 पैसे बढ़ाए गए थे। स्लीपर श्रेणी के किराये में 2 पैसे और प्रथम श्रेणी के किराये में भी 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई। साधारण ट्रेनों के द्वितीय श्रेणी के किराये में प्रति किलोमीटर 01 पैसे और स्लीपर श्रेणी के लिए भी किराये में 01 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। जबकि प्रथम श्रेणी के किराये में 1 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी।

## सीजफायर के बाद भी ईरान-इजराइल ने दागीं मिसाइलें

**ट्रंप की ओर से जंग रुकने की घोषणा के चंद घंटे के भीतर टूटा संघर्ष विराम**

बीरशेबा (इजराइल), एजेंसी

- धमाकों की आवाज से दहला बीरशेबा व तेल अवीव, 4 की मौत, 20 घायल
- इजराइल ने ईरान की ओर से मिसाइल दागे जाने का किया दावा, ईरानी सेना का इनकार

इजराइल-ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि यह कुछ घंटों में ही टूट गया। ईरान की ओर से दागी गई मिसाइल इजराइल के बीरशेबा शहर में एक इमारत पर गिरी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। ईरानी हमले के जवाब में इजराइल ने तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। इजराइली आर्मी रेडियो ने हमले की पुष्टि की है।

ताजा हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा। दोनों देशों के बीच जारी जंग के 12वें दिन, मंगलवार सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सीजफायर पर सहमति बनने का ऐलान किया था। उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा- अभी से सीजफायर लागू होता है, कृपया इसे न तोड़ें।

मंगलवार सुबह तेल अवीव ने दावा किया कि एक दूसरे के खिलाफ हमले नहीं करने को लेकर बनी सहमति के दो घंटे बाद उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागी गई हैं और वह जवाबी कार्रवाई करेगा। ईरान की सेना ने इजराइल पर मिसाइल दागने से इनकार किया। इजराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने मिसाइल हमलों को संघर्षविराम का उल्लंघन बताया और इजराइल की सेना को तेहरान पर हमला करने का निर्देश दिया। इस अस्थायी समझौते की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार की सुबह की, जब ईरान ने सोमवार को कतर स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी मिसाइल दागी थीं। संघर्ष विराम शुरू होने के बीच इजराइल ने भोर से पहले ईरान भर में हवाई हमलों की बौछार कर दी।

### इजराइली विमान अब हमला नहीं करेंगे : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल अपने लड़ाकू विमानों को वापस बुलाने जा रहा है और ईरान पर हमला करना बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार को उनका युद्धविराम कुछ समय स्थगित रहने के बाद प्रभावी हो गया। ट्रंप ने दोनों पक्षों पर युद्ध विराम का पालन करने का दबाव डालते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, इजराइल ईरान पर हमला नहीं करने जा रहा है। सभी विमान वापस लौट जाएंगे। किसी को भी नुकसान नहीं होगा, युद्ध विराम प्रभावी है! ट्रंप ने कहा कि वह ईरान में शासन परिवर्तन की उम्मीद नहीं कर रहे हैं, क्योंकि वहां अस्थायी युद्ध विराम लागू हो गया है।

## एक नजर

### कुएं में जहरीली गैस से तीन लोगों की मौत

**गुना।** मध्यप्रदेश के गुना जिले में मंगलवार को एक बछड़े को बचाने के लिए कुएं में उतरे तीन व्यक्तियों की संदिग्ध जहरीली गैस से मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना धरनावदा गांव की है जहां छह व्यक्ति एक बछड़े को बचाने के लिए कुएं में उतरे थे। गुना कलेक्टर किशोर कन्याल ने बताया कि घटना पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बछड़े को बचाने के लिए छह लोग कुएं में उतरे थे। उनमें से तीन की मौत हो गई, जबकि दो अन्य को गंभीर हालत में बचा लिया गया और उन्हें गुना जिला अस्पताल ले जाया गया। छह में से केवल एक व्यक्ति ही सुरक्षित निकले। कलेक्टर ने बताया कि प्रथम दृष्टया तीनों की मौत कार्बन मोनोऑक्साइड गैस की वजह से हुई।

### गैंगस्टर रोमिल वोहरा पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**नई दिल्ली।** हरियाणा में कई हत्याओं और दिल्ली में हथियार मामलों में वांछित गैंगस्टर मंगलवार तड़के दिल्ली-हरियाणा सीमा के पास पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। मृतक की पहचान हरियाणा में यमुनानगर निवासी रोमिल वोहरा के रूप में की गई है। वह यमुनानगर में एक तिहरे हत्याकांड और कुरुक्षेत्र में एक हत्या मामले समेत आठ से अधिक मामलों में वांछित था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया कि रोमिल शस्त्र अधिनियम से संबंधित मामलों में भी वांछित था।

## ग्राम पंचायतों के राजस्व बढ़ाने के लिए नियम बनाएं राज्य : शाह

**गृह मंत्री ने वाराणसी में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में दिए निर्देश**

- चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों संग राष्ट्रीय महत्व के व्यापक विषयों समेत 19 मुद्दों पर चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के साथ यूपी, एमपी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री।

**अमृत विचार** : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों को ग्राम पंचायतों के राजस्व बढ़ाने और इसके लिए नियम बनाने के निर्देश दिए। मंगलवार को वाराणसी के तॉज होटल में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि पंचायतों के राजस्व बढ़ने से ही पंचायती राज व्यवस्था और अधिक कारगर होगी।

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उक्त राज्यों के मुख्य सचिवों ने शिरकत की। बैठक में राष्ट्रीय महत्व के व्यापक विषयों सहित कुल 19 मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच और शीघ्र निपटान के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों का कार्यान्वयन, प्रत्येक गांव के नियत दायरे में ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली का कार्यान्वयन जैसे मुद्दे शामिल रहे।

गृह मंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय परिषद के सभी राज्य बच्चों में कुपोषण दूर करने, ड्रॉप-आउट रेशियो को जीरो करने और सहकारिता को सुदृढ़ बनाना सुनिश्चित करें। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम के अभिनंदन का प्रस्ताव रखा गया, जिसका परिषद ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया।

### देश ने हर क्षेत्र में पहचान बनाई : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के यशस्वी नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित 11 साल का कालखंड नई प्रेरणा देता है। भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में नई पहचान बनाई। उन्होंने यूपी की विभिन्न योजनाओं और प्रगति की विस्तार से जानकारी साझा की। यूपी देश का ग्रोथ इंजन बन गया है। उप्र बॉटम अप अप्रोच के साथ आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत की दिशा में अग्रसर है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में 5-7 लोगों को रोजगार देने की व्यवस्था की जा रही है।

### धामी ने कुंभ के लिए मांगा सहयोग

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर लिखा कि बैठक के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, संचार और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सीमा सड़क संगठन के माध्यम से अधिक सहयोग का आग्रह किया। राज्य में ग्लेशियर अध्ययन केंद्र, जैव विविधता संरक्षण संस्थान और अंतर्राष्ट्रीय साहसिक खेल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव रखा। नंदा राजजात यात्रा (2026) और 2027 के कुंभ मेले हेतु केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया।

**श्री नारायण गुरु-महात्मा गांधी की वार्ता के शताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री**

## भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं : मोदी

- कहा-ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को स्पष्ट किया

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली के विज्ञान भवन में श्री नारायण गुरुदेव और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक वार्ता के शताब्दी समारोह में शामिल प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का सख्त रुख दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है और उनकी सरकार राष्ट्रीय हित में जो भी कदम उचित हों, उठाती है। आध्यात्मिक संत और समाज सुधारक श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच बातचीत के शताब्दी समारोह के अवसर पर मोदी ने देश का नाम लिए बिना कहा कि भारत में निर्मित हथियारों ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान अपना प्रभाव दिखाया। उन्होंने कहा कि हमने दिखाया है कि भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आध्यात्मिक संत श्री नारायण गुरु के आदर्शों पर काम किया है, जो भेदभाव से मुक्त मजबूत भारत चाहते थे। मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्रों में भारत को मजबूत बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता कम हो रही है। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए गए सटीक हमलों के संदर्भ में कहा कि भारतीय सेना ने 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

### हमने वंचित-पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया

प्रधानमंत्री ने आवास, पेयजल और स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य क्षेत्रों में अपनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि इनसे समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, इससे पहले की तुलना में अधिक संख्या में आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थान खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि नारायण गुरु ने सभी तरह के भेदभाव से मुक्त समाज की परिकल्पना की थी। आज, देश भेदभाव की हर संभावना को खत्म करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'स्किल इंडिया' जैसे मिशन युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब भी वह समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की बेहतरी के लिए बड़े फैसले लेते हैं, तो समाज सुधारक को याद करते हैं।

## पीएफ खाते से अब 72 घंटे में निकाल सकेंगे पांच लाख रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने ऑटो सेटेलमेंट के तहत कर्मचारियों को दी सुविधा

श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) खातों से अग्रिम निकासी के दावों के स्वतः निपटान (ऑटो सेटेलमेंट) की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की मंगलवार को घोषणा की। इस कदम से सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के सदस्य तीन दिन के भीतर पांच लाख रुपये तक की अपनी अग्रिम वापसी के दावों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

फिलहाल स्वतःनिपटान माध्यम से तीन दिनो के भीतर एक लाख रुपये तक के दावों का निपटान हो सकता है। मांडविया ने कहा कि ईपीएफओ ने अपने सदस्यों को खासकर तत्काल जरूरतों के समय में त्वरित कोष पहुंच देने के लिए अग्रिम दावों के स्वतः निपटान की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस सेवा के विस्तार से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के लाखों सदस्यों को लाभ होने की उम्मीद है। ईपीएफओ ने कोविड-19 महामारी के समय पहली बार ऑनलाइन स्वतः निपटान व्यवस्था शुरू की थी।

## बेहिसाब नकदी बरामदगी में क्यों दर्ज नहीं हुई प्राथमिकी

- जस्टिस वर्मा मामले में संसदीय समिति ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को संसदीय समिति की बैठक में कई सांसदों ने पूछा कि यहां एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आवास से बेहिसाबी नकदी बरामद होने के मामले में कोई प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गई और समिति ने न्याय विभाग से इस मामले पर एक विस्तृत नोट तैयार करने को कहा।

सांसदों ने न्यायाधीशों के लिए एक आचार संहिता की भी मांग की तथा कहा कि उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद पांच वर्ष की अवधि तक कोई सरकारी कार्यभार नहीं लेना चाहिए। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति की बैठक में विभिन्न दलों के सांसदों ने इस मुद्दे को उठाया।

## घर में महिला का गला कसकर बेड में किया पैक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चुनरी से गला कसा, सिर पर भी भारी चीज से वार किया, रावतपुर में वारदात
- छोटे बेटे के संदेह पर बड़ा बेटा हिरासत में, लिव इन में युवक के साथ रहती थी महिला

**अमृत विचार** : रावतपुर में लिव इन रिलेशन में रह रही महिला की घर में ही निर्मम हत्या कर दी गई। हत्यारोपी ने महिला का चुनरी से गला कसकर उसे बेड में पैक कर दिया। सिर पर भी भारी वार से चोट के निशान हैं। स्कूल से लौटे छोटे बेटे ने बेड से निकली मां की चुनरी देखी, तब वारदात का पता चला। हत्या का आरोप बड़े बेटे पर है, लेकिन मृतका की बहन ने लिव इन में रह रहे युवक पर आरोप लगाया है। पुलिस ने बड़े बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।



उर्मिला कटियार

रावतपुर गुप्ता कालोनी निवासी 35 वर्षीय उर्मिला कटियार, पति जगदीश की मौत के बाद 18 सालों से रंजन नामक युवक के साथ लिव इन में रह रही थीं। उर्मिला के दो नाबालिग बेटे हैं। 17 वर्षीय बड़ा बेटा इंटर और 15 वर्षीय छोटो बेटा नौवीं का छात्र है। दोनों अर्मापुर केंद्रीय विद्यालय-टू में पढ़ते हैं। मंगलवार सुबह छोटा बेटा स्कूल गया था जबकि बड़ा बेटा घर पर ही था। रंजन दो तीन दिन से काम के सिलसिले में बाहर गए हुए हैं। मंगलवार दोपहर छोटे बेटे ने स्कूल से लौटने के बाद घर में मां को न पाकर बड़े भाई से पूछा तो उसने जानकारी न होने की बात कही। इस पर उसने मां को ढूंढना शुरू किया तो बेड से उनकी चुनरी थोड़ी बाहर लटकी दिखी। बेड खोला तो अंदर मां बेसुध पड़ी थीं। इस पर उसने पास में मसवानपुर में रहने वाली मौसी गीता को सूचना दी। मौसी आईं और फिर रावतपुर पुलिस को फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को उर्मिला की सांसें चलती दिखीं तो रीजेंसी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गीता ने पुलिस को बताया कि रंजन मार्केटिंग का काम करते हैं, इसलिए अक्सर घर से बाहर ही रहते हैं। पुलिस की पूछताछ में छोटे बेटे ने बड़े भाई पर शक जताया, जिस पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। वहीं गीता के अनुसार उसकी बहन की मौत में पति रंजन का हाथ है। बेटे को मोहरा बनाया जा रहा है।

## निपाह वायरस का पता लगाएगी पोर्टेबल किट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान ने किया विकसित

भारत में अब निपाह वायरस का पता मिनटों में लगाया जा सकेगा, क्योंकि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के तहत पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) ने वायरस की जांच के लिए एक पोर्टेबल प्वाइंट-ऑफ-केयर किट विकसित की है।

एनआईवी के निदेशक डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि यह किट प्रयोगशाला के बाहर भी तुरंत परिणाम दे सकती है और इसे जल्द ही केरल तथा पश्चिम बंगाल जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में इस्तेमाल में लाया जाएगा। डॉ. कुमार ने कहा कि हमने निपाह वायरस का त्वरित और विश्वसनीय तरीके से पता लगाने के लिए लैंप आधारित पोर्टेबल किट विकसित की है। यह प्रयोगशाला की आवश्यकता के बिना कुछ ही मिनटों में परिणाम देती है। किट का पेटेंट भी कराया गया है।

निपाह वायरस मुख्य रूप से चमगादड़ों (फ्रूट बैट) के माध्यम से फैलता है और भारत में कई बार इसका प्रकोप देखा जा चुका है। पचास प्रतिशत से अधिक मृत्यु दर के साथ, यह सबसे घातक वायरल रोगों में से एक है।

## सीडीएस दे सकेंगे तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश

**नई दिल्ली।** सरकार ने युद्ध और विभिन्न अभियानों के समय तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढाने तथा उनकी क्षमताओं का अधिकतम इस्तेमाल करने के उद्देश्य से प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) को तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश जारी करने का अधिकार दिया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और कार्यशैली में बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सीडीएस को तीनों सेनाओं के लिए संयुक्त निर्देश और संयुक्त आदेश जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है।

## देश के पूंजीगत व्यय में यूपी की 16 .3% हिस्सेदारी का अनुमान

**2024-25 में भी टॉप कंट्रीब्यूटर रहे यूपी की नए साल में भी खास रहेगी उपलब्धि**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रिपोर्ट में लगातार दूसरे साल गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व कर्नाटक से आगे यूपी

**अमृत विचार** : यूपी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह देश के विकास इंजन के तौर पर मजबूती से उभर रहा है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के कुल पूंजीगत व्यय में अकेले यूपी की हिस्सेदारी 16.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो देश के सभी राज्यों में सर्वाधिक है। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जब गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और कर्नाटक से पूंजी व्यय में यूपी टॉप पर रहेगा।

पूंजीगत व्यय का अर्थ उस धनराशि से है जो सरकारें स्थायी परिसंपत्तियों जैसे कि सड़कें और राजमार्ग, विद्यालय, अस्पताल आदि के निर्माण या अधिग्रहण पर खर्च करती हैं। सरल शब्दों में यह वह खर्च है जो सरकार भविष्य की सुविधा और विकास के लिए करती है। बैंक ऑफ बड़ौदा की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में देश के 26 राज्यों का कुल पूंजीगत व्यय 10.2 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष 8.7 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश (16.3%), गुजरात (9.4%), महाराष्ट्र (8.3%), मध्य प्रदेश (8.1%) और कर्नाटक (7.6%) ये पांच राज्य मिलकर देश के कुल पूंजीगत व्यय का 50% से अधिक हिस्सा खर्च करेंगे। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भी यूपी ने सबसे अधिक 16.9% पूंजीगत व्यय किया था। इसके बाद महाराष्ट्र (10.9%), गुजरात (8.1%), मध्य प्रदेश (7.5%) और ओडिशा (6.4%) थे।

### निवेशकों के लिए पहली पसंद बना यूपी

योगी सरकार द्वारा पिछले कुछ वर्षों में की गई रणनीतिक योजना, निवेशक सम्मेलन, लॉजिस्टिक हब निर्माण, एक्सप्रेस-वे और एयरपोर्ट्स का विस्तार जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने राज्य को पूंजीगत निवेश के मामले में देश का सिरमौर बना दिया है। यूपी इंडस्ट्रियल डिफेंस कॉरिडोर, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, मेडिकल कॉलेजों का निर्माण और गंगा एक्सप्रेस-वे जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स भी इसके प्रमुख उदाहरण हैं। इज ऑफ डूइंग बिजनेस और कानून-व्यवस्था में सुधार के चलते यूपी घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिए पहली पसंद बन गया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के दौरान मिले भारी निवेश प्रस्ताव अब धरातल पर उतर रहे हैं। जिससे राज्य का पूंजीगत व्यय बढ़ा है और युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

### राजस्व में भी यूपी अव्वल

रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में कुल 26 राज्यों की प्राप्तियां 10 .6% बढ़कर 69 .4 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें राजस्व प्राप्तियां 12 .3% और पूंजीगत प्राप्तियां 6 .6% बढ़ने की संभावना है। उत्तर प्रदेश यहां भी सबसे आगे रहेगा, जो अकेले 13 .3% राजस्व का योगदान देगा। इसके बाद महाराष्ट्र (11 .3%), मध्य प्रदेश, कर्नाटक और राजस्थान (5 .9% प्रत्येक) रहेंगे।

## सार-संक्षेप


कलश यात्रा के दौरान मौजूद भक्त। अमृत विचार

### कथा सुनने से नहीं अनुसरण करने से आता है जीवन में सुधार

**जलालाबाद।** श्रीमद् भागवत कथा से पहले भक्तों ने धूमधाम से कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा के दौरान भक्तों ने भक्तिगीतों पर जमकर नृत्य किया और गगनभेदी जयकारों को लगाकर यात्रा को भ्रमण कराया। कथावाचक ने कहा कि कथा के श्रवण मात्र से नहीं, बल्कि उसका जीवन में अनुसरण करने से जीवन में सुधार आता है। मंगलवार को जलालाबाद के पक्का बाग स्टेट मनी भूषण शिक्षण संस्थान में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा से पहले भक्तों ने सिर पर कलश रखकर धूमधाम से यात्रा निकाली। इस दौरान भक्तों ने पुष्प वर्षा कर गगनभेदी जयकारे लगाए और गुलाल की होली खेली। भक्ति गीतों पर नृत्य भी किया। कलश यात्रा के बाद कथा वाचक प्रेमसागर पांडेय ने विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कराया। इस दौरान परीक्षित अशोक वर्मा, रेखा वर्मा, विनोद वर्मा, पंडित किशन चंद तिवारी, रवि कुमार द्विवेदी, राजीव कुमार बाजपेई, अरुण कुमार दुबे, पीयूष दुबे, सुनील वर्मा, अनिल दुबे, भोला पाठक, पंकज वर्मा, उत्कर्ष वर्मा, सौरभ वर्मा, शिखर वर्मा, सागर वर्मा आदि मौजूद रहे।

### गजेंद्र सक्सेना का सूबे में 134वां स्थान

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा में किसान के बेटे का सूबे में 134वां स्थान आया है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा (यूपी जेईई-पी) 2025 का परिणाम रविवार को घोषित किया गया। सदर ब्लॉक कन्नौज क्षेत्र के गांव नेरा निवासी किसान राम महेश व गृहणी मनोरमा के पुत्र गजेंद्र सक्सेना ने पॉलिटेक्निक में सूबे में 134वां स्थान पाया। गजेंद्र सक्सेना को 188 नंबर मिले हैं। ट्रेड ग्रुप बी है। गजेंद्र शहर स्थित केके इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की तैयारी कर रहे हैं। यहीं से हाईस्कूल पास किया है। जून में ही कंप्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई थी। दूसरी ओर जनपद के ही अक्षय कुमार ने ग्रुप के3 में पहला स्थान पाया है।


गजेंद्र सक्सेना।

### गो-आश्रय स्थलों पर रहेंगे 7 रजिस्टर... बताएंगे हकीकत

**कन्नौज।** जिलेभर के गो-आश्रय स्थलों पर 7 तरह के रजिस्टर रहेंगे। इनमें गोवंशों व उनकी व्यवस्थाओं समेत कई प्रकार की पूरी जानकारी दर्ज होगी। इसको लेकर निर्देश दिए जा चुके हैं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि गोशालाओं में लॉग बुक रहेगी, इसमें गोवंशों की संख्या, नए आने वाले गोवंश व मृत हुए मवेशियों का विवरण रोज अपडेट किया जाएगा। टैग रजिस्टर में टैग नंबर, मवेशी की उम्र व नर या मादा का जिक्र रहेगा। चिकित्सा पंजिका भी रहेगी जिसमें घायल मवेशी व इलाज का ब्योरा गोवंशों के टैग नंबर समेत लिखा जाएगा। मृत्यु पंजिका में स्पष्ट किया जाएगा कि गोवंश की मृत्यु किस वजह से हुई यह संदिग्ध परिस्थितियों में पोस्टमार्टम कराने के बाद दर्ज करना होगा। गोशाला में भूसा का स्टॉक, कितना आया, कितना खिलाया गया व बचे हुए भूसे का ब्योरा लिखा जाएगा। इसमें पशु आहार के तहत हरा चारा, साइबेज का जिक्र रहेगा। कैशबुक में सामग्री खरीद का विवरण बताना होगा। इसके साथ ही निरीक्षण पंजिका में अधिकारी या निरीक्षणकर्ता दी गई गाइड लाइन के तहत आख्या लिखेंगे उसे पोर्टल पर भी फीड किया जाएगा। इसकी समीक्षा शासन स्तर से हर महीने होती है।


डॉ. अनिल कुमार, सीवीओ।


नाली व गंदगी को लेकर जानकारी देती महिलाएं। अमृत विचार

### नाली न होने से गंदगी पर महिलाओं ने जताया रोष

**छिबरामऊ।** ग्राम प्रेमपुर की एक गली में नाली न होने के कारण घरों के बाहर गंदा पानी भरता है। महिलाओं ने नाली बनवाई जाने तथा गंदगी साफ कराए जाने का मांग की है। प्रेमपुर निवासी रीता शर्मा, सीता शर्मा, श्यामा देवी, ममता देवी, धन देवी, कमला देवी, विकास, सोनू शर्मा व मनोज शर्मा ने बताया कि उनके घर के बाहर पानी का निकास न होने के कारण गंदा पानी भरा रहता है। कुछ लोग तो अपने घर के बाहर गड्ढा खोदे हुए हैं, जिससे गंदा पानी उसी में भरता रहे। भीषण गर्मी में बदबू तथा मच्छरों की मार से लोग बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार प्रधान को भी इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अभी तक नाली का निर्माण नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए नाली का निर्माण कराने तथा गंदगी साफ कराए जाने की मांग की है।

### करंट से युवक की मौत

**कन्नौज।** ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव में भागवत कथा के समापन पर भंडारे के दौरान एक युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के समय युवक डीजे पर काम कर रहा था। कटरा गांव निवासी अर्जुन (20) पुत्र मान सिंह पिपरौली के नीरज कुशवाहा के डीजे पर काम करता था। ठठिया थाना क्षेत्र के पिपरौली गांव में भागवत कथा के समापन पर भंडारा चल रहा था। रात करीब 11 बजे भंडारे में वह डीजे पर काम कर रहा था तभी करंट की चपेट में आ गया। इससे बेहोश होकर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही संचालक नीरज साथियों के साथ पहुंचे। इसके बाद अर्जुन को मेडिकल कॉलेज तिर्वा में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद डीजे संचालक और उनके साथी अस्पताल से शव छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। सुरसी चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आज आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य

**कन्नौज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय 25 जून को तहसील सदर सभागार में सुबह 10:30 बजे महिलाओं से जुड़ी समस्याएं सुनेंगी।


घर के बाहर मौजूद पुलिस व स्थानीय लोग। अमृत विचार

### दो घरों के ताले तोड़ कर लाखों रुपये नकदी-जेवर उडाये

**जसोदा, कन्नौज।** गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की रात जसोदा में एनएच 34 के सर्विस रोड स्थित चन्दा यादव पत्नी विश्राम सिंह व प्रभात कुशवाहा पुत्र राजेंद्र सिंह के बंद घरों को बेखौफ चोरों ने निशाना बनाया। ताले काटकर चोरी की। चन्दा यादव ने बताया कि वह सोमवार की रात अपने गांव बरकागांव मायके गई थी। सुबह आने पर घर के ताले टूटे और सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखें सोने के झाले, चांदी की पायल, चांदी के पांच सिक्के व 10,000 रुपये चोरी हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इसी तरह पडोस के मकान में भी चोरों ने ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया।

### जेवर न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जेवर के विवाद को लेकर ससुरालियों ने महिला से गाली गलौज की। उसे मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम डुंडवाबुजुर्ग निवासी गुलशन बेगम पत्नी अकबर ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके ससुर, देवर और ननद ने उससे जबरन जेवरात मांगे। जब उसने जेवर देने से मना कर दिया तो उक्त लोगों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महिला कल्याण की निदेशक का आदेश डीपीओ के ठेंगे पर

## रामपुर हो गया है तबादला, फिर भी कन्नौज नहीं छोड़ना चाह रहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **शासन तक पहुंची भर्तियों की शिकायत, अफसरों की चुप्पी खड़े कर रही सवाल**

**अमृत विचार।** महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर का आदेश जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) के ठेंगे पर है। रामपुर तबादले के बाद भी उन्होंने चार्ज नहीं छोड़ा है। निदेशक की ओर से दिया गया समय भी निकल गया है। नियुक्तियों में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। इसके बाद भी अफसरों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

डीपीओ इरा आर्या की ओर से विभाग में आउटसोर्सिंग के तहत की गई भर्तियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत जिले से लेकर शासन तक पहुंच गई है, लेकिन अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। डीपीओ को शासन के अधिकारियों का भी कोई डर नहीं है जिससे डायरेक्टर के तबादला आदेश का पालन नहीं कर रहीं हैं। दरअसल, 12 जून को निदेशक ने प्रदेश के 13 जिला प्रोबेशन अधिकारियों का तबादला किया जिसमें इरा आर्या का नाम पहले नंबर पर है। निदेशक के पत्र में कहा गया है कि आदेश जारी किए जाने के 1 सप्ताह के अंदर प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किए बिना नवीन तैनाती स्थान पर कार्यभार ग्रहण कर लें। संबंधित प्राधिकारी से भी कहा गया है कि वह स्थानांतरित अधिकारी को तत्काल कार्यमुक्त कर दें। जिन अधिकारियों की ओर से स्थानांतरण आदेशों का पालन न करते हुए नवीन तैनाती स्थान पर निर्धारित समय पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया जाता है तो अनुशासनहीनता मानते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं नवीन स्थान के लिए समय पर कार्यभार ग्रहण न करने पर उन्हें स्वतः कार्यमुक्त माना जाएगा। पत्र में हवाला दिया गया है कि यदि कोई सरकारी सेवक ऐसे आदेशों के खिलाफ दबाव डलवाने का प्रयास करेगा तो स्थानांतरण नीति 2025-26 के तहत इस कृत्य को सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली-1956 के नियम-27 का उल्लंघन मानते हुए उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली-1999 यथा संशोधित के सुसंगत प्राविधान के तहत कार्रवाई करते हुए निलंबन के संबंध में भी विचार किया जाएगा।

निर्धारित अवधि में कार्यभार न छोड़ने पर संबंधित अधिकारी के संबंध में कोषाधिकारी को संसूचित करते हुए अधिकारी का वेतन भुगतान नहीं किया जाएगा। दूसरी ओर डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने डीपीओ के अब तक चार्ज न छोड़ने को लेकर सीडीओ राम कृपाल चौधरी से बात की है। बताया गया है कि वह शनिवार को रिलीव होने की बात कह रहीं हैं।

## दहेज हत्या के मामले में वांछित पति व सास गिरफ्तार

**कन्नौज।** थाना तालग्राम पुलिस मां-बेटे के शव साड़ी के फंदे से लटके मिलने के मामले में पुलिस ने दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी पति व सास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है।

बताते चलें कि रविवार को तालग्राम के ग्राम चौखटा में पिंकी पत्नी अनुज कुमार तथा उसके चार साल के बेटे रिशु के शव साड़ी से बने फंदे पर लटके मिले थे। मामले में मृतका के पिता ने तहरीर देकर पति अनुज समेत चार लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तालग्राम पुलिस टीम ने आरोपी अनुज उर्फ कल्लू (रंजीत) पुत्र पटवारी लाल व गुड्डी देवी उर्फ पुष्पा देवी पत्नी पटवारी लाल निवासीगण ग्राम चौखटा थाना तालग्राम जनपद कन्नौज को अयूबपुर अण्डर पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान सूचना पर इन दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वली टीम में तालग्राम थाने के दरोगा राजेश कुमार रावत, हेड सिपाही अवधेश सिंह, यशपाल सिंह, सिपाही बलवन्त आदि रहे।

# सड़क सुरक्षा की बैठक में फिर नो हेलमेट नो फ्यूल का राग

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- **डीएम ने दिये निर्देश, मानक विहीन स्कूली वाहनों पर करें कार्रवाई**

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में फिर से एक बार फिर से नो हेलमेट, नो प्यूल का राग अलापा गया। पहले लागू हुए नियम पर अधिकारी पालन नहीं करा सके, अब फिर से याद आ गई है।

मंगलवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। इस दौरान कहा कि बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट के वाहन चालको पर अभियान चलाकर चालान किया जाये। "नो-हेलमेट, नो-पेट्रोल" अभियान के तहत पेट्रोल पंप स्वामियों को निर्देशित किया कि दो-पहिया वाहनों को बिना हेलमेट के पेट्रोल न दिया जाये। उन्होंनें कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने के लिये रणनीति बनाकर कार्य किया जाये। सड़क दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये जाये। परिवहन, शिक्षा, लोक निर्माण आदि विभाग संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलायें। डीएम ने कहा कि जनपद में 25 नये ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये हैं। चिन्हित ब्लैक स्पॉटों पर रम्बल स्ट्रिप, स्पीड टेबल, साइन बोर्ड आदि सुरक्षा से संबंधित कार्य किये जाये। एनएचआई, एनएच, यूपीडा के अन्तर्गत अण्डरपासों पर कैमरे लगाये जाने के लिये शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जाये। उन्होनें निर्देश दिये कि मानक विहीन स्कूली वाहनों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, एआरटीओ आदि संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता की रैली निकलवाये। बैठक में एएसपी अजय कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण संजीव कुमार, एआरटीओ इज्या तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सदरजहां कट बंद होने से मुस्लिम समाज आक्रोशित

**छिबरामऊ।** एनएच 34 हाईवे स्थित सदरजहां कट को एनएचआई प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा बंद किए जाने का विरोध करते हुए सपा नेता राशिद फारूकी के नेतृत्व में तहसील पहुंचे लोगों ने उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा है।

एनएच 34 हाईवे पर रोड पार करने के लिए बनाए गए कट में से एक सदरजहां दरगाह के लिए जाता है। यहां मुस्लिम समुदायों का सबसे बड़ा कब्रिस्तान है। किसी की मौत पर इसी कट से जनाजा ले जाया जाता है। इसके अलावा मोहर्रम और चेहल्लुम में क्षतिग्रस्त हुए ताजियों को भी यहीं से ले जाकर दफन किया जाता है। अब इन सब कार्यों में समस्या उत्पन्न होगी। इसको लेकर ज्ञापन देकर कट खुलवाए जाने की मांग की है। इस दौरान शाहिद, रईस, इमरान, तनवीर, संतोष गुप्ता, वसीम, चंदू खान, रानू, अजीम इदरीसी व आकिल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# उर्वरकों व कृषि रक्षा रसायनों के अधिक प्रयोग से बढ़ा प्रदूषण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **वैज्ञानिक व विशेषज्ञों ने किसानों से प्राकृतिक खेती करने को कहा**
- **जिले में 4 हजार हेक्टेयर रकवा जैविक खेती के लिए चयनित**

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। इसमें डीडी कृषि संतोष कुमार ने बताया कि रसायनिक उर्वरकों एवं कृषि रक्षा रसायनों के लंबे समय से असंतुलित और अधिक प्रयोग से मिट्टी, जल व वायु प्रदूषण अधिक बढ़ा है।

मंगलवार को उन्होंने कहा कि मिट्टी में कार्बन की बहुत अधिक कमी हुई है। मृदा संरचना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। डीडी कृषि ने बताया कि जनपद में 2,08,973 हेक्टेयर क्षेत्रफल के सापेक्ष कुल 1,51,997 हेक्टेयर रकवा कृषि योग्य है। प्राकृतिक व जैविक खेती का क्षेत्रफल 4 हजार हेक्टेयर यानि 2.5 फीसदी चयनित है। किसानों से कहा गया कि फसल अवशेष प्रबंधों का प्रयोग कर खेत में ही सड़ाएं। मक्का कटाई व आलू की बोआई के मध्य समय में मूंग, तिल आदि फसलों की खेती करें इससे मिट्टी में सुधार होगा। वैज्ञानिक डॉ. अरविंद यादव ने बीजामृत, जीवामृत, संजीवक, दसपर्णी अर्क, निमास्त्र, ब्रहमास्त्र एवं अग्नेयास्त्र आदि बनाने व प्रयोग करने की जानकारी दी। बीज उपचार के लिए बीजामृत, मिट्टी में सूक्ष्म जीवाणुओं की संख्या बढ़ाने के लिए संजीवक व जीवामृत प्रयोग करने से फसलों को पर्याप्त पोषण मिलता है। दाने व फल स्वस्थ्य होते हैं।


विकास भवन सभागार में बात रखते सीडीओ राम कृपाल चौधरी व मौजूद अन्य >

### खेतों में ग्लाइफोसेट का प्रयोग घातक

डॉ. अरविंद यादव ने कहा कि किसान खेतों में ग्लाइफोसेट का प्रयोग न करें यह काफी घातक है। इसका प्रयोग रेलवे लाइन, नहर व सड़कों के किनारे खड़े खरपतवारों को नष्ट करने के लिए होता है। सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने किसानों को वैज्ञानिकों की ओर से बताई गई प्राकृतिक खेती करने व फसल चक्र का फायदा उठाने को कहा। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र अंकित अनुरागी के गलत चाल चलन एवं अराजक तत्वों के साथ उठने बैठने को लेकर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। उसके द्वारा किये गये कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **कृष्णा कुमारी पुत्री मंगल निवासी – नई बस्ती, पठानपुरा राठ (हमीरपुर) उ0प्र0**


**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी संख्या 212073648 में मेरा नाम महेशा अंकित है, जबकि सभी आईडी प्रूफ में अनीता देवी पत्नी पुरुषोत्तम लाल माधौपुर सुल्तानपुर अरखा ऊंचाहार जिला रायबरेली दर्ज है। महेशा पत्नी पुरुषोत्तम लाल और अनीता पत्नी पुरुषोत्तम लाल दोनों ही नाम मेरे हैं। मैं दोनों नामों से जानी जाती हूं।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं Arun Pandey पुत्र राम करन पाण्डेय, निवासी– W/20, मानस नगर, अलीनगर सुनहरा, संत साईं पब्लिक स्कूल के पास, लखनऊ, उ0प्र0–226023, मेरी पुत्री Sakshi Pandey के सभी शैक्षिक दस्तावेजों (हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक आदि) में मेरा नाम त्रुटिवश – Arun Kumar Pandey अंकित हो गया है, जो कि गलत है। जबकि सत्य एवं वास्तविक नाम Arun Pandey है, जो कि आधार कार्ड नं0–45580218 8219 में दर्ज है। अतः मेरा वास्तविक नाम Arun Pandey उपरोक्त पुत्री – Sakshi Pandey के समस्त दस्तावेजों (हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक आदि) में मान्य किया जाय।

**सूचना**
मेरा पुत्र दीपक दीक्षित गलत संगत में पड़ गया है। इस कारण मैंने उससे सम्बंध विच्छेद कर लिए। यदि उससे कोई किसी प्रकार का लेन देन करता है। तो वह इसका स्वयं जिम्मेदार होगा। मैंने उसे अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **विजय कुमार पुत्र रघुवीर सहाय, निवासी– 89 यमुना विहार कालोनी – करनपुरा, इटावा**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **सिमरह सिद्दीक पुत्री उमर सिद्दीक तबरेज, निवासिनी–544क/44 सरदार नगर कैम्पवेल रोड, बालागंज लखनऊ,** मेरी सही एवं वास्तविक जन्मतिथि 11–02–2010 है जोकि आधार कार्ड पर भी अंकित है। लेकिन मेरे हाईस्कूल के शैक्षिक अभिलेखों में त्रुटिवश मेरी जन्मतिथि 10–02–2010 अंकित हो गयी है जो गलत है। अतः मेरी सही एवं वास्तविक जन्मतिथि हाईस्कूल के शैक्षिक अभिलेखो में दर्ज किया जाय।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र सैयद रजा का चाल–चलन ठीक नहीं है। वह मेरा भरण पोषण नहीं करता है और आए दिन झगड़ा लड़ाई करता है। जिससे तंग होकर मैं उसे अपने संपूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई भी वास्ता सरोकार नहीं होगा। **अहमद रजा पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद राजा निवासी – मोहल्ला बमपुलुस, कस्बा व थाना एवं तहसील– करनैलगंज जिला गोंडा**






**आज का मौसम**

बुधवार को बादल छाए रहने के साथ जिले में कई स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं।

35.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:07

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# डबलडेकर बस में लगी आग, बाल-बाल बचे सवार

## एक्सप्रेस वे पर देर रात हादसा, चालक की सूझबूझ आई काम, बिहार से दिल्ली जाते समय तिर्वा के 185 किलोमीटर पर दुर्घटना

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर चलती डबलडेकर बस में अचानक आग लग गई। इससे बस सवार यात्रियों में चीखपुकार मच गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को रोक दिया। इसके बाद मौके पर पहुंची यात्रियों को सुरक्षित उतार कर उन्हे दूसरे वाहनो से गंतव्य को रवाना किया। इसके बाद दमकल व पुलिस की टीम ने किसी तरह से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक पूरी बस जल चुकी थी।

बिहार से एक डबलडेकर बस 50 से अधिक यात्रियों को लेकर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के रास्ते दिल्ली जा रही थी। सोमवार/मंगलवार की रात करीब दो बजे जैसे ही बस तिर्वा कोतवाली के 185 किलोमीटर पचोर गांव के पास पहुंची तो उसके इंजन से धुआं निकलने लगा। यह देखकर चालक ने आनन फानन बस को रोककर बस सवार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालना शुरू कर दिया। बस में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल कर्मियों ने आग पर कडी मशक्कत के बाद काबू पाया। कोतवाल बीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि बस विहार से यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही थी। तभी बस में आग लग गई। आग लगते ही बस सवार यात्रियों को सुरक्षित निकाल कर उन्हे दूसरे वाहनों से अपने अपने गंतव्य को रवाना किया गया। आग से बस जलकर नष्ट हो गई।




आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर जली डबल डेकर बस व आग पर काबू पाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

### शव लेकर जा रही कार डिवाइडर से टकराई, पांच लोग घायल

● **तिर्वा।** एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकराकर कार पलट गई। उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। गोरखपुर के न्यू कालोनी माधवपुर निवासी महेंद्र पुत्र सूरज, मायाबाजार गोरखपुर निवासी मीना पत्नी सुरेंद्र, निकिता पुत्री सुरेंद्र, अमृता पुत्री सुरेंद्र, एटा के जीमराबाद निवासी अरबिंद पाल पुत्र जयचंद अपने परिवार के सदस्य की दिल्ली में मौत हो जाने के बाद वहां गए थे। सभी लोग कार से शव लेकर गोरखपुर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए दिल्ली से गोरखपुर जा रहे थे। जैसे ही वह ठठिया थाना क्षेत्र के 202 किलोमीटर पर पहुंचे तो अचानक चालक को झपकी आने से कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में सभी लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे यूपीडा कर्मचारियों ने घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।

## एक्सप्रेस वे पर पिकअप पलटने से आम व्यापारी की मौत, कोहराम

**तिर्वा, कन्नौज।** एक्सप्रेस वे पर आम से लदी पिकअप पलट जाने से उसमे सवार एक व्यापारी की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।

लखनऊ के देवरीगोडा निवासी राजेश कुमार (23) पुत्र ओमप्रकाश, किशन (30) पुत्र छुन्नी अपने साथी नवीपन्ना निवासी महादेव (45) लखनऊ से सोमवार की देर रात पिकअप पर आम लाद कर इटावा जा रहे थे। जैसे ही उनकी पिकअप तालग्राम थाना क्षेत्र के 170 किलोमीटर पर पहुंती तो अनियंत्रित होकर पलट गई। पिकअप सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची यूपीडा एंबुलेस कर्मी घायलों को मेडिकल कालेज ले आए जहां डाक्टरों ने महादेव को मृत घोषित कर घायलो को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हाईवे पर हुए हादसे में जख्मी पति पत्नी ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

संवाददाता सौरिख

● **भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच**

**अमृत विचार।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर 11 दिन पहले हुए सड़क हादसे में घायल दंपति की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

लखनऊ के गांव आट गढ़ी सौरा थाना माल निवास सुशील कुमार पुत्र स्व. श्याम सुंदर ने थाने पहुंचकर तहरीर दी कि भाई राम प्रकाश शर्मा अपनी आल्टो कार से 12 जून 25 को वृंदावन से पत्नी दीपा, पुत्री जूही, भतीजा रजत पुत्र सुरेश कुमार, दिव्या पुत्री अशोक कुमार के साथ घर वापस आ रहे थे। 13 जून.25 की रात लगभग 12.15 बजे जैसे ही इनकी कार आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 152 के पास पहुंची तभी आगे चल रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लगा दी। इससे उनकी कार टकरा गई। कार सवार सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। भतीजे रजत ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। पुलिस की सहायता से सभी घायलों को मिनी पीजीआई सैफई भर्ती कराया गया जहां पर राम प्रकाश शर्मा और दीपा की आइकॉन हॉस्पिटल लखनऊ में इलाज के दौरान उसी दिन मृत्यु हो गई । घटना की जानकारी भतीजे रजत ने फोन पर दी थी । पुलिस ने मामला पंजीकृत कर लिया।

## एक नजर

### सपा नेता की पत्नी के निधन पर अखिलेश ने जताया शोक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सपा नेता की पत्नी के देहांत की सूचना पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दुख जताया है। मालूम हो कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला दिलू निवासी सपा नेता कुलदीप सिंह यादव की धर्मपत्नी दीपा यादव का 8 जून को आकस्मिक निधन हो गया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चिट्ठी भेजकर दुख व्यक्त किया है।

### दबंगों ने खेत मे लगे पौधे उखाड़े, पुलिस से शिकायत

**सौरिख।** खेत में लगे आम के पौधे दबंगों ने उखाड़ कर फेंक दिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत की तो पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। थाना क्षेत्र के गांव कठिगरा निवासी बृजेश कुमार सविता पुत्र छोटेलाल सविता में बताया कि उसने अपने खेत में लगभग 50 पौधे आम के लगाए थे। पड़ोसी गांव भटपुरी निवासी कुछ लोगों ने एक दिन पूर्व धमकी देते हुए आम के पौधों को उखाड़ देने की बात कही थी। सोमवार रात उक्त लोगों ने सभी पौधों को उखाड़ कर फेंक दिया। उसने न्याय के लिए गुहार लगाई है।

### ससुर करते मारपीट धमकी भी देते हैं

**छिबरामऊ, कन्नौज।** महिला ने अपने ससुर पर गालीगलौज करने, मारपीट और घर से निकाल देने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। बिकुपुर निवासी अनामिका पत्नी अंकित दुबे ने बताया कि आए दिन उनके ससुर गंदी-गंदी गालियां देकर मारपीट करने पर आमादा रहते हैं और घर से निकालने की धमकी देते हैं। उनका आरोप है कि मंगलवार को भी ससुर गालीगलौज कर रहे थे, जिसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने तथा घर से निकल देने की धमकी दी है। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस की है।

### मकान के विवाद में बहनों को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम इस्माइलपुर निवासी लाडली बेगम पुत्री शाहिद ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि मकान के विवाद को लेकर चार लोगों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। उसने विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आई उसकी बहन सीमा को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## ओ लेवल, ट्रिपल सी को मिलेगा निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● **14 जून से 14 जुलाई तक होंगे ऑनलाइन आवेदन**

● **पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 1 वर्ष व 3 महीने की मिलेगी ट्रेनिंग**

**अमृत विचार।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थाओं में अन्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को ओ लेवल और सीसीसी कंप्यूटर का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन शुरू हो गए हैं।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय ने बताया कि ओ लेवल का प्रशिक्षण एक साल और ट्रिपल सी का 3 महीने का दिया जाएगा। 1 लाख रुपये सालाना आमदनी तक के प्रमाण पत्र वाले अभ्यर्थी इसमें आवेदन कर सकते हैं। 18 से 35 साल उम्र व शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट होनी चाहिए। युवक-युवतियों को चालू वित्तीय वर्ष में किसी अन्य शैक्षिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की स्थिति में वजीफा व शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का लाभ अनुमन्य नहीं होगा। कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम 75 फीसदी बायोमैट्रिक उपस्थिति जरूरी है। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट backwardwelfareup.gov.in पर दिए लिंक obccomputertraining.upsdc.gov.in पर अंतिम तारीख 14 जुलाई तक होंगे। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट निकालकर सभी अभिलेखों समेत विकास भवन में स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा करेंगे। बताया गया है कि आवेदन 14 जून से शुरू हो चुके हैं। अभ्यर्थी के पास आय, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के शैक्षिक प्रमाण पत्र होने जरूरी हैं।

# गुरसहायगंज में डंपर ने बाइक में मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** थाना गुरसहायगंज क्षेत्र के अंतर्गत पडुआपुर गांव के सामने बालू से लदा एक तेज रफ्तार डंपर दो बाइक सवार युवकों को कुचलता हुआ निकल गया। दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही आस-पास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और सड़क पर जाम लगा दिया। गुस्साई भीड़ ने डंपर में जमकर तोड़फोड़ की और शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मृतकों की पहचान प्रभाकांत वर्मा पुत्र उमाशंकर निवासी गुगरापुर और अजय पुत्र बिंदर निवासी हंसपुरवा पोस्ट गुगरापुर के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक बाइक से किसी काम से जा रहे थे, तभी बालू लेकर आ रहा डंपर अनियंत्रित होकर उन पर चढ़ गया। घटना स्थल पर खून से सनी सड़क और क्षतिग्रस्त बाइक देख हर किसी की रूह कांप उठी। परिजनों और ग्रामीणों ने शवों को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और प्रशासनिक अमले के देर से पहुंचने पर नाराजगी जताई।



सड़क हादसे में जान गंवाने वाले युवकों के परिजन बिलख पड़े।

आक्रोशित लोगों ने डंपर को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गुरसहायगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाने के प्रयास शुरू किए। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि हादसे की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी चालक व संबंधित ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की जाए। यह दुर्घटना न सिर्फ दो घरों की खुशियां छीन ले गई, बल्कि एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर गई कि बालू ढोने वाले ओवरलोड और लापरवाह डंपरों पर लगाम कब लगेगी?

## बंटवारे से नाराज पुत्र ने पिता व भाई को पीटा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** घरेलू जमीन के बंटवारे से नाराज बड़े बेटे ने पिता को लाठी डंडों से पीटा। बचाने आए छोटे भाई को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

सबलपुर निवासी अखिलेश ने बताया है कि उन्होंने अपनी घरेलू जमीन का हिस्सा बंटवारा कर दिया है। इसी बात को लेकर मंगलवार की सुबह बड़े पुत्र को गाली देने से मना किया तो मारपीट करने पर आमादा हो गया। बचाने आए छोटे बेटे के साथ भी मारपीट कर दी।

# बलिदान दिवस पर याद आई रानी दुर्गावती

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● **सपा कार्यालय में हुए कार्यक्रम में दी गई पुष्पांजलि**

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महान वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया। उनके चित्र पर सपाइयों ने पुष्प अर्पित किये।

मंगलवार को सपा कार्यालय में आयोजित हुए कार्यक्रम में वीरांगना के बलिदान को याद किया गया। बताया गया कि 24 जून को पूरा भारतवर्ष वीरांगना के बलिदान दिवस को मानता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष मो. कलीम खान, पी.पी. सिंह बघेल विधानसभा अध्यक्ष सदर कन्नौज, संतोष यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, हसीब हसन प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा, विजय सिंह यादव जी, श्री अनुराग यादव, राजपाल सिंह राजू, चंद्रभान सिंह दोहरे, विवेक पाल, आनंद बाबू यादव, राकेश कटियार, शाहिद वारसी, मुजम्मिल खान, दरोगा कटियार, कमलेश कटियार, राकेश कठेरिया, राजकुमार द्विवेदी, ओम जी तिवारी, बीरेंद्र सिंह कटियार, राजू अली, इमरान अली, अभिषेक यादव, संजीव यादव, मौजूद रहे।



महान वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाते सपाई। अमृत विचार


## सार-संक्षेप



शहर के मोहल्ला शेखाना में साईबर अपराधों के प्रति जागरुक करते साइबर थाने के दरोगा इमरान खान। अमृत विचार

### साइबर अपराधों के प्रति लोगों को किया जागरूक

**कन्नौज।** साइबर अपराधों से बचाव के लिये साइबर थाना पुलिस ने शहर में लोगों को घूम घूमकर जागरुक किया। पूरे देश में साईबर ठगों के चंगुल में फस कर लोग अपनी मेहनत की कमाई को गंवा रहे हैं। साईबर अपराधों पर अंकुश लगाने व इससे बचने के लिये जिले के साइबर थाने के दरोगा इमरान खान ने शहर के मोहल्ला शेखाना में प्रचार किया। बताया कि साइबर ठग किसी भी भेस में मोबाइल पर काल कर ठगी कर सकते हैं। फोन पर मांगी गई बैंक या आधार या ओटीपी की जानकारी न दें। अनजान नंबर से की गई कॉल को रिसीव न करें। किसी भी लिंक को क्लिक न करें। फोन पर अपने को किसी तरह का अधिकारी बता कर परिजनों को किसी गंभीर मामले में फसे होने की बात बता कर ठगी करने वालों से सावधान रहे। इस तरह की कॉल आने पर पहले अपने संबंधित से बात करें। इस तरह की अनेकों जानकारी देने के साथ ही साईबर क्राइम होने पर संबंधित फोन नंबर पर तत्काल जानकारी देने को कहा गया।



प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौपते किसान यूनियन जन शक्ति के पदाधिकारी। अमृत विचार

### किसानों की समस्याओं को लेकर किसान यूनियन करेगी प्रदर्शन

**कन्नौज।** खाद की महंगाई, बिजली कटौती, महंगी बिजली के विरोध में भाकियू जनशक्ति ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपकर समस्या समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। संगठन जिलाध्यक्ष अभिषेक यादव ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अविनाश गौतम को दिए ज्ञापन में मांग की है कि नकली खाद व कीटवनाशक की बिक्री पर रोक लगाई जाये। सहकारी समितियों पर समितियों में खाद पहुचाई जाये। डीएपी के रेट 1240 रुपये है पर निजी दुकान पर 1850 से 1900 रुपये में बेंची जा रही है इस पर रोक लगाई जाये। नकली खाद व कीटनाशक पर रोक लगाईजाये। नकली खाद, बीज, कीटनाशक बेंचने वालों पर कार्रवाई की जाये।फसल बीमा योजना का लाभ किसानों को दिलाया जाये। कहा कि यदि मांगें पूरी नहीं होंतीं तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### धर्म और सत्य मार्ग पर चलने वालों को अपनाते हैं भगवान

**सौरिख।** नगर के सकरावा रोड पर छठवें दिन श्रीमद्भागवत कथा में पं. तिलकेंद्र शेखर त्रिपाठी ने रावण वध एवं श्री राम के राज्याभिषेक की कथा में वर्णन किया। कहा कि हमें कभी भी अपने ज्ञान और शक्तियों का अभिमान नहीं करना चाहिए। रावण प्रकांड विद्वान होते हुए भी सिर्फ अभिमान के कारण अधर्म की नीति पर चला जिसके कारण भगवान श्री राम ने सत्य और धर्म की रक्षा के लिए उसका वध किया। पंकज दुबे एवं रेनू दुबे ने व्यास पीठ पर कथा व्यास को सम्मानित कर भगवान राम की प्रतिमा भेंट की। परीक्षित अशोक दुबे, पत्नी सुरवाला देवी ने संपूर्ण कथा का रसपान किया। पूर्व चेयरमैन संजय चतुर्वेदी ने आयोजकों को माला, पगड़ी एवं अंग वस्त्र पहना एवं राधा कृष्ण जी की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया।इस दौरान मनोज त्रिपाठी, अरविंद बाजपेई, विनोद दुबे, राधेश्याम दुबे, ग्रीस तिवारी, शिवेंद्र दुबे, मयंक त्रिपाठी, दीपू त्रिपाठी, अशोक राठौर, राहुल दुबे, रचित दुबे आकाश, विकाश, अतुल दुबे आदि सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

### बाइक फिसलने से बाइक चालक घायल

**सौरिख, कन्नौज।** तेज रफ्तार बाइक फिसलने से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। कस्बा के गांधीनगर निवासी संजीव शर्मा पुत्र ब्रह्मानंद शर्मा किसी काम से मंगलवार को परौर की तरफ गए हुए थे। शाम समय लगभग 5 बजे घर आते समय तेज रफ्तार बाइक फिसल गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। यहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### रंजिश को लेकर मारपीट, तीन घायल

**गुरसहायगंज।** रंजिशन दो पक्षों में गाली गलौज के बाद जमकर लाठी डंडे चले। इसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। क्षेत्र के ग्राम मझपुरवा निवासी मुन्नी देवी पत्नी सुरेश चंद्र ने कोतवाली पुलिस को बताया है कि 23 जून 2025 की रात 10 बजे वह गांव में एक बारात को देखने गई हुई थी। तभी गांव के ही तीन लोगों ने रंजिश को लेकर उसके साथ गालीगलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने आए जेठ रामू और बेटी सुहाना को भी मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक ने पैंट से फंदा बना कस लिया गला, मौत

**तिर्वा।** वैसापुर पट्टी गांव में किसी बात से नाराज युवक ने गले में पैंट से फंदा बनाया और गला कसकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली के वैसापुर पट्टी गांव निवासी प्रमोद कुमार (30) पुत्र गोपीलाल सोमवार देर रात घर से कुछ बताए बिना निकल गया और रात भर वापस नही आया। जब मंगलवार की सुबह ग्रामीण शौच के लिए खेतो की ओर गए तो गांव के बाहर आम के पेड़ पर उसका उसकी ही पैंट से बने फंदे से शव लटका देखा। जानकारी पाकर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई सोनू ने पुलिस को सूचना देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की।

**पहल** | तिर्वा के निकट बेला रोड से रविवार की रात में वन स्टॉप सेंटर की टीम लाई

# शिक्षक की सूचना पर महिला को मिला आसरा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● **स्वास्थ्य परीक्षण को जिला अस्पताल पहुंचने पर मानसिक मंदित महिला ने किया हंगामा**

**अमृत विचार।** जिले के कुछ शिक्षक स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के साथ ही समाजसेवा भी करते हैं। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। इससे मानसिक मंदित महिला को आसरा मिल गया है। अध्यापक की सूचना किसी तरह जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी व वन स्टॉप सेंटर पहुंची। रात में पीड़िता को केंद्र पर लाया गया। उसके बाद स्वास्थ्य परीक्षण हुआ और गुरसहायगंज स्थित मानसिक मंदित आश्रय गृह लकी हेल्थ डेवलपमेंट एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी में भेज दिया गया।

उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल महसौनापुर के प्रधानाध्यापक वैभव राजपूत ने बताया कि विद्यालय से आने-जाने के दौरान वह तीन-चार दिनों से तिर्वा-बेला रोड पर एक पुलिया के निकट महिला को देख रहे थे। इसकी सूचना उन्होंने स्थानीय लोगों को दी लेकिन कोई राहत नहीं मिली। उसके बाद कन्नौज में जानकारी भेजी। किसी तरह यह बात शहर के विनोद दीक्षित अस्पताल परिसर में संचालित वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक विनीता कुमारी के पास पहुंची। उन्होंने रविवार की शाम तिर्वा पहुंचकर स्थिति देखी। उन्होंने बताया कि महिला बड़बड़ा रही थी, इससे लगता है कि वह मानसिक रूप से काफी परेशान है। इस वजह से तिर्वा कोतवाली से महिला पुलिस का सहयोग लिया। बाद में पीड़िता को वन स्टॉप सेंटर में रखा, जहां उसने काफी हंगामा किया। भोजन व कपड़े भी दिए गए। अगले दिन सुबह जिला अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए भेजा गया। वहां भी हंगामा किया। केंद्र प्रशासक ने बताया कि जांच होने के बाद वन स्टॉप सेंटर की स्टॉफ नर्स रीता व महिला कांस्टेबल आकांक्षा राजावत के साथ मानसिक मंदित आश्रय गृह भेजा गया। पीड़िता अपना नाम रेनू रितिका और रहने वाली कानपुर की बता रही है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि महिला को केंद्र पर रख लिया गया है। यहां आवासीय व सभी निशुल्क सुविधाएं मिलती हैं।




गुरसहायगंज के मानसिक मंदित आश्रय गृह में खड़ी महिला व वन स्टॉप सेंटर की स्टाफ नर्स और अन्य लोग। अमृत विचार

# प्रेमिका की हत्या कर जान देने वाले के पिता को भेजा जेल

**फॉलोअप**

संवाददाता, सौरिख

● **पुलिस ने बंदूक के रखरखाव को लेकर लापरवाही को गंभीर बात माना है**

**अमृत विचार।** दो दिन पहले रात के समय सो रही प्रेमिका की हत्या के बाद खुद भी गोली मारकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतक युवक के पिता को गिरफ्तार किया है। वारदात को उसकी ही लाइसेंसी बंदूक से अंजाम दिया गया था। पुलिस ने बंदूक के रखरखाव को लेकर लापरवाही को गंभीर बात माना है।

मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव कुठिला निवासी महिपाल सिंह यादव उर्फ फौजी पुत्र महेंद्र सिंह यादव (60) को पुलिस ने एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड नगला भजू तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि सोमवार तड़के लगभग 3 बजे महिपाल के पुत्र देवांशु ने उसकी लाइसेंस बंदूक से थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में अशोक कुमार की पुत्री दीप्ती पाल की उसके घर में सोते समय गोली मार कर हत्या कर दी थी। इसके बाद लगभग 15 मीटर दूर जाकर खुद को भी गोली मारकर जीवन लीला समाप्त कर ली थी।

दीप्ती के पिता अशोक कुमार पाल की तहरीर पर पुलिस ने मामला पंजीकृत करते हुए मंगलवार दोपहर महिपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उधर, पोस्टमार्टम के बाद दोनों के परिवार के सदस्य शव लेकर अपने-अपने गांव पहुंचे। इसके बाद सोमवार को देर शाम पुलिस की मौजूदगी में गांव में ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया था।

# मक्का खरीद में किसानों को किया जा रहा गुमराह

## भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला अध्यक्ष विजय कटियार के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं में कलेक्ट्रेट पहुंचकर पंचायत करके कई मुद्दों पर निर्णय लिया है। बाद मे अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया है जिसमें कहा है कि यदि मांगें पूरी न हुईं तो 7 जुलाई को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा ।

उन्होंने कहा कि ढाई घाट से फर्रुखाबाद होते हुए श्रंगीरामपुर तक गंगा के दोनों तरफ बांध बनाया जाए जिससे जनपद के किसानों की खेती को बाढ़ से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि अमृतपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा गुडेरा के मजरा हीरानगर से लेकर भावन तक राम गंगा के किनारे बांध बनाए जाने की मांग की है । उन्होंने कहा कि जनपद में मक्का खरीद केंद्र बनाए गए हैं जहां पर सही ढंग से कार्य नहीं हो रहा है बल्कि अनियमिताएं बरती जा रही हैं।

किसानों को किसी भी तरीके की सहूलियत नहीं दी जा रही है । उन्होंने जिला प्रशासन से किसानों के हित को ध्यान में रखकर मक्का खरीद केंद्रों पर हो रही घटतौली को लेकर जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर हमारी यह मांगें पूरी नहीं हुईं तो 7 जुलाई को जिला मुख्यालय पर आंदोलन किया जाएगा।



किसान नेता अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते हुए।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते किसान नेता ।

### भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति ने कहा मृदा परीक्षण में हो रहे घोटाले

**फर्रुखाबाद ।** भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। बाद में नगर मजिस्ट्रेट को मांगों का ज्ञापन सौंपा। नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल को दिए ज्ञापन में कहा है कि मृदा परीक्षण के नाम पर किसानों के साथ छल किया जा रहा है। यही नहीं इस परीक्षण में प्रयोगशाला में लाखों रुपए का घोटाला किया जा चुका है। इसकी जांच कराए जाने की मांग की है ।

यूनियन ने कहा कि एक तो बिजली नियमित मिलती नहीं है और और 30% प्रतिशत बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ दी है । यूनियन ने इस तरह के आदेशों को तत्काल वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मनरेगा और नरेगा के द्वारा जो ग्राम पंचायत में काम कराए जा रहे हैं उसमें भी ग्राम प्रधान और सचिव मिलकर लाखों का गोलमाल कर रहे हैं, इसकी भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद के खाद एवं कीटनाशक दवाएं धड़ल्ले से दुकानों पर नकली बिक रही हैं । इस संबंध में ज्ञापन दिया गया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि नकली बीज और खाद खेतों में डालने से फसले बर्बाद हो रही हैं। साथ ही जमीन की मृदा शक्ति भी कम हो रही है । किसान नेताओं ने जिला प्रशासन से जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## पुत्री के ससुरालियों ने पिता व पुत्री से की मारपीट

**कायमगंज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में पुत्री के ससुरालियों ने पिता व पुत्री के साथ मार-पीट की जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

जनपद शाहजहांपुर के थाना परौर क्षेत्र के गांव भैमंगी खेड़ा निवासी मंगूलाल ने बताया कि उसने तीन साल पहले अपनी पुत्री प्रियंका की शादी का अकाखेड़ा निवासी श्रीपाल से की थी। शादी के बाद कुछ महीनों तक तो सब कुछ सही चलता रहा लेकिन फिर दामाद ने उसकी पुत्री को मारना पीटना शुरू कर दिया। उसने उसकी पुत्री को लोहे की सरिया से मारा पीटा। उसकी पुत्री ने घटना की जानकारी अपने पिता को दी। शरीर पर चोटों के निशान देखकर जब उसने अपने दामाद से कहा तो वह गालियां देने लगा। जब इसका विरोध किया तो दामाद व उसके घर वालों ने दोनों को मार-पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## सार-संक्षेप



अवैध वसूली रोके जाने के लिए ज्ञापन दिया गया। अमृत विचार

### सातनपुर मंडी में लाइसेंस नवीनीकरण में हो रही धांधली

फर्रुखाबाद । व्यापार बन्धु की बैठक मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में ई–रिक्शा संचालन, रूट निमार्ण, पार्किंग व्यवस्था, अतिक्रमण के सम्बन्ध में, मिलावटखोरों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही, सातनपुर मण्डी समिति में लाइसेंस नवीनीकरण मे पिछला बकाया होने पर भी लाइसेंस नवीनीकरण नहीं हो रहा, नाप तौल विभाग द्वारा प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा नवीनीकरण के नाम से अवैध वसूली रोके जाने के लिए ज्ञापन दिया गया। इस दौरान बैठक में मनोज मिश्रा जिलाध्यक्ष, लाखन सिंह वरि .उपाध्यक्ष/जिला प्रवक्ता, युवा अध्यक्ष अभिषेक वाजपेई, अजय मेहरोत्रा नगर अध्यक्ष, संजय गुप्ता, शरद गुप्ता, प्रशान्त कुमार शाक्य, मनोज दीक्षित, संजीव वर्मा, अजय सिंह ,अमित गुप्ता आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रदेश कार्यकारिणी में प्रतिभा यादव मनोनीत

फर्रुखाबाद । समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव द्वारा फतेहगढ़ निवासी समाजवादी नेता प्रतिभा यादव को प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य पद पर मनोनीत किया है । इस महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्ति के पश्चात प्रतिभा यादव ने लखनऊ से फोन पर समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव से वार्ता करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा एवं लगन से समाजवादी महिला सभा की गतिविधियों को जनपद में मजबूत करेंगी। उन्होंने यह विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी को जनपद की चारों सीटों पर ऐतिहासिक जीत दिलाने में महिला सभा की निर्णायक भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव से शीघ्र मिलकर उनका आशीर्वाद लेंगी तथा उनके मार्गदर्शन में पार्टी संगठन को और सशक्त बनाएंगी। इस मौके पर जनपद के अनेक समाजवादी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रतिभा यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ।



कादरी गेट थाना का निरीक्षण करती पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

### एसपी ने किया औचक निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

फर्रुखाबाद । मंगलवार को पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा थाना कादरीगेट का औचक निरीक्षण कर थाने की साफ–सफाई व्यवस्था को देखा। पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों के रख–रखाव, सीसीटीएनएस कार्यालय, हवालात, मेस, बैरकों आदि का भी निरीक्षण किया । इस दौरान थाने पर मौजूद बीट आरक्षियों की बीट बुक चेक की गयी। पुलिस अधीक्षक ने थाना क्षेत्र में पड़नें वाले एचएस, सक्रिय अपराधी, टॉप 10 अपराधियों के बारे में जानकारी कर थाना क्षेत्र के अधिकारी/ कर्मचारीगण को बीट प्रणाली, शस्त्र का भौतिक सत्यापन व यातायात के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।



चौकी का निरीक्षण करते एसपी डॉ . दुर्गेश कुमार।

### एसपी ने चौकी की जर्जर स्थिति को देखकर मांगा स्टीमेट

जालौन। पुलिस अधीक्षक डॉ . दुर्गेश कुमार ने पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मोहर्रम के पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने के साथ ही चौकी भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए तत्काल स्टीमेट बनाकर भेजने के निर्देश दिए हैं। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने चौकी परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि भवन की दीवारों में कई स्थानों पर दरारें हैं, बारिश का पानी रिसता है, खिड़कियां टूटी हुई हैं, जिससे चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों को खराब मौसम में काम करने में दिक्कत होती है। इसके अतिरिक्त परिसर में शौचालय की हालत भी ठीक नहीं थी। नए शौचालय की आवश्यकता है। एसपी ने भवन में आवश्यक कार्यों के निर्माण के लिए स्टीमेट बनाकर भेजने के निर्देश दिए। वहीं, मोहर्रम जैसे संवेदनशील पर्व को देखते हुए मोहर्रम पर्व की तैयारियों, और ताजियों की संख्या, जुलूस मार्ग आदि को लेकर जानकारी ली। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस फोर्स तैनात करने की बात कही।

### सपा मुखिया अखिलेश यादव आज फर्रुखाबाद आएंगे

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज दोपहर 1.30 बजे मोहल्ला बीबीगंज स्थित छोटे सिंह गेस्टहाउस पहुंचेंगे। दिवंगत पूर्व सांसद छोटे यादव के त्रयोदशी संस्कार में श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद दुखी परिवार को शोक संवेदना व्यक्त करेंगे

# जगदंबा सरस्वती का स्मृति दिवस मनाया

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जगदंबा सरस्वती का स्मृति दिवस जटवारा जदीद अंगूरीबाग सेवाकेंद्र में श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया।

मां जगदंबा सरस्वती जिन्हे ओमराधे के नाम से भी जाना जाता था। दिव्यगुणों, श्रेष्ठ आचरण एवं मात्रक स्नेह के कारण सभी उन्हें प्यार से मम्मा कहते थे। केंद्र संचालिका राजयोगिनी बी.के. शोभा बहन ने बताया कि ओमराधे ने मात्र 17 वर्ष की आयु में अपना संपूर्ण जीवन ईश्वरीय मार्ग में समर्पित कर दिया, विश्व की सर्व आत्माओं के प्रति ममता और करुणा की भावना से पूर्ण मां जगदंबा ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका बनीं। मातेश्वरी जगदंबा धैर्यता की अवतार थीं।

शांति की अवतार थीं, पवित्रता की अवतार थीं, मम्मा अपने से छोटों को भी बहुत सम्मान सूचक शब्दों से संबोधित करती थीं। मां जगदंबा का जीवन सादगी और सरलता से संपन्न था। शोभा दीदी ने यह भी बताया कि जगदंबा मां का व्यक्तित्व समस्त नारी जगत के लिए गौरव और प्रेरणा का स्रोत था। मम्मा ने आध्यात्मिक शक्ति के द्वारा मानवता की सेवा के पथ को उस समय चुना जब नारियों को घर से बाहर निकालने की अनुमति नहीं होती थी। भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए मातेश्वरी मां का यह त्याग समर्पण और सेवा तथा विश्व के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। संतोष बहन ने कहा कि मम्मा आधुनिक युग की चैतन्य देवी थीं।

इस मौके पर कुमारी श्रेया और कुमारी खुशी ने भी मम्मा की विशेषताएं बताईं। इस मौके पर सभी ने सारा दिन योग तपस्या कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की एवं ब्रह्मा भोजन स्वीकार किया। केंद्र में कई भाई-बहन भी उपस्थित रहे।



जगदंबा सरस्वती का स्मृति दिवस मनाते भाई बहन।

## वृद्ध बागवान की हादसे में मौत

**फर्रुखाबाद ।** कमालगंज में सड़क पार करने के दौरान अचानक वृद्ध बागवान को तेजरफ्तार वाहन नें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई

कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगला दाऊद निवासी 70 वर्षीय शमसुद्दीन खान का मंडी समिति के पीछे आम का बाग है।जहां से वह रखवाली करके सुबह वह मंडी समिति के सामने घर जानें के लिए सड़क पार कर रहा था, उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे शमसुद्दीन की हालत नाजुक हो गयी। उसे सीएचसी कमालगंज लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर 108 एम्बुलेंस से लोहिया अस्पताल भेजा गया। जहां से परिजन बढ़पुर के एक निजी चिकित्सक के पास लेकर गये, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजन शव लेकर चले गये। मामले की जांच की जा रही है।

# आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में नई शिक्षा नीति पर विशेष सत्र

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, श्यामनगर में चल रहे दस दिवसीय नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के तृतीय दिवस का शुभारंभ वंदना सत्र से हुआ।

इस अवसर पर प्रमुख अतिथियों के रूप में स्वदेश कुमार दुबे (विभाग पर्यावरण प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), स्वदेश गंगवार (जिला शासकीय अधिवक्ता, फौजदारी विभाग) एवं अयोध्या प्रसाद मिश्र (प्रदेश निरीक्षक, विद्या भारती कानपुर प्रान्त) व विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेई जी उपस्थित रहे।वंदना सत्र के बाद अयोध्या प्रसाद मिश्र द्वारा विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन किया गया। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए बताया कि यह नीति गुणवत्तापूर्ण, समान, सहनशील एवं जवाबदेही शिक्षा व्यवस्था को लागू करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।द्वितीय सत्र में विद्यालय की आचार्य माला वर्मा ने पंचपदी शिक्षण पद्धति के माध्यम से बालकों की रुचि अनुसार शिक्षा देने की प्रक्रिया को समझाया गया। साथ ही ईसीसीई आधारित गतिविधियों जैसे अक्षर ज्ञान, ध्वनि परिचय, रंग, फल, वस्तु व संख्या परिचय आदि पर आधारित विभिन्न नवाचारों का अभ्यास कराया गया। खेल, चित्र, अभिनय व गतिविधि आधारित शिक्षण की उपयोगिता को भी रेखांकित किया गया। पूरे सत्र में आचार्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण वर्ग में कई लोग मौजूद रहे।

# युवक ने ट्रेन से कट कर की आत्महत्या

संवाददाता उरई जालौन

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में रिनिया रेलवे क्रॉसिंग के पास एक युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली।

एट थाना क्षेत्र के ग्राम धगुवा कला निवासी धर्मेंद्र कुमार 28 वर्ष ट्रैक्टर चालक था और इसी से अपने परिवार का गुजारा करता था। बताया गया कि उसने सोमवार रात को रिनिया रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। रेलवे लाइन पर पड़े शव को देखकर राहगीरों ने पुलिस को जानकारी दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उसकी पहचान होने के बाद परिजनों को खबर दी। पुत्र की मौत होने की खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक के पिता हरनारायण ने बताया कि धर्मेंद्र की 5 साल पहले शादी शालिनी से हुई थी। लेकिन पत्नी से अनबन की वजह से वह तनाव में रहता था और पिछले 15 दिनों से वह उरई के मोहल्ला शांति नगर में किराए का कमरा लेकर परिवार से अलग पत्नी के साथ रह रहा था।

**युवक ने भाई के घर में फांसी लगाकर दी जान: उरई।** कस्बा के मोहल्ला विजय नगर निवासी पुच्चे कहार 38 वर्ष गुजरात में रहकर पानी पूड़ी का धंधा करता था। बताया गया कि वह दो दिन पहले ही गुजरात से भाई खचेरे से मिलने घर आया था। सोमवार देर शाम वह बाजार से घर पहुंचा और उसने कमरे के अंदर लगे हुक में साड़ी बांधकर आत्महत्या कर ली।मृतक के भाई खचेरे का कहना है कि उसकी अभी शादी नहीं हुई थी और वह शराब पीने का आदी हो गया था। इसी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया है।

## पत्नी के अवैध संबंधों के शक में ससुर और दामाद में हुआ संघर्ष

**उरई।** एट कोतवाली क्षेत्र में पत्नी के अवैध संबंधों के शक में ससुर-दामाद आपस में भिड़ गए।

एट कस्बा निवासी आशिक सोमवार की रात अपनी ससुराल धगुवां कला गांव जा पहुंचा। आशिक का आरोप है कि उसकी पत्नी के गांव के ही युवक से अवैध संबंध हैं। जिसको लेकर ससुर और दामाद में कहासुनी हो गई। ससुर और दामाद दोनों एक-दूसरे से भिड़ गए और उनमें मारपीट हो गई। देखते ही देखते मारपीट खूनी संघर्ष में बदल गई और चाकू व रॉड से एक दूसरे पर वार शुरू कर दिए। इससे दोनों घायल हो गए। घटना से गांव में अफरातफरी मच गई और गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। वहां पर मौजूद लोगों ने किसी तरह दोनों लोगों को लहूलुहान हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया । सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की।

# एबीवीपी ने छात्र संघ चुनाव बहाल कराने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता उरई

अमृत विचार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे को शैक्षिक संस्थानों में आ रही समस्याओं के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अवैध संचालित महाविद्यालय व प्रशिक्षण संस्थानों के कैंप कार्यलय की न्यायिक जांच, बंदेलखंड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के पठन-पाठन की समस्याओं, निजी विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, पुस्तकालयों एवं वाचनालयों की मजिस्ट्रेट जांच, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों की जांच एवं छात्राओं हेतु नवीन छात्रावासों के निर्माण की मांग सहित छात्र संघ चुनाव बहाल कराए जाने के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही की मांग की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत के प्रांत सह मंत्री चित्रांशु सिंह ने जिला प्रशासन को छात्रों की समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि नगर के शहीद भगत सिंह चौराहे पर संचालित झांसी के शैक्षिक संस्थानों के अवैध कैंप कार्यालय में प्रवेश के नाम पर अवैध वसूली सहित छात्रों के मूल प्रमाण पत्र भी जमा करा लिए जाते हैं, जो की चार-चार सालों तक वापस नहीं दिए जाते हैं, जो किसी प्रावधान में नहीं है। इस मौके पर विभाग संयोजक अभय दुबे, जिला संयोजक सहयोग नामदेव, सहसंयोजक कार्तिक पालीवाल, विभाग छात्रा प्रमुख अलशिफा, नगर मंत्री अमन पांडा, सूर्यांश राजावत, आदि मौजूद रहे।



जिलाधिकारी को ज्ञापन देते विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह मंत्री चित्रांशु सिंह व अन्य।

पीस कमेटी की बैठक

मोहर्रम को देखते हुए मंगलवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई

# मोहर्रम में नई परंपरा की शुरुआत न करें ताजियादार :डीएम

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार ।** मोहर्रम को देखते हुए मंगलवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार भी मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लोगों से त्योहार को परंपरागत एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि कोई नई परंपरा की शुरुआत नहीं होनी चाहिए। डीएम ने कहा कि कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे। उन्होंने विद्युत निगम को ताजिया मार्गों के जर्जर तारों के बदलने और लटके तारों को टाइट करने को कहा। साथ ही सड़कों के गड्ढे भरने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी और नगर पालिकाओं को दी। कई स्थानों पर सीवर की समस्या ताजियादारों ने बताई। इसे ठीक करने के लिए जलकल से कहा गया। डीएम ने शांति समिति के सदस्यों से समस्याओं के समाधान संबंधी सुझाव भी मांगे।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद के सभी थानों में स्थानीय शांति समिति की बैठकें हो चुकी हैं। जितने भी जुलूस आयोजक हैं, वे पर्याप्त संख्या में वॉलेंटियर नियुक्त कर दें। जो पुलिस प्रशासन से कंधे से कंधा मिलाकर त्योहार को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग करें। उन्होंने वॉलेंटियर की सूची संबंधित थानों को उपलब्ध करवाने को कहा। जुलूस निर्धारित रूट से ही जाए और इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि ताजिया की ऊंचाई औसत से अधिक न हो। उन्होंने थानों में होने वाली शांति समिति की बैठकों में पिछले वर्षों के चिह्नित स्थानों के बारे में सावधानी बरतने के निर्देश दिये। शांति समिति के सदस्यों को सुरक्षा व अन्य व्यवस्था के दृष्टिगत जरूरी सतर्कता बरतने के लिए कहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।




शांति समिति की बैठक लेते डीएम–एसपी व मौजूद अन्य अधिकारी और गणमान्य नागरिक। अमृत विचार

# विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी फोन अवश्य रिसीव करें

संवाददाता उरई जालौन

- किसी स्तर पर शिथिलता नहीं होगी बर्दाश्त : डीएम
- आंधी तूफान से टूटे पोल का सत्यापन कर शीघ्र भेजें

**अमृत विचार।** बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग की की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विद्युत अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। सभी तहसीलों में विधायक गण के प्रस्ताव पर विचार कर ट्रॉली ट्रांसफार्मर को तत्काल स्वीकृति प्रदान कर विभाग को क्रय हेतु निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक में पाया गया कि जर्जर तार, खुले ट्रांसफार्मर और ढीले विद्युत कनेक्शन बिजली हादसों की मुख्य वजह हैं। ऐसे सभी खतरनाक बिंदुओं की तत्काल पहचान कर सुधार कार्य प्राथमिकता पर कराया जाए। जिन मामलों में पूर्व में शिकायत प्राप्त हुई है उन सभी का 7 दिन में निस्तारण किया जाय।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आंधी-तूफान में क्षतिग्रस्त विद्युत पोल और ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदला जाए और उनका

सत्यापन उपजिलाधिकारी स्तर से सुनिश्चित किया जाए, ताकि राहत आयुक्त को समय से मांग पत्र भेजे जा सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत विभाग आमजन से सीधे जुड़ा सेवा क्षेत्र है, अतः अधिकारी व कर्मचारी फोन अवश्य उठाएं और विनम्रता से बात करें और समस्याओं का समाधान तत्परता और संवेदनशीलता से करें। टोल-फ्री नंबर 1912 और सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि बिजली आपूर्ति रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित की जाए। इसमें किसी प्रकार की कटौती या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी एवं अवर अभियंता सहित विद्युत विभाग के समस्त जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित रहे।

# आशा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें : डीएम

## एक से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा संचारी रोग अभियान, 11 से 31 जुलाई तक चलेगा दस्तक अभियान

संवाददाता बकेवर इटावा



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

**अमृत विचार** । जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर नियंत्रण के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने आशा , एएनएम के अलावा अन्य लोगों को लोगों के घर जाकर जागरूक करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग अभियान चलाया जाएगा एवं 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आशा, एएनएम द्वारा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने बताया कि घरों के आसपास जलभराव ना होने दें तथा सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग किया जाए, नालियों की साफ-सफाई एवं फॉगिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए, घर के अंदर जानवरों को न रखा जाए। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को चिन्हित अवश्य किया जाए तथा सड़कों के किनारे झाड़ियों को कटवाया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर ग्राम प्रधान को नोडल बनाया जाए तथा ब्लॉक स्तर पर एमओआईसी को नोडल बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों पर संवेदीकरण की बैठक की जाए एवं ब्लॉक स्तर पर 3 जुलाई से 8 जुलाई के मध्य बैठक की जाए तथा 26 तक माइक्रो प्लान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए स्कूलों में प्रार्थना के समय बच्चों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जागरूक किया जाए एवं उनके द्वारा जागरूकता रैली भी निकली जाए।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बृजेंद्र कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज कुमार , जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार समस्त एमओआईसी. सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### डीएम व एसएसपी ने किया केंद्रीय कारागार का निरीक्षण

**इटावा ।** जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने केंद्रीय कारागार का निरीक्षण कर जेल की व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को केंद्रीय कारागार इटावा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल में बैरकों के अलावा पाकशाला अस्पताल आदि का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने जेल में निरुद्ध बंदियों से उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और बंदियों को मिलने वाले भोजन व चिकित्सा को बारीकी से परखा। बाद में उन्होंने पौधारोपण भी किया। साथ ही उन्होंने वहां पर मौजूद लोगों को पौधरोपण के बारे में बताया साथ ही कहा कि सभी को अपने जीवन काल में पोधरोपण जरूर करना चाहिये। साथ ही उन्होंने जेल कर्मियों से कहा कि जेल बंद बंदियों के स्वास्थ्य के बारे में पूरी जानकारी रखी जाये। निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन, पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता इटावा


अपराध गोष्ठी में दिशा-निर्देश देते एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव। अमृत विचार

**अमृत विचार** । पुलिस लाइन सभागार में एसएसपी ने जनपद की कानून व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के समस्त अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विवेचनाओं को जल्द से जल्द निपटाने के साथ अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी में एसएसपी ने जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं से संबंधित पंजीकृत अभियोगों एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध रूप से गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, हत्या, दुष्कर्म, लूट आदि जघन्य अपराधों के अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही, महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपहृताओं की सकुशल बरामदगी एवं चोरी, नकबजनी व वाहन चोरी, छिनैती की घटनाओं पर अंकुश लागने हेतु कार्य योजना तैयार करके प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अवैध मादक पदार्थो के निर्माण, ब्रिकी व परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर इनकी रोकथाम एवं ऐसे कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के शस्त्र निरस्तीकरण की रिपोर्ट देने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं पुलिस कार्यालय सहित समस्त शाखाओं के प्रभारी, अधिकारीगण मौजूद रहे।

# अपनी मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता भरथना इटावा

- मांगें ने मानने पर दी हड़ताल करने की चेतावनी

**अमृत विचार** । नगर पालिका परिषद में बीते कई वर्षो से अपने देयकों का भुगतान न होने तथा रुके हुए वेतन-फण्ड सहित विभिन्न मांगों के चलते नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों ने पालिका परिसर में धरना दिया।

इससे पहले सफाई कर्मचारियों ने हमारी मांगें पूरी करो, कर्मचारी एकता जिन्दाबाद,अभी तो ये अंगड़ाई है-आगे अभी लड़ाई है, आदि उद्घोषों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर जुलूस निकालकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। सफाई कर्मचारियों ने पालिका में कार्यरत लिपिक वर्ग की कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अगर हमारी मांगें नहीं मानी गई, तो हम लोग हड़ताल करने के लिए बाध्य होगें। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे तहसीलदार दिलीप कुमार ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने।

इस सम्बंध में पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू ने बताया कि उनके द्वारा कर्मचारियों के वेतन का नियमित भुगतान किया जा रहा है। चूंकि कर्मचारियों का एक माह का वेतन भविष्य निधि कार्यालय द्वारा पालिका के खाते से कटौती कर लिये जाने के कारण रुका हुआ है। शासन द्वारा धनराशि उपलब्ध होने पर उसका भुगतान कर दिया जायेगा।

# आगे चल रहे ट्रक से टकराई बस, तीन घायल

संवाददाता ताखा इटावा


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त खड़ी बस। अमृत विचार

- ऊसवराहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक्सप्रेस वे पर खरगुआ के पास हुआ हादसा
- दिल्ली से गोरखपुर जा रही थी बस , चालक को झपकी आने से हुई दुर्घटना

**अमृत विचार।** मंगलवार सुबह आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ऊसराहार थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 123.8 खरगुआ के पास एक सड़क हादसा हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब दिल्ली से गोरखपुर जा रही एक प्राइवेट स्लीपर बस के चालक को चलती बस में झपकी आ गई और वह आगे जा रहे ट्रक से टकरा गई। बस में सवार करीब 70 सवारियों में से तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल यात्रियों की पहचान योगेंद्र राम (38), उनकी पत्नी समुद्री देवी (32) और उनकी बेटी अंकिता (9) के रूप में हुई। ये तीनों निवासी महमदपुर थाना डोली सगरा जिला मुजफ्फरपुर बिहार के रहने वाले हैं और दिल्ली से गोरखपुर किसी पारिवारिक कार्य से जा रहे थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और अन्य यात्रियों में भी दहशत फैल गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा व ऊसराहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल एंबुलेंस की सहायता से आयुर्विज्ञान संस्थान सैफई भेजा गया जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस काफी तेज रफ्तार में थी और चालक को रातभर की यात्रा के कारण नींद का झोंका आ गया और वह आगे जा रहे ट्रक ने टकरा गई। चालक की लापरवाही और थकान की वजह से यह हादसा हुआ। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को हटवाकर यातायात बहाल कराया और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

इस हादसे ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि लंबी दूरी की यात्रा करने वाले बस चालकों की स्वास्थ्य और नींद की जांच की कोई समुचित व्यवस्था क्यों नहीं की जाती। यदि समय रहते चालक की थकावट का ध्यान रखा गया होता, तो इस दुर्घटना से बचा जा सकता था। थानाध्यक्ष ऊसराहार बलराम मिश्रा ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंच कर घायलों को इलाज के लिए भेजा गया और छतिग्रस्त बस को क्रेन से हटवाया गया है।

## सार-संक्षेप


ईओ को सम्मानित करते नगर पालिका कर्मी। अमृत विचार

### कर्मचारियों ने किया अधिशासी अधिकारी का स्वागत

**इटावा।** नगर पालिका परिषद के नवागत अधिशाषी अधिकारी संतोष कुमार मिश्र ने मंगलवार को अपना चार्ज गृहण कर लिया। उनके चार्ज लेने पर कर्मचारियो ने उनका स्वागत किया। राज्य स्वायत्त शासन कर्मचारी परिषद प्रांतीय अध्यक्ष राजीव यादव व उपाध्यक्ष अवधेश तिवारी के नेतृत्व में पालिका कर्मचारियों ने शिष्टाचार भेंट कर अधिशाषी अधिकारी को माल्यार्पण एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। कर्मचारी नेता राजीव यादव ने नवागत अधिशाषी अधिकारी संतोष कुमार मिश्र से अपेक्षा जताई कि वह कर्मचारियों और जनता के हित में प्राथमिकता से कार्य करेंगे। इस अवसर पर कर्मचारी नेता अवधेश तिवारी, पालिका के कर अधीक्षक गिरीश चन्द वर्मा, राजस्व निरीक्षक प्रदीप शर्मा, राजस्व निरीक्षक सुशांत यादव, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक नत्थी लाल, पेशकार गौरव गौड़, लिपिक प्रशांत गौड़, लिपिक अनिल यादव, लिपिक जयंत शुक्ला,अनिल बाजपेई, लिपिक आर्यन यादव, अमन कुमार सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

### भारत विकास परिषद् की प्रान्तीय कार्यशाला 29 को

**इटावा।** भारत विकास परिषद पांचाल प्रांत के तत्वावधान में गोविन्द धाम निकट प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य केन्द्र ऊसराहार रोड़ भरथना में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 29 जून रविवार को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक किया जा रहा है जिसकी तैयारियां विवेकानन्द शाखा भरथना द्वारा जोर शोर के साथ की जा रहीं हैं। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रान्तीय अध्यक्ष इन्द्र नारायण पाण्डेय और प्रान्तीय महासचिव आलोक रायजादा ने बताया कि इस कार्यशाला में पांचाल प्रान्त के अन्तर्गत निवास करने वाले क्षेत्रीय व प्रान्तीय दायित्वधारियों के साथ जनपद की 9, फर्रूखाबाद जनपद की 7, कन्नौज जनपद की 2 और औरैया जनपद की एक शाखा के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, पांच गतिविधियों के संयोजक सेवा, सम्पर्क, संस्कार, पर्यावरण एवं महिला सहभागिता सहित लगभग दो सौ प्रतिनिधियों के प्रतिभाग करने की सम्भावना है।

### नीलकंठ मंदिर पर भागवत कथा 27 जून से

**इटावा।** शहर के लालपुरा स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर पर दिनांक 27 जून से 3 जुलाई तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। कथा व्यास के रूप में जगदाचार्य आश्रम नैमिषरण के सरस कथावाचक पं. हरी कृष्ण पाण्डेय भक्त श्रोताओं को कथामृत पान कराएंगे। भागवत कथा के आयोजक हरि प्रकाश नारायण शुक्ला वैद्य ने बताया कि 27 जून को प्रात: नौ बजे कलशयात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ होगा। कथा का समय अपराह्न 3 बजे से सायं 7 बजे तक रहेगा। तीन जुलाई को कथा का विश्राम तथा चार जुलाई को हवन पूजन भंडारा प्रसाद होगा। उन्होंने सभी हरिकथा रसिकों से भागवत कथा श्रवण करने का आग्रह किया है।

### विवाहिता को आत्महत्या के लिए उकसाने में दो गिरफ्तार

**जसवंतनगर।** भारद्वाजपुरा में चार दिन पहले एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने इस मामले में पति और ससुर को जेल भेजा है।मृतका के पिता की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में कुल सात लोगों को नामजद किया है। इनमें पति अजय कुमार और ससुर नेत्रपाल सिंह को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। सीओ आयुषी सिंह ने बताया कि मामले के अन्य आरोपी घटना के बाद से फरार हैं और उन्होंने अपने घर छोड़ दिए हैं। उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ब्राह्मण समाज ने की जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता इटावा


एसएसपी से मिलकर आते ब्राहमण समाज के लोग। अमृत विचार

- एसएसपी ने लोगों को निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई का दिया भरोसा

**अमृत विचार।** बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दांदरपुरा का मामला बढ़ता ही जा रहा है। मंगलवार को ब्राहमण समाज के अध्यक्ष अरुण दुबे के नेतृत्व में कथा के परीक्षित महिला रेनू तिवारी और उनके पति जय प्रकाश तिवारी नेएसएसपी से भेंट की और पूरी घटना से अवगत कराया। महिलाओं ने कथावाचक पर छेड़खानी का आरोप लगाया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। उनके साथ बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद थे। अरुण दुबे ने कथावाचक पर जाति छुपाने का आरोप लगाया।

परीक्षित पीड़ित महिला रेनू तिवारी ने बताया कि हमारे यहां कथा कराने को पहुंचे कथावाचक प्रथम दिन की कथा करने के बाद देर शाम भोजन करवा रहे थे उस समय कथा वाचक ने हाथ पकड़कर हमारे साथ बदतमीजी की और छेड़खानी कर दी। तभी हमने अपने पति को बताया तो उसी समय वहां मौजूद लड़के आक्रोशित हो गए । इसके अलावा कलश यात्रा के दौरान भी कथावाचक ने महिलाओं से अभद्रता की थी। पीड़ित परीक्षित महिला के पति जयप्रकाश तिवारी का कहना है कि हम हरिद्वार में रहते हैं प्राइवेट नौकरी करते हैं यहां कथा में परीक्षित बने थे। हम लोगों को कुछ नहीं मालूम था लेकिन जैसे ही शाम को उन लोगों ने मेरी पत्नी के साथ छेड़खानी कर दी तो जैसे ही हम लोगों ने विरोध किया तो वह लोग धमकाने लगे। उन्होंने कहा कि हमारे संबंध अखिलेश यादव से है, हम तुम्हें घर से उठा लेंगे, उसी समय पता चला कि यह लोग यादव हैं। स्थानीय लड़कों ने उनके साथ जो किया वह ठीक नहीं था अब हमने अधिकारियों से इसकी शिकायत की है और निष्पक्ष जांच करने की मांग भी की है। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित महिला ने जो बात बताई है उनकी बात को गंभीरता के साथ सुना गया बाकी जो सच्चाई है उस पर विवेचना हो रही है। एसएसपी से भेंट करने वालों में पूनम तिवारी, मीना मिश्रा, शिवम दुबे, बृजमोहन मिश्रा के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

# मारपीट की घटनाओं में आठ लोग घायल

**इटावा ।** अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में आठ लोग घायल हो गए, घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना जसवंतनगर क्षेत्र के अंतर्गत नहर का पुल और मलाजनी के बीच दबंगों ने मारपीट कर विमल पुत्र नाथूराम व शुभम पुत्र विमल निवासी आंबेडकर नगर कोतवाली इटावा को घायल कर दिया। थाना लवेदी क्षेत्र के अंतर्गत टकरुपुर निवासी संगीता देवी मारपीट की घटना में घायल हो गईं। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत विद्या बिहार कालोनी में दबंगों ने मारपीट कर बीना पत्नी किशन व आशीष निवासी विद्या बिहार कालोनी बकेवर को घायल कर दिया। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत यशोदा नगर निवासी बीना देवी मारपीट की घटना में घायल हो गई। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत अमाहार निवासी आशिक पुत्र सुनील को गांव में दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत खरगपुर सरैया निवासी राजेश पुत्र शांति स्वरूप को गांव में दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

# नेट में फाल्ट होने से पोस्ट ऑफिस का काम प्रभावित


नेट खराब होने के कारण काम न होने से खड़े परेशान लोग। अमृत विचार

संवाददाता बकेवर इटावा

- एक सप्ताह से जमा व निकासी न होने से लोग हो रहे परेशान

**अमृत विचार** । बकेवर पोस्ट ऑफिस में इंटरनेट लाइन में फाल्ट के कारण पिछले सप्ताह से पोस्टऑफिस में लोगों के जमा निकासी सम्बन्धी व रजिस्ट्री पार्सल के कोई काम नहीं हो पा रहे हैं। आने वाली डाक को मोबइल फोन के नेट से मिलान कर अंकित कर वितरण का काम कर लिया जा रहा है।

लोग पोस्ट ऑफिस में पैसा जमा करने व निकालने के लिए चक्कर लगा रहे हैं। मासिक स्कीम में पैसा जमा करने वाले लोग पैसा जमा न हो पाने न निकल पाने के कारण परेशान है। पिछले करीब सात दिन से पोस्ट ऑफिस के इंटरनेट की लाइन में फाल्ट होने के कारण कोई काम पोस्ट ऑफिस में नहीं हो पा रहा है। इससे लोग परेशान है। जिसके कारण हर रोज लोग पोस्ट ऑफिस के चक्कर लगाने का विवश है। पोस्टऑफिस के कार्यवाहक सब पोस्टमास्टर बृजेश सिंह सेंगर ने बताया पोस्ट ऑफिस के इंटरनेट की लाइन पिछले करीब 7 दिन से कहीं तार टूट गया है। जल्द ही सही कराया जायेगा।

**प्रदर्शन** मार्क्सवादी पार्टी की किसान सभा ने किया जोरदार प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# बिजली के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग

संवाददाता भरथना इटावा


एसडीएम को ज्ञापन देते कामरेड अनिल दीक्षित व किसान नेता जयवीर सिंह यादव।

**अमृत विचार।** मार्क्सवादी पार्टी की किसान सभा ने बिजली के रेट में हो रही वृद्धि व बिजली के निजीकरण और तेज भागने वाले स्मार्ट मीटर आदि समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया । अगर सरकार अपनी हठधर्मी पर रहीं तो जनता आन्दोलन करके सरकार की कुर्सी हिला देगी। यह बात मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पर संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान सभा के नगर अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आज आमजनता को बुरी तरह लूटा जा रहा है। बिजली दरों में 45 प्रतिशत तक की वृद्धि की जा रही है,जिसके बाद बिजली लगभग 13 रुपये प्रति यूनिट हो जाएगी साथ ही आम उपयोगी वस्तुयें बेतहशा मंहगी हो जायेंगी । उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश को लालटेन युग में ढकेलने का काम कर रही है। किसान यूनियन लोकशक्ति के अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा है कि अमेरिका के दबाव में भारत की खेती और उससे जुड़े हुए बाजार को मटियामेट करने पर उतारू हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि वह तत्काल नेशनल पालिसी फ्रेमवर्क आन एग्रीकल्चरल मार्केटिंग का मसौदा रद्द करें। किसान नेताओं ने प्रदर्शन के बाद भरथना एसडीएम सुशांत श्रीवास्तव को राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र सौंपा है। प्रदर्शन में रमेश चौधरी,इंद्रेश बाबू,रामनाथ काका, दर्शन सिंह, आकाश कुमार, सुरेश सिंह, रामकृष्ण, भारत सिंह रहे।

### कथावाचक संग हुई बर्बरता के दोषियों को मिले सजा

**इटावा।** दांदरपुर गांव में कथावाचकों के साथ जाति पूछकर हुयी अमानवीय बर्बरता और आपराधिक कृत्य की समस्या को लेकर माकपा का प्रतिनिधि मण्डल माकपा नेता कामरेड अमर सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। कामरेड अमर सिंह शाक्य ने कहा कथावाचक के साथ जाति पूछकर बर्बरता की गयी उन्हें बुरी तरह पीटा गया, जबरिया उनके सिर के बाल मुंडवाये गये । उन्होंने दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधि मडल में माकपा सचिव मण्डल सदस्यगण प्रेमशंकर यादव, डॉ. शौकीन सिंह, संतोष राजपूत, मोनू यादव, नेत्रपाल, विजयपाल आदि रहे।

# दो किशोरियों के अपहरण के मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों से किशोरियों के अपहरण के मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि पहले मामले में अपहरण के वांछित आरोपी लवकुश कठेरिया (20) पुत्र सूरजपाल कठेरिया, निवासी कटे खेड़ा को भूपत रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरे मामले में फफूंद थाना अछल्दा निवासी गोलू (22) पुत्र रामकिशन को सोमवार की रात को तहसील के समीप से पकड़ा गया। गोलू के खिलाफ किशोरी के अपहरण और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। उन्होंनो बताया कि किशोरियों को बरामद कर लिया गया है। आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेलभेज दिया गया।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने किया खंड शिक्षा अधिकारियों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता इटावा


सम्मानित खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ मौजूद एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**अमृत विचार** । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पहुंचकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन इटावा की इकाई द्वारा बीईओ सैफई, बीईओ जसवंत नगर व बीईओ बढपुरा क्रमशः नवाब सिंह, वीरेंद्र सिंह व गिरीश कुमार का पुष्प मालाओं से स्वागत किया इसके साथ ही ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा स्मृति चिन्ह भी सभी शिक्षा अधिकारियों को भेंट किया गया तथा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के इटावा जिला अध्यक्ष स्वामी शरण श्रीवास्तव द्वारा तीनों बीईओ का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया ।

जिला अध्यक्ष स्वामी शरण श्रीवास्तव द्वारा इन शिक्षा अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि यह शिक्षा अधिकारी अपने-अपने विकास क्षेत्र में शिक्षा की जोरदार ज्योति जगा रहे हैं तथा बेसिक शिक्षा में शासन के निर्देशों का पालन करते हुए नन्हे मुन्ने बच्चों का तथा उनकी पढ़ाई का पूरा ध्यान रख रहे हैं अतः यह सभी शिक्षा अधिकारी बधाई के पात्र हैं । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार का भी सम्मान किया जाना था परंतु सरकारी कार्यों में व्यस्तता के कारण आज वह उपस्थित नहीं हो सके। इस मौके पर वरिष्ठ महामंत्री राकेश कुमार सिंह राठौड़, महामंत्री रिंकू तिवारी भरथना तहसील अध्यक्ष संतोष गोस्वामी जसवंत नगर तहसील अध्यक्ष तुलसीदास शुक्ला, रजत कुमार ,अनंत अवस्थी, अरविंद भदौरिया ,संजय शर्मा, मूलचंद राठोड़, गांधी विद्या मंदिर रीतौर के प्रधानाचार्य अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# पोर्टल से खारिज हुए 21 हजार से ज्यादा शौचालय

## दौलतपुर के ग्राम सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश, जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में की बैठक

कार्यालय संवाददाता, औरैया



बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक डीएम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) के अन्तर्गत वित्तीय स्थिति के संबंध में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद के समस्त विकास खंडों में तैनात खंड प्रेरक अपने अपने विकासखंड की ग्राम पंचायत में निर्मित व्यक्तिगत शौचालय की डिजिटल डायरी बनाकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें साथ ही निर्मित शौचालय की मरम्मत हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

बैठक में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु प्राप्त आवेदनों में शेष 28,829 आवेदनों का सत्यापन कराया जा रहा है, जिसमें से 21,344 आवेदनों को पात्र न पाए जाने पर पोर्टल से अस्वीकार कर दिया गया है तथा अवशेष 7485 आवेदनों का सत्यापन कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज टू के अंतर्गत 477 मॉडल ग्राम पंचायतों के लक्ष्य के सापेक्ष 468 ग्राम पंचायतों में कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 9 ग्राम पंचायतों मंर कार्य प्रगति पर है। साथ ही गोवर्धन योजना के अंतर्गत जनपद में 3 बायोगैस प्लांट क्रियाशील हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी ग्राम सचिवों को निर्देश दिए कि शासन से प्राप्त 15 वें एवं 5 वें वित्त आयोग की धनराशि का सदोपयोग करते हुए समय से व्यय करना सुनिश्चत करें। बैठक में बताया गया कि जनपद के प्रमुख होटल रेस्टोरेंट आदि में स्वच्छता को लेकर सर्वे किया जाना है जिसके लिए उनका चिन्हांकन किया जा चुका है तथा शीघ्र उनका सर्वे कर शासन को रिपोर्ट प्रेषित कर दी जाएगी। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि जनपद के सभी विकास खंडों में संबंधित एडीओ पंचायत प्रत्येक दिन अपने क्षेत्र के 10 ग्रामों का निरीक्षण कर निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराने तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निर्मित शौचालयों की उपयोगिता सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक ग्राम में निगरानी समिति को पुनर्जीवित किया जाए और अन्य आवश्यक प्रबंध किए जाए। विकासखंड भाग्य नगर के ग्राम दौलतपुर में तैनात ग्राम पंचायत सचिव की स्वच्छता के कार्यों में लापरवाही एवं स्वच्छता के संबंध में अनुकूल जवाब न देने पर जिलाधिकारी द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जीरो पॉवर्टी में चिन्हित लाभार्थियों को 30 जून तक शौचालय निर्माण की प्रथम किस्त उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में फीकल स्लज मैनेजमेन्ट इकाई की स्थापना, पेरी अर्बन के अन्तर्गत चयनित ग्रामों, ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीन लीफ रेटिंग, स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025, डोर टू डोर कूडा कलेक्शन व स्वच्छता शुल्क, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन इकाई के क्रियाशीलता, आरआरसी निर्माण, रेट्रोफिटिंग की प्रगति, अन्त्येष्टि स्थल निर्माण व संचालन, पंचायत सचिवालय निर्माण व संचालन, डिजिटल लाइब्रेरी स्थापना, कॉमन सर्विस सेन्टर व पंचायत लर्निंग सेन्टर आदि बिंदुओं पर गहनता से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी हरेश कुमार सौलंकी, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार मौर्य, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं.) समस्त जिला कन्सल्टेन्ट, जिला परियोजना प्रबन्धक सहित अधिकारी आदि मौजूद रहे।



शेरपुर सरैया में निर्माणाधीन पुलिस लाइन का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

## मानक व गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य को समय से पूरा कराएं

**औरैया।** डीएम व एसपी ने शेरपुर सरैया में नव निर्माणाधीन पुलिस लाइन की गुणवत्ता व प्रगति को स्थल पर पहुंच कर देखा और संबंधित कार्यदायी संस्था व ठेकेदार से अब तक किए गए कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व एसपी अभिजीत आर शंकर ने कहा कि 01 से 07 जुलाई तक वृहद वृक्षारोपण का आयोजन शासन के दिशा निर्देशों पर किया जा रहा है। इसके तहत गड्ढा खुदाई आदि का कार्य कराते हुए वृक्षारोपण के दौरान वृक्षारोपण कर लिया जाए जिससे भविष्य में रोपित पौधों से शुद्ध हवा, छाया आदि मिल सके। इस अवसर पर निर्माणदायी संस्था निर्माण खण्ड भवन लोक निर्माण इकाई कानपुर के अधिकारियों से पूल्ड हाउस टाइप फोर आवासों का निर्माण कार्य तथा बिधूना में निर्माणाधीन उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि के भवनों का भी कार्य शीघ्र पूर्ण कर हस्तांतरित करने को कहा जिससे उन्हें उपयोग में लाया जा सके। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता निर्माण खंड भवन लोक निर्माण इकाई कानपुर ,सहायक अभियंता निर्माण खंड भवन लोक निर्माण इकाई कानपुर, निर्माण कर्ता फॉर्म के प्रतिनिधि सौरभ सिंह सहित संबंधित ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

## नाले से मिले युवक के शव की 12 दिन बाद पहचान

संवाददाता, बिधूना, औरैया

- राजमिस्त्री को काम पर ले जाने वाले साथी से पूछताछ

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में चिरकुआ और आईटीआई कॉलेज के बीच स्थित नाले से 12 जून को युवक का शव मिला था। 12 दिन बाद उसकी पहचान मंगलवार को रूरूकला निवासी राजमिस्त्री रामपाल (40) के रूप में हुई है।

रामपाल 12 जून की सुबह 8 बजे पड़ोसी गांव के एक साथी के साथ रठगांव में काम करने गया था। उसी दिन शाम 5 बजे उसका शव नाले में मिला। मृतक की मां राममूर्ति ने बताया कि पड़ोसी गांव का साथी उनके बेटे को 8 दिन के काम के लिए बुलाया था। रामपाल के 8 दिन तक घर न लौटने पर परिजनों ने 21 जून को साथी से पूछताछ की। साथी ने अगले दिन रामपाल के घर आकर बताया कि उसने रामपाल को काम के बाद बिधूना के पेट्रोल पंप के पास छोड़ दिया था। परिजनों ने सोमवार को रूरूगंज चौकी में रामपाल के लापता होने की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस द्वारा दिखाई गई अज्ञात शव की तस्वीर से रामपाल की पहचान हुई।

मृतक के परिवार में मां राममूर्ति, पिता विश्वनाथ, पत्नी लज्जा और दो बच्चे अभिजीत और अरुण हैं। परिजनों ने चांद अली पर शक जताया है। पुलिस ने साथी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही पेट्रोल पंप व उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है।

## सार-संक्षेप

### कंचौसी में बीमार मोरों के सैंपल लेने पहुंचे पशु चिकित्सक

**कंचौसी, औरैया।** बजरंग दल कार्यकर्ताओं सत्यम गुप्ता की शिकायतों के बाद ने मंगलवार को कंचौसी गांव में पशु चिकित्सक अनिरुद्ध यादव अपनी टीम के साथ बीमार मोरों के सैंपल लेने के लिए पहुंचे। बीमार मोरों के कई प्रकार के सैंपल लिए और सैंपल को बरेली लैब में भेजने की बात कही। डॉक्टरों ने कहा रिपोर्ट आने के बाद बीमारी के कारण का पता चल सकेगा। वन विभाग के अधिकारियों के रवैए से लगातार ग्रामीण गुस्से में है क्योंकि रोज ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग को 6 से 7 बीमार मोरे सौंपी जाती हैं। वन विभाग का दावा रहता है कि वे उन मोरों को चमरौआ गांव में बने क्वारनटीन सेंटर में ले जाते है लेकिन ग्रामीण डॉक्टरों की टीम के साथ मंगलवार को वहां पहुंचे तो मौके पर सिर्फ 2 मोर ही मिलीं। जबकि ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को अभी तक 30 से ज्यादा मोरें दी जा चुकी हैं। उन मोरों की क्या स्थिति है इस बारे में उसकी कोई जानकारी वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को नहीं दी गई। उल्टा मामले की गंभीरता न समझते हुए वन विभाग के द्वारा मृत मोरों के गलत आंकड़े विभाग को देकर सिर्फ लीपा पोती करने का प्रयास हो रहा है।



बीमार मोरों के सैंपल लेते पशु चिकित्सक।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**अयाना, औरैया।** थाना के एसआई राजानाती ने सोमवार रात को मुखविर की सूचना पर रोशंगपुर-चौकी मार्ग से चौकी निवासी राजीव कुमार को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से देसी शराब के 15 क्वार्टर बरामद हुए। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### भाई-बहन को पीटकर किया घायल

**अयाना, औरैया।** थाना के बीझलपुर गांव निवासी सरस्वती ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि रविवार शाम छह बजे गांव के विशंभर, जागेश्वरी व शिशुपाल उसके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके व भाई गुलशन के साथ मारपीट कर दी। इससे वह घायल हो गए। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### औरैया के आईपीएस शरद अग्रवाल मिजोरम के डीजीपी नियुक्त

**औरैया।** केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के आईपीएस अधिकारी शरद अग्रवाल को मिजोरम का पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। शरद अग्रवाल ने औरैया के तिलक इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने दिल्ली से बीटेक और एमटेक की डिग्री हासिल की। 1997 में आईपीएस बनने के बाद उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दीं। वे गोवा और अंडमान निकोबार में तैनात रहे। दिल्ली में एसीपी के पद पर भी उन्होंने काम किया। शरद के पिता सतीश चंद्र अग्रवाल औरैया में सर्राफा व्यवसायी थे। दुर्भाग्यवश एक सड़क दुर्घटना में उनके पिता और दो भाइयों की मृत्यु हो गई थी। डीजीपी की नियुक्ति की खबर से औरैया में स्थानीय लोगों में प्रसन्नता का माहौल है। शहर के लोग एक स्थानीय अधिकारी की इस उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

### बंदरों के हमले में महिला जख्मी

**फफूंद, औरैया।** कस्बे के मुहल्ला मोतीपुर निवासी आफदा पत्नी नसीम कुरैशी उम्र 42 बर्ष सुबह कपड़े सुखाने के लिए अपनी छत पर कपड़े डालने गई थी। तभी बंदरों ने उन पर हमला कर दिया। एक बंदर ने उनके हाथ को काट लिया, महिला डर की बजह से हड़बड़ा कर जीने के नीचे गिर पड़ी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। महिला के हांथ में बंदर ने काटा दूसरी चोट जीने से गिरने पर पीट में आयी परिवार ने उन्हें सीएचसी दिबियापुर में भर्ती कराया, जहां पर उनका इलाज हुआ। प्राथमिक चिकित्सा के बाद डाक्टरो ने महिला को घर भेज दिया।

## अपहरण और फिरौती के दो दोषियों को आजीवन कैद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- 24 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार।** कोतवाली अजीतमल क्षेत्र के अंतर्गत 24 साल पहले फिरौती के लिए हुए अपहरण के मामले में न्यायालय ने सोमवार को फैसला सुनाया। विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम सैफ अहमद ने दोषी अजीत सिंह व गट्टा निवासी ग्राम भूरेपुर अड्डा थाना अजीतमल को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया। उस पर 20-20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

अभियोजन के अनुसार वादी राजकुमार पुत्र विद्याराम निवासी ज्ञानपुर प्रताप सिंह थाना अजीतमल का रहने वाला है। उसकी तहरीर के आधार पर 19 नवंबर 2001 को थाना अजीतमल में रिपोर्ट दर्ज की गई। इसमें लिखा कि वह 31 अक्टूबर 2001 की रात अपने खेत में बाजरा की फसल की रखवाली कर रहा था। रात साढ़े नौ बजे करीब उसके गांव के गिरन्द सिंह पुत्र साहब सिंह, गंभीर सिंह पुत्र संतान सिंह, शिव पाल सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी भूरेपुरकला, अजीतसिंह पुत्र अजुध्या प्रसाद निवासी भूरेपुर का अड्डा, गट्टा पुत्र विद्याराम निवासी अड्डा, निर्भय सिंह गूजर निवासी गंगदासपुर अपने साथियों इंद्रपाल गूजर, सरन सिंह दद्दा, शिवनाथ सिंह गूजर, जगराम गूजर निवासी रामनगर हथियारों से लैस होकर आए और जबरदस्ती डरा धमकाकर वादी को अपने साथ ले गए। बदमाशों ने फिरौती के लिए अपहरण किया व उसे बीहड़ में रखा। पुलिस द्वारा आपरेशन कर अपहृत को छुड़ाया गया। पुलिस ने अपहरणकर्ता अजीत सिंह पुत्र अजुध्या प्रसाद, गट्टा पुत्र विद्याराम निवासी भूरेपुर का अड्डा थाना अजीतमल को गिरफ्तार किया व उक्त सभी आरोपितों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मुकदमा विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम में चला। बचाव पक्ष की ओर से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पैरवी की। अभियोजन की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने दोषियों को कठोर दंड देने का पक्ष रखा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश ने सजा सुनाई। कोर्ट ने अपहृत राज कुमार को अर्थदंड की 75 प्रतिशत धनराशि बतौर मुआवजा अदा करने का आदेश दिया।

### पांच दोषियों को हो चुका आजीवन कारावास

उक्त मामले में शिवपाल सिंह, सरन सिंह, शिवनाथ सिंह, इंद्रपाल, गंभीर सिंह को तत्कालीन सत्र न्यायाधीश ने सात अक्टूबर 2004 को निर्णय पारित करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जबकि गिरेन्द्र सिंह की मृत्यु हो गई है।

## भक्त प्रहलाद की कथा सुन श्रोता हुए भाव-विभोर

संवाददाता, अटसू

- कस्बे के मेला ग्राउड पर हुई भागतव कथा



कथा सुनाते आचार्य। अमृत विचार



कथा का रसपान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के मेला ग्राउड पर चल रही श्रीमदभागपत कथा के चौथे दिन की कथा में पंडित अभिषेक द्विवेदी ने श्रोताओं को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि भगवान को अपने मन में बसाने से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है। भगवान हमेशा अपने भक्त को पाना चाहता है। जितना भक्त भगवान के बिना अधूरा है उतना ही अधूरा भगवान भी भक्त के बिना है। भगवान ज्ञानी को नही अपितु भक्त को दर्शन देते हैं। और सच्चे मन से ही भगवान प्राप्त होता है। प्रहलाद भगवान विष्णु की भक्ति में लीन रहते थे। उनके पिता हिरण्य कश्यप भगवान विष्णु को अपना शत्रु मानते थे। पुत्र को भगवान विष्णु की भक्ति करते देख उन्होंने उसे ही जान से मारने की ठान ली। प्रभु पर सच्ची निष्ठा और आस्था की वजह से हिरण्यकश्यप प्रह्लाद का कुछ भी अनिष्ट नहीं कर पाए। वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ तथा अंहकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह भी बताया कि यह धनसंपदा क्षणभंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करों। उन्होंने कहा कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। यदि हम संसार में पूरी तरह मोहग्रस्त और लिप्त रहते हुए सांसारिक जीवन जीते है तो हमारी सारी भक्ति एक दिखावा ही रह जाएगी। कथा के दौरान कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में महिला- पुरूष पहुंचे। इस मौके पर विधिवत रूप से पूजा अर्चना करवाई गई।

## दबंगों ने मां-बेटे को पीटा

**फफूंद, औरैया।** थाना में दिये शिकायती पत्र में साजमा बेगम हसनपुर ने बताया कि प्रदीप पांडेय के खेत के सामने मेरा मकान है। प्रदीप पांडेय के खेत की रखवाली करती हूं। मंगलवार की सुबह नसरुद्दीन व लालू पुत्र गुलाम अली की बकरियां खेत में चली गईं। तभी उसने बकरियों को भगा दिया। उसी समय आरोपियों ने उसके 11 वर्ष के बच्चे आहिल और मुझे पीट दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## महिला की मौत, पति समेत तीन गिरफ्तार

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

- शादी के 7 माह बाद फांसी के फंदे से लटका मिला था शव
- कोतवाली क्षेत्र के अलीपुर गांव का मामला

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर में विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी सास, ससुर और पति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने तीनों को जिला जेल इटावा भेज दिया।

इटावा जनपद के लवेदी थाना क्षेत्र की रहने वाली रतन ज्योति (20) की शादी 9 नवंबर 2022 को अजीतमल के अलीपुर गांव निवासी अंशु से हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। दो दिन पहले रतन ज्योति अपने मायके चली गई थी।

शुक्रवार को ससुराल पक्ष उसे वापस ले आया था। उन्होंने मायके वालों को आश्वासन दिया था कि अब कोई विवाद नहीं होगा। शनिवार रात करीब 8 बजे रतन ज्योति का शव फांसी पर लटका मिला। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतका के पिता गिरजेश कुमार की शिकायत पर पुलिस ने पति अंशु, ससुर बृज किशोर, सास शशि देवी और देवर अंकू व अंकुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। चौकी प्रभारी संजीव कुमार ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, दो आरोपी अभी फरार हैं।

**स्वीकृति मिली** यूपीपीसीएल कराएगी निर्माण, स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर बनेगा

## 30 लाख से कैथावा में बनेगा आयुर्वेद अस्पताल

संवाददाता, बिधूना (औरैया)




किराए पर संचालित अस्पताल का जर्जर भवन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड बिधूना की न्याय पंचायत कैथावा में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय के भवन निर्माण की स्वीकृति मिल गयी है। अस्पताल भवन 30 लाख रुपये की लागत से बनेगा, जिसका निर्माण यूपीपीसीएल कराएगी। अभी तक यह अस्पताल पंचायत भवन में किराए पर चल रहा था। यह जानकारी महानिदेशक आयुष मानवेंद्र सिंह ने दी है।

न्याय पंचायत कैथावा के ग्राम कैथावा में 01 नवम्बर 1986 को राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय शुरू हुआ था। इसकी मंजूरी गांव निवासी तत्कालीन विधायक एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व. गजेन्द्र सिंह द्वारा कराई गयी थी। तभी से यह चिकित्सालय पंचायत भवन में किराये पर चल रहा है। वर्तमान में विभाग द्वारा ग्राम पंचायत को 15 रुपये महीने किराया भी दिया जा रहा है। पिछले कुछ समय पूर्व आयुष विभाग द्वारा किराये या दूसरे भवनों में चल रहे आयुर्वेद चिकित्सालयों की सूची मांगने के बाद वहां की पंचायतों से अस्पताल भवन निर्माण हेतु भूमि की मांग की गयी थी। जिसके बाद कैथावा की ग्राम प्रधान अनीता देवी द्वारा भूमि प्रबंध समिति की बैठक बुलाकर सड़क किनारे गाटा संख्या 881 में छह हजार मीटर भूमि पर अस्पताल निर्माण कराये जाने हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा था। इसी के साथ भाजपा के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विभाग की प्रदेश सहसंयोजक मंजू सिंह के सुझाव पर ग्राम सभा ने कैथावा गांव में जन्मे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं बिधूना क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे स्व. गजेन्द्र सिंह के नाम पर अस्पताल का नामकरण किए जाने का प्रस्ताव भी शासन को भेजा। महानिदेशक आयुष मानवेंद्र सिंह ने बताया कि भूमि मिलने के बाद आयुष विभाग ने कैथावा में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय भवन निर्माण हेतु 30 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इसी के साथ भवन निर्माण हेतु यूपीपीसीएल को काम सौंपा गया है। शीघ्र ही कैथावा में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय भवन के निर्माण की प्रकिया शुरू होगी। कैथावा में शीघ्र ही राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय भवन निर्माण की जानकारी होते ही ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। कैथावा में अस्पताल भवन बनने से कैथावा, हिंदूपुर्वा, सिंहपुर, रायपुर, धरमंगदपुर, लालपुर, नंदपुर, रूपपुर, विधीपुर्वा, वराहार, जरावन, रामनगर, नूरपुर, अजीतपुर्वा, तिलकपुर फार्म सहित दर्जनों गांव के मरीजों व नागरिकों को लाभ मिलेगा।

## औरैया थाने में अब होगा ऑटो, ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन

**औरैया।** शहर में ऑटो और ई-रिक्शा के लिए नई व्यवस्था लागू की जा रही है। सदर कोतवाली में सीओ यातायात सृष्टि सिंह ने ऑटो और ई-रिक्शा मालिकों व चालकों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि अब सभी वाहनों का औरैया में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा।

रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में वाहन मालिक और चालक दोनों की जानकारी दर्ज की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस हर पंजीकृत वाहन को एक विशेष क्यू आर कोड जारी करेगी। इस कोड को वाहन पर लगाना अनिवार्य होगा। सीओ यातायात का कहना है कि यह व्यवस्था अपराध नियंत्रण में मदद करेगी। साथ ही यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी। टेक्निकल टीम इस प्रक्रिया पर काम कर रही है और जल्द ही रजिस्ट्रेशन शुरू किया जाएगा। बैठक में सीओ सिटी अशोक कुमार और सदर कोतवाल राजकुमार सिंह भी मौजूद रहे।

## मिलावट परखने के घरेलू उपाय बताए

कार्यालय संवाददाता, औरैया



कार्यशाला के दौरान जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुये खाद्य व्यापारियों के साथ खाद्य सुरक्षा एवं जांच के सरल घरेलू उपाय विषयक कार्यशाला कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित की गयी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार राय ने खाद्य पदार्थों की सुरक्षा, गुणवत्ता एवं पोषकता को फसल उत्पादन से लेकर मानव आहार की थाली तक खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता अक्षुण्ण बनाये रखने सम्बन्धी प्रबन्धन प्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी गयी। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 नियम व विनियम 2011 के सुसंगत धाराओं एवं खाद्य व्यापारियों के दायित्वों को बताया गया।

खाद्य पदार्थ मिलावट सम्बन्धी जांच के सरल घरेलू उपायों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयी, जिससे प्रत्येक व्यक्ति अपने घर पर ही खाद्य पदार्थों की जॉच आसानी से करते हुए खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता से संतुष्ट हो सके। डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी द्वारा व्यापारियों को नियमों के अनुसार खाद्य कारोबार का संचालन करते हुए उपभोक्ताओं को प्रत्येक दशा में शुद्ध, सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का विक्रय सुनिश्चित किये जाने का निर्देश प्रदान किया गया। विभागीय अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि गोष्ठी जागरूकता कार्यक्रम व अन्य माध्यमों से व्यापारियों को खाद्य व्यापार के सम्बन्ध में जागरूक करें और आवश्यकतानुसार प्रवर्तन कार्यवाही भी सम्पादित करें। कार्यशाला में व्यापार मण्डल के पदाधिकारी बृजेन्द्र गुप्ता, संजय दीक्षित, विनय पोरवाल, लालू गुप्ता, अनुराग गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, शिवदत्त, धीरज शुक्ला एवं अन्य लगभग 200 व्यापारी मौजूद रहे। इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की जिला स्तरीय कमेटी का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा विभाग को निर्देशित किया गया कि खाद्य पदार्थों की निरन्तर जॉच की जाये एवं अन्य विभागों का सहयोग लेकर कार्यवाही की जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) नीरज प्रसाद, जिला आबकारी अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक आयुक्त, बांट एवं माप अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### वर्षा जल संचयन प्रणाली से लैस होंगे 2.35 लाख सरकारी भवन

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार वर्षा जल संचयन को लेकर व्यापक अभियान चला रही है। प्रदेश के करीब 34,000 सरकारी व अर्ध सरकारी भवनों में रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग (आरटीआरडब्ल्यूएच) सिस्टम स्थापित कर दिया गया है। लक्ष्य है कि प्रदेश के कुल 2 लाख 35 हजार सरकारी एवं अर्ध सरकारी भवनों को वर्षा जल संचयन प्रणाली से युक्त किया जाए। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के तहत 16 जिलों ने 100 प्रतिशत वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापना का कार्य पूरा कर लिया है। इनमें अयोध्या, अम्बेडकर नगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, गोंडा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बस्ती, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, बलिया, झांसी और पीलीभीत शामिल हैं।

### मांगों को लेकर मंत्री से मिला लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति, उप्र. के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को विधान भवन में राजनीतिक पेंशन विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह से मुलाकात कर कई मांगें रखीं। इस दौरान राजनीतिक पेंशन विभाग की प्रमुख सचिव, संयुक्ता समद्दार, विशेष सचिव, मनोज कुमार राय व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। लोकतंत्र सेनानियों की मांगों में राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा संचालित वोल्वो एवं प्लेटिनम बसों में एक सहयात्री के साथ नि:शुल्क यात्रा की सुविधा, सभी प्रमुख सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा और राज्य अतिथि गृहों, विश्राम गृहों में कक्ष आवंटित किया जाना शामिल है। इसके अलावा राज्य संपत्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग से लोकतंत्र सेनानियों को भी वर्गीकृत किये जाने के लिए अनुरोध किया गया।

# किसानों को पारंपरिक सिंचाई से मुक्ति दिलाएगी एमसीएडी योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योजना को धरातल पर उतारने के लिए केंद्र सरकार ने मंजूर किए 1600 करोड़
- जल प्रबंधन व ग्रामीण समृद्धि की ओर बड़ा कदम, हर खेत तक पहुंचेगा पानी

**अमृत विचार :** योगी सरकार प्रदेश के किसानों को सिंचाई की आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने जा रही है। मॉडरेशन ऑफ कमांड एरिया डवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट प्रोग्राम (एमसीएडी योजना) का खाका तैयार कर लिया गया है। इसके लिए केंद्र सरकार ने 1,600 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें आईआईटी कानपुर का भी अहम रोल रहेगा। इससे एक ओर जहां खेतों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

पारंपरिक सिंचाई पद्धतियों की जगह अब प्रेसराइज्ड पाइप इरिगेशन नेटवर्क (पीपीआईएन) तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे 90 प्रतिशत तक जल उपयोग दक्षता प्राप्त की जा सकेगी। इससे पानी की भारी बचत, उच्च उत्पादन और ऊर्जा की खपत में कमी सुनिश्चित होगी। योजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत लागू किया जा रहा है। इसमें जल शक्ति मंत्रालय की दो इकाइयों सीएडब्ल्यूएम (कमांड एरिया डवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट) और एआईबीपी (एक्सीलरेटेड इरिगेशन बेनिफिट प्रोग्राम) को एक प्लेटफॉर्म पर लाया गया है। योजना के पहले चरण को मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद 1 अप्रैल 2026 से दूसरा चरण लागू किया जाएगा। इसके संचालन और रखरखाव की प्रक्रिया 2031 तक जारी रहेगी।

### 50 से 5000 हेक्टेयर तक के बनाए जाएंगे क्लस्टर

सिंचाई एवं जल संसाधन सचिव जीएस नवीन ने बताया कि एमसीएडी योजना के तहत 50 से 5000 हेक्टेयर तक के क्लस्टर बनाए जाएंगे। हर क्लस्टर में वॉटर यूजर सोसाइटी (डब्ल्यूयूएस) का गठन किया जाएगा। इससे जुड़कर किसान सिंचाई प्रबंधन करेंगे। इससे किसानों को न केवल जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी उनकी भागीदारी बढ़ेगी। योजना के पहले चरण में ही 150 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी बचाया जा सकेगा।

### मिलेगा रोजगार बढ़ेगा कृषि बाजार

जीएस नवीन ने बताया कि योजना के कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। किसानों को सिंचाई तकनीकों की ट्रेनिंग दी जाएगी। एमसीएडी योजना के तहत 'एक क्लस्टर, एक फसल' मॉडल को अपनाया जाएगा।

### आधुनिक तकनीक से होगी निगरानी

योजना की निगरानी तीन स्तरों क्रमश: राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर होगी। वहीं जल शक्ति मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में केंद्रीय समिति बनेगी। राज्य स्तर पर मुख्य सचिव और जिला स्तर पर जिलाधिकारी योजना के कार्यों की निगरानी करेंगे। साथ ही आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स), एससीएडीए (सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डाटा एक्विजिशन), जीआईएस (ग्राफिक इंफ्रॉर्मेशन सिस्टम और सैटेलाइट) डेटा जैसे तकनीकी उपकरणों के जरिए भी निगरानी की जाएगी। इस योगी के इस कदम से न केवल जल की बर्बादी रुकेगी, बल्कि किसानों की उत्पादकता, आमदनी और आत्मनिर्भरता में भी वृद्धि होगी।

### आपातकाल की कांग्रेस नीति पर प्रहार करेगी भाजपा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा आपातकाल के 50वें वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आपातकाल की भयावहता, क्रूरता एवं दमन की कांग्रेसी नीति को लोक दरबार में लेकर पहुंचेगी। 25 जून को जिला स्तर पर संगोष्ठियों के माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं, प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका और देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलने वाले आपातकाल के काले अध्यायों पर संवाद करेगी। मुख्यमंत्री योगी लखनऊ व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मुरादाबाद में संगोष्ठी में जनसंवाद करेंगे।

# माफिया मुक्त गाजीपुर बढ़ रहा आगे : योगी

## मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की, कई प्रस्तावों को दी स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गाजीपुर को माफिया मुक्त बताते हुए कहा कि अब विकास की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने विकास की कई सौगात दी। जनप्रतिनिधियों की मांग पर गाजीपुर में अंधऊ चौकिया बाईपास के प्रस्ताव को स्वीकृति दी।



गाजीपुर में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व कानून व्यवस्था को लेकर बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

गाजीपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी ने निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण और विकास कार्य व कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चितनाथ घाट व कलेक्टर घाट से गाजीपुर से जुड़े कॉरिडोर निर्माण से संबंधित प्रस्ताव का डीपीआर मंगाया गया है। इस पर भी आगे कार्रवाई होगी। विकास का सिलसिला अनवरत चलता रहेगा। जनपद अच्छी दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मेरिट के आधार पर तेजी से राजस्व वादों का निस्तारण भी हुआ है।

योगी ने कहा कि अभी यूपी की पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया है। देश के सबसे बड़े पुलिस बल में 60,244 युवाओं की भर्ती हुई है। इनमें से 1534 अभ्यर्थी गाजीपुर जनपद के हैं। योगी ने चयनित अभ्यर्थियों व उनके परिवारों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजीपुर अत्यंत महत्वपूर्ण जनपद है। जनपद का इतिहास रामायण काल और उससे भी प्राचीन है। बीच के कालखंड में इस जनपद को पहचान के संकट से गुजरना पड़ा था, लेकिन आज पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज यहां की पहचान बन गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजीपुर माफिया मुक्त जनपद बना है। विकास की प्रक्रिया के साथ गाजीपुर अब आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ प्राप्त कर रहा है, जिसमें पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को शक्तिनगर तथा गंगा एक्सप्रेसवे को मीरजापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली होते हुए गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक मिलाने की कार्रवाई आगे बढ़ने जा रही है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर जनपद गाजीपुर को नई पहचान दिलाएगा।

# खाद प्रकरण में सीतापुर के डीएओ निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खाद की कोई कमी नहीं कालाबाजारी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : शाही

**अमृत विचार :** खाद की कालाबाजारी मामले में सीतापुर के जिला कृषि अधिकारी (डीएओ) मनजीत कुमार को निलंबित कर दिया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। कालाबाजारी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कृषि मंत्री मंगलवार को लोकभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि राज्य के सभी 75 जिलों में 25 लाख 74 हजार मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। फिर भी यदि कोई किसान को ऊंचे दामों पर खाद बेच रहा है, तो उसके खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जा रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि 22 और 23 जून को लखनऊ, सीतापुर समेत कई जिलों में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। ओवररेटिंग, टैगिंग और रजिस्टर में गड़बड़ी के मामलों में संबंधित प्रतिष्ठानों को सील कर उनके लाइसेंस निलंबित या निरस्त कर दिए गए हैं। कई स्थानों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू हो चुकी है।



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

उन्होंने बताया कि सीतापुर के जिला कृषि अधिकारी से जब पूछा गया कि पिछली बार निरीक्षण कब किया गया तो उन्होंने बताया कि मार्च के बाद से वे निरीक्षण पर नहीं गए। यह बात सुनते ही मंत्री ने उन्हें निलंबित करने के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री ने बताया कि अब सिर्फ सक्रिय रिटेलर ही खाद का व्यवसाय कर सकेंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को उर्वरक का संतुलित उपयोग सिखाया जाए। अत्यधिक रासायनिक खादों से भूमि की उर्वरता पर असर पड़ता है।

# सरकारी अस्पतालों को मिले 355 विशेषज्ञ चिकित्सक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनएचएम के तहत तैनात किए गए चिकित्सक
- 80 एनस्थीसिया विशेषज्ञों से सर्जरी को मिलेगी गति

**अमृत विचार :** मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए सरकारी अस्पतालों में 355 विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की गई है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने डॉक्टरों की तैनाती को स्वीकृति दी है।

ब्रजेश पाठक ने बताया कि सरकार अभियान चलाकर विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती कर रही है। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के तहत विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया था। रिवर्स बिडिंग के तहत 355 विशेषज्ञ डॉक्टरों का चयन किया गया है।

उप मुख्यमंत्री के अनुसार, 80 एनस्थीसिया विशेषज्ञों का चयन किया गया है। इससे अस्पतालों में सर्जरी के लिए एनस्थीसिया विशेषज्ञों का इंतजार नहीं करना होगा। सर्जरी की संख्या में भी वृद्धि होगी। बच्चों को अच्छा व आधुनिक इलाज उपलब्ध कराने के लिए 78 बाल रोग विशेषज्ञों का चयन किया गया है। इससे बच्चों को समय पर इलाज मिल सकेगा।

### महिला रोग विशेषज्ञों का भी चयन

सुरक्षित प्रसव कराने के लिए 63 महिला रोग विशेषज्ञों की अस्पताल में तैनाती की जा रही है। इससे गर्भवती महिलाएं व विभिन्न बीमारी से पीड़ित महिलाओं को आसानी से उपचार मिल सकेगा। साथ ही 32 आर्थोपैडिक्स, 27 जनरल सर्जन, 20 पैथोलॉजिस्ट, 11 रेडियोलॉजिस्ट, 11 कंसल्टेंट मेडिसिन, आठ जनरल मेडिसिन, आठ ईएनटी विशेषज्ञों का चयन किया गया है। एक चेस्ट फीजिशियन, पांच मानसिक रोग विशेषज्ञ, तीन माइक्रोबायोलॉजिस्ट, सात नेत्र रोग विशेषज्ञ व एक फिजिशियन का चयन किया गया है।

## हिंसक जानवरों के लिए बनेंगे रेस्क्यू सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने 57 करोड़ 20 लाख रुपये खर्च कर मेरठ, पीलीभीत, महराजगंज और चित्रकूट में रेस्क्यू सेंटर तैयार किया है। इसके जरिए बाघ, तेंदुआ, सियार जैसे बड़े मांसाहारी जीवों के वन क्षेत्र के समीप के गांवों और शहरों में आए दिन होने वाले संघर्ष से बचाव होगा। इसका खर्च एसडीआरएफ उठाएगी, जल्द ही जरूरी मैन पावर और उपकरणों की व्यवस्था कर इनका संचालन शुरू हो जाएगा। प्रदेश की मुख्य वन संरक्षक अनुराधा वेमुरी ने बताया कि इन रेस्क्यू सेंटर का उद्देश्य वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करने के साथ वन क्षेत्र के समीप रहने वाले ग्रामवासियों की इन हिंसक पशुओं से सुरक्षा प्रदान करना है।

# देवीपाटन मंदिर के पास 2 लेन व कानपुर में 4 लेन बनेगी आरओबी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर जिले में स्थित देवीपाटन मंदिर के समीप 2 लेन तथा कानपुर में 4 लेन युक्त रेल ओवरहेड ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही, कानपुर से उन्नाव (शुक्लागंज) की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए गंगा नदी पर संपर्क मार्गों से युक्त नए फोरलेन ब्रिज के निर्माण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है।

इन तीनों ही परियोजनाओं को पूरा करने का खाका उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम ने तैयार कर लिया है। कार्यों को पूरा करने के लिए 2 वर्ष की समयावधि तय की गई है। इन्हें इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में पूरा किए जाने की तैयारी है। कार्ययोजना के अनुसार देवीपाटन मंदिर के समीप तुलसीपुर-गोंडा रेल सेक्शन पर 57 करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर लगभग 629 मीटर लंबे रेल ओवरहेड ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। वहीं, 151 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से कानपुर में फोरलेन आरओबी का निर्माण होगा। इसके साथ ही जीटी रोड पर फोरलेन फ्लाइओवर तथा घंटाघर के समीप 2 लेन का फ्लाइओवर बनेगा। जबकि, गंगा नदी पर 163 करोड़ से अधिक की लागत से नया फोरलेन ब्रिज बनेगा। यह दोनों तरफ से ही संपर्क मार्ग से युक्त होगा और पुराने क्षतिग्रस्त पुल से 50 मीटर दूरी पर (अपस्ट्रीम दिशा में) स्थित होगा।

### इस सप्ताह जमकर बारिश होने का अनुमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में इस सप्ताह जमकर बारिश होगी। आगरा, लखीमपुर खीरी और कुशीनगर समेत 16 जिलों में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच बारिश की वजह से कई जगहों पर बिजली गिरने का भी अलर्ट है। दरअसल, राज्य के अलग-अलग हिस्सों में मॉनसून अपना असर दिखाना शुरू कर रहा है। इस दौरान कई जगहों पर भारी बारिश और आंधी-तूफान का असर देखने को मिलेगा। विभिन्न हिस्सों में मौसम विज्ञान विभाग ने अगले हफ्ते भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। उत्तर प्रदेश के मध्य भागों में ऊपरी हवा में चक्रवाती हलचल है। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों में निचले क्षोभमंडल स्तर पर निम्न दबाव के क्षेत्र बना हुआ है। इसके कारण मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। खासकर उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिण भारत में भी भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। 30 जून तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है, जिसमें उत्तराखंड में 27 जून तक बहुत भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इस दौरान बिजली गिरने की घटनाएं संभावित हैं।

# भागवत कथा क्यों नहीं कह सकते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि वर्चस्वादी और प्रभुत्ववादी लोग कथा वाचन में अपना एकाधिकार बनाये रखना चाहते हैं। कथा वाचन को जिन्होंने भावना की जगह व्यवसाय बना लिया, उन्हीं प्रभुत्ववादियों और वर्चस्ववादी लोगों के कारण इटावा में कथा वाचक का अपमान कांड हुआ है।

सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आयोजित एक प्रेसवार्ता में मंगलवार को अखिलेश यादव ने आरोप लगाया



सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

कि इस सरकार में बैठे लोग लगातार अन्याय करा रहे हैं। प्रभुत्ववादी और वर्चस्ववादी लोग लगातार पीडीए परिवार के लोगों को डरा-धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोचने का सवाल यह है कि श्रीमद्भागवत कथा सबके लिए है। जब सब सुन सकते है तो सब बोल क्यों नहीं सकते हैं।

# हिंदू धार्मिक स्थलों से खिलवाड़ कर रही सरकार : राय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हिन्दुत्व के नाम पर बनी भाजपा सरकार हिन्दू धार्मिक स्थलों से खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश में सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों के स्वरूपों को बदला जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दुनिया में जितने भी प्राचीन शहर हैं। सबने अपना स्वरूप बचाकर रखा है। किसी ने



पत्रकारों को जानकारी देते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

उसको नहीं बदला है, पर भाजपा सरकार पुराने सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों को नष्ट कर रही है। उन्होंने कहा कि बनारस के मूल स्वरूप को बर्बाद किया गया। सैकड़ों शिवलिंग और मंदिरों को तोड़ा गया, वट वृक्ष काट दिया गया।

उन्होंने कहा कि अब सरकार की निगाह मां विंध्यवासिनी के मंदिर पर है। इसके बाद वृंदावन की कुंज गलियों को भी खत्म कर देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी ईश्वर से जुड़े आस्था के स्थान हैं, जिनको भाजपा सरकार पर्यटन स्थल या पिकनिक स्पॉट में बदल रही है। उन्होंने बताया कि सोहनलाल मिश्र चारों वेदों के ज्ञाता हैं और वृंदावन के तीर्थ पुरोहित भी हैं। इनका परिवार और इनका समाज 500 वर्षों से मंदिर में सेवा कर रहा है। सरकार इन लोगों पर दबाव डाल रही है।


## वर्ग पहेली-12

**बाएं से दाएं**

1. 1. पाश जिसका अस्त्र है अर्थात वरुण देवता 2. यम 3. बहेलिया।
4. 1. जो मन में बसा हो, प्रिय 2. प्रेमपात्र।
6. 1. बंदर 2. पक्षी, चिड़िया 3. सूर्य।
8. 1. बुराई 2. अहित।
9. परम दयालु, परम कृपालु।
10. 1. अनिश्चयात्मक ज्ञान 2. दुविधा 3. संभावना और असंभावना का मिश्रण 4. संकट की आशंका या संदेह।

**ऊपर से नीचे**

2. तत्काल, अचानक, एकाएक, फटाफट।
3. 1. दानशीलता 2. उदारता 3. दरियादिली।
5. 1. दो या दो से अधिक संस्थाओं
7. 1. किसी बात का परिणाम या फल बताना 2. (ज्योतिष) वे बातें जो व्यक्ति के जीवन पर ग्रहों के प्रभाव के रूप में कही जाती हैं।
8. 1. मानरहित, प्रतिष्ठारहित 2. जिसका मान या अंदाज़ न हो, बहुत, बेहद, अपरिमित 3. सीधा-सादा, गर्वरहित।



### वर्ग पहेली -11 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | थे | रा | | | | 2 अ |
| जू | | | 3 कृ | | 4 ले | न |
| म | | | प | | | जा |
| | 5 हं | 6 त | का | 7 र | | न |
| | | 8 ब | र | प | ना | |
| 9 भु | 10 र | का | | ट | | |
| | न | | | 11 ना | दि | रा |

## सुडोकू -19

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 2 | | | | | |
| 3 | | | | 7 | | | | 8 |
| | 5 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | 4 | 9 | | 1 | 3 | | | 7 |
| | 1 | | 4 | | 5 | | 8 | |
| 5 | | | 6 | 9 | | 2 | 4 | |
| | | 7 | | | 2 | 1 | 5 | |
| 9 | | | | 4 | | | | 3 |
| | | | | | 8 | | | 6 |

### सुडोकू - 18 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 5 | 9 | 4 | 1 | 3 | 6 |
| 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अमावस्या-16.00 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मृगशिरा 10.40 तक तत्पश्चात अर्द्रा।

**मेष** — आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आय के नए संसाधन विकसित हो सकते हैं। शेयर मार्केट में बड़ा धन लाभ होने की संभावना है। भाग्य आपका साथ देगा। वरिष्ठ सहकर्मी आपका मनोबल बढ़ायेंगे। किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — आज संतान के माध्यम से आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क दिखाना पड़ेगा। कानूनी मामलों में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। मार्केटिंग संबंधी कार्य लाभकारी सिद्ध होंगे। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं।

**मिथुन** — आज आपकी दिनचर्या थोड़ी सुस्त हो सकती है। लेकिन आपको बड़ी जिम्मेदारियों का पालन करना पड़ेगा। दिन की शुरुआत नकारात्मक रहने वाली है। दोपहर के बाद धीरे-धीरे आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। विचारशैली में नयापन आयेगा।

**कर्क** — आज पारिवारिक जीवन में खुशहाली रहेगी। व्यवसाय में आय अपेक्षाकृत कम हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा से परेशानी हो सकती है। अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें। अपने अहंकारी व्यवहार पर नियंत्रण रखें। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं।

**सिंह** — आज अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। जॉब में आपकी आय बढ़ सकती है। आज आप कहीं पर्यटन की योजना बना सकते हैं। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। आत्मचिंतन के माध्यम से अपनी कमियों को दूर करेंगे।

**कन्या** — आज निजी जीवन की समस्याओं का निवारण होगा। नया कार्य आज शुरू कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। व्यापार को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। एसिडिटी की समस्या हो सकती है। रिश्तेदारों से मिलना हो सकता है।

**तुला** — आज आपके सभी कार्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। पुरानी उधारी चुकाने में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। संपत्ति की डील से आपको लाभ होगा। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े भावुक हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में अस्थिरता रहेगी। आज आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। दूसरों की गलतियां ढूंढने में समय व्यर्थ न करें।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत में जो काम उलझे हुये थे शाम तक उन्हें सुलझाने में सफलता मिलेगी। अपनी जीवनशैली के प्रति लापरवाह न हों। नौकरीपेशा लोग जॉब के साथ किसी व्यवसाय की भी योजना बना सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के सुझाव से काम करना हितकर होगा।

**मकर** — आज जॉब में परिवर्तन का विचार बना रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। दिन का प्रारम्भिक भाग तनाव युक्त रहेगा। लेकिन दोपहर के बाद कोई रुका हुआ काम बन सकता है। कुछ लोग आपके अच्छे कार्यों व योगदान की उपेक्षा कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी दूसरे के हित प्रभावित हों। प्रेमी जन से मतभिन्नता के कारण झगड़ा हो सकता है। सेहत को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। दांपत्य संबंधों में पारदर्शिता रखें। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा को लेकर दबाव हो सकता है।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र की आंतरिक व्यवस्था पर काम करेंगे। नए उद्यमों की शुरुआत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। प्रतिद्वन्दी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे। अपच के कारण आपको परेशानी होगी। सरकारी कार्यों में आपको लाभ होगा।

दुर्जनेषु च सर्पेषु वरं सर्पो न दुर्जनः।
सर्पो दंशति कालेन दुर्जनस्तु पदे-पदे ॥

दुष्ट और सांप, इन दोनों में सांप अच्छा है, न कि दुष्ट । सांप तो एक ही बार डसता है, किन्तु दुष्ट तो पग-पग पर डसता रहता है ।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण उपलब्धि

स्वच्छ ऊर्जा, स्वास्थ्य और आवास में प्रगति के आधार पर भारत 2025 के वैश्विक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) सूचकांक में शीर्ष 100 देशों में शामिल हो गया है। यह उपलब्धि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में देश की प्रगति को दर्शाती है। अभिमान की बात है कि देश की प्रगति का श्रेय बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार, गरीबी उन्मूलन, स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच और स्वास्थ्य सेवा को दिया जा रहा है। यह पहली बार है कि एसडीजी की वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष देशों की सूची में प्रवेश किया है। गौरतलब है कि 2015 में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा अपनाए गए 17 सतत विकास लक्ष्यों का उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, असमानता को कम करना, स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार, पर्यावरण की रक्षा करना और 2030 तक वैश्विक सहयोग सुनिश्चित करना है। इनमें गरीबी उन्मूलन, अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु कार्रवाई जैसे लक्ष्य शामिल हैं। यह रैंकिंग भारत के लिए एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत को अपनी क्षेत्रीय और वैश्विक भूमिका को भी ध्यान में रखना होगा। भारत को अपने पड़ोसी देशों और अन्य विकासशील देशों के साथ सहयोग करना होगा ताकि वे भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वैश्विक सहयोग आवश्यक है।

भारत को अपनी नीतियों और योजनाओं को एसडीजी के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है। इसके अलावा, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक बहु-हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। अभी केवल शुरुआत है, भारत को सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत को गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

# जब लोकतंत्र के सूरज पर तानाशाही के ग्रहण का पहरा था



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

> अदालत ने इंदिराजी की प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में डाली थी। उसे हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38वां संशोधन लाया गया। आपात स्थिति की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया।

बांग्लादेश युद्ध की कामयाबी ने इंदिरा गांधी को लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचा दिया था। 1971 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी को 352 सीटें हासिल हुई थीं। विपक्ष हताश था। उसी बीच 1973 में गुजरात में छात्रों का आंदोलन शुरु हुआ। फौरी कारण हॉस्टल में भोजन की दरों में बढोतरी था। फिर यह आंदोलन फैलता गया। मांगे जुड़ती गईं। मोरारजी देसाई गुजरात के मुख्यमंत्री चिमन भाई पटेल की बर्खास्तगी और विधानसभा भंग करने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठ गए। जबरदस्त जनदबाव के बीच केंद्र को विधानसभा भंग करनी पड़ी। उधर बिहार का छात्र आंदोलन वहां की गफूर सरकार के खिलाफ़ था। आजादी के बाद से राजनीति से दूर रहने वाले जयप्रकाश नारायण की शख्सियत बहुत बड़ी थी। आंदोलन से उनके जुड़ाव का देशव्यापी प्रभाव पड़ा। जिधर वह निकले छात्र-युवा, "अंधकार में एक प्रकाश-जयप्रकाश-जयप्रकाश" के नारों के साथ उमड़ पड़े। पटना में बेकाबू पुलिस ने उन पर भी लाठियां चला दीं। नानाजी देशमुख और अंगरक्षक ने खुद पर प्रहार झेलकर जेपी की रक्षा की। इस हमले ने आंदोलन का अनेक राज्यों में विस्तार किया।

उधर 12 जून 1975 की तारीख ने देश की दिशा ही बदल दी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिराजी का रायबरेली से लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोप में रद कर दिया। 1971 में वह इस क्षेत्र से सोशलिस्ट नेता राज नारायण से चुनाव जीती थीं। 12 जून को ही गुजरात विधानसभा के चुनाव नतीजे आए। जनता मोर्चे की बढ़त ने कांग्रेस पर दोहरा दबाव बनाया। निर्वाचन रद होने के बाद इंदिराजी पर इस्तीफ़े का भारी दबाव था। उनके छोटे पुत्र संजय गांधी उस समय तक मदद में सक्रिय हो चुके थे। समर्थकों और दिल्ली तथा पास-पड़ोस से जुटाई जा रही भीड़ इंदिराजी समर्थन में नारे लगा रही थी। हाईकोर्ट ने उन्हें अपील के लिए 15 दिन का समय दिया था। बीच के 12 दिन भारी संशय और तनाव भरे थे। पर 24 जून को सुप्रीमकोर्ट की अवकाशकालीन पीठ के जस्टिस कृष्णा अय्यर ने उन्हें राहत दी। जस्टिस अय्यर ने लोकसभा

> सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के बाद इंदिराजी ने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए कमर कस ली। संजय गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस समय तक अपना पूरा प्रभाव बना चुकी थी। बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक इमरजेंसी की योजना लेकर आगे आए।

में मतदान के उनके अधिकार पर पाबंदी लगाई लेकिन प्रधानमंत्रीके पद पर बने रहने की इजाजत दे दी। विपक्ष फिर भी आक्रामक था। 25 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान की सभा ऐतिहासिक थी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण और अन्य प्रमुख विपक्षी नेताओं ने जनता से संघर्ष तेज करने की अपील की। कहा कि सरकार कानूनी और नैतिक दोनों ही नज़रियों से सत्ता में रहने का हक़ खो चुकी है। उसके आदेश न माने जाएं।

सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के बाद इंदिराजी ने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए कमर कस ली। संजय गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस समय तक अपना पूरा प्रभाव बना चुकी थी। बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक इमरजेंसी की योजना लेकर आगे आए। योजना पर मंत्रिमंडल की सहमति की औपचारिकता अगली सुबह निभाई गई। 25 जून की रात को ही राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने बिना नानुकुर के इस पर दस्तख़त कर दिए। वह रात विरोधियों पर कहर बन कर टूटी। जयप्रकाश नारायण सहित तमाम विरोधी नेता बीच रात सोते से थानों पर ले जाए गए। लोगों को ख़बर होने के पहले भोर में ही उन्हें अलग-अलग जेलों के लिए रवाना कर दिया गया। गिरफ्तारियों का यह सिलसिला देशव्यापी था। अखबारों की बिजली काटी गई। सेंसरशिप लागू की गई। नागरिक अधिकार छीन लिए गए। लाखों विपक्षी जेल में थे। बाकी देश खुली जेल था। लोकतंत्र के सूरज पर तानाशाही के ग्रहण का पहरा था। अगले उन्नीस महीने सत्तादल की मनमानी और पुलिस-प्रशासन की जुल्म ज्यादती की तकलीफ़देह दास्तानों से भरपूर थे।

अदालत ने इंदिराजी की प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में डाली थी। उसे हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38वां संशोधन लाया गया। आपात स्थिति की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया। इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ़ सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील के फैसले का इंतजार नही किया गया। 10 अगस्त 1975 को पेश 39वें संशोधन ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा लोकसभा स्पीकर के निर्वाचन से संबंधित विवादों को न्यायिक परीक्षण से मुक्त कर दिया। 28 अगस्त 1976 को प्रस्तुत 42वें संशोधन का दायरा व्यापक था। मूल अधिकारों पर संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों की सर्वोच्चता सुनिश्चित की गई। संविधान को न्यायिक परीक्षण से मुक्त किया गया। सभी लोकसभा-विधानसभा की सीटों को शताब्दी के अंत तक के लिए स्थिर किया गया। किसी केंद्रीय कानून के सर्वोच्च न्यायालय और राज्य के कानून के परीक्षण का अधिकार हाई कोर्ट को दिया गया। पर इसका उपबंध अदालतों के लिए किसी कानून को रद करना मुश्किल करता था। वह था "किसी भी संविधानिक वैधता के प्रश्न पर पांच से अधिक न्यायधीशों की बेंच द्वारा दो तिहाई बहुमत से निर्णय लिया जाएगा। यदि बेंच के न्यायाधीशों की संख्या पांच ही हो तो सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा।" 1971 में चुनी लोकसभा का कार्यकाल 1976 में पूर्ण हो रहा था। उस समय तक इंदिराजी चुनाव को लेकर मन नही बना पायीं थीं। इस संशोधन ने लोकसभा के कार्यकाल को भी पांच वर्ष से बढ़कर छः वर्ष कर दिया गया। सत्ता की मनमानी और उसे मजबूत करने की कोशिशों ने संविधान को माखौल में बदल दिया। विपक्ष जेल में था। अदालतें डरी हुई थीं। प्रेस पाबंदियों में जकड़ा हुआ था। अनेक जजों और अखबारों ने सत्ता से तालमेल बिठाना सीख लिया था। जो ढर्रे पर नही आए, उन्हें पुलिस तथा अन्य सरकारी एजेंसियों का उत्पीड़न झेलना पड़ा। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिराजी की छवि और विश्वसनीयता पर गहरा धक्का लगा था। खुशामदी उन्हें जीत के प्रति आश्वस्त कर रहे थे। खुफिया एजेंसियों के लोगों को नौकरी बचानी थी। उन्होंने भी आसमानी अनुमान पेश किए। संविधान अपने अनुकूल ढाला जा चुका था। जीत तय मानी गयी। 18 जनवरी 1977 को लोकसभा चुनाव के फैसले की घोषणा कर दी गई। तारीख़ें 20-24 मार्च 1977 की थीं। विपक्षियों की रिहाई शुरु की गई। हिसाब लगाया गया था कि उन्नीस महीने जेल में बिता कर निकले नेताओं को संभलने का मौका ही नहीं मिलेगा। पर इमरजेंसी की ज्यादतियों से नाराज जनता के लिए पार्टी-उम्मीदवार बेमानी थे। जयप्रकाशजी की कोशिशों से बिखरे विपक्षियों ने चरण सिंह के भारतीय लोकदल का चुनाव निशान हलधर लिया। जनता पार्टी का नाम दिया। जनता ने सिर्फ कांग्रेस को सत्ता से बेदख़ल नहीं किया। रायबरेली जहां से पिछली बार इंदिराजी जीतकर अदालत से हारी थीं, को इस बार जनता ने हराया। बाजू की अमेठी लोकसभा सीट पर संजय गांधी पराजित हुए। पूरे उत्तर भारत से कांग्रेस साफ थी। जनता पार्टी की लोकसभा सीटें 298 थीं। 24 मार्च 1977 को मोरारजी देसाई की अगुवाई में जनता पार्टी की सरकार बनी। इमरजेंसी की ज्यादतियों के खिलाफ़ एकजुट हुए इस पार्टी के घटक जल्दी ही आपस में उलझने लगे। 15 जुलाई 1979 को मोरारजी सरकार का इस्तीफ़ा हो गया। इस सरकार की नाकामियों और उस वक्त या बाद में उसके किरदारों की भूमिका एक अलग विषय है। पर लोकतंत्र और भारतीय संविधान में आस्था रखने वाले इस सरकार के एक बड़े योगदान को जरुर याद रखना चाहेंगे। साथ में मशहूर वकील शांति भूषण को याद कर सकते हैं। यह शांति भूषण थे, जिन्होंने राजनारायण के वकील के तौर पर हाईकोर्ट में जबरदस्त पैरवी करके इंदिराजी का चुनाव रद कराया था। उन्ही शांति भूषण ने जनता पार्टी की सरकार के कानून मंत्री के तौर पर, इमरजेंसी में नखविहीन कर दी गईं अदालतों की गरिमा वापस कराई।

## प्रसंगवश

# आपदा की चेतावनी देती एक मछली

> ओरफिश 250 मीटर (660 फीट) से लेकर 1,000 मीटर (3,300 फीट) तक की गहराई पर स्थित एपिपेलैजिक से लेकर मेसोपेलैजिक महासागर परतों में रहती है और सतह पर शायद ही कभी देखी जाती है।

विगत दिनों तमिलनाडु के तट पर एक महाकाय मछली दिखने से लोग भयग्रस्त हो गए। क्योंकि देखी गई मछली को प्रलय का अग्रदूत माना जाता है। लोकश्रुतियां हैं कि जहां भी यह मछली दिखती है भयानक भूकंप या सुनामी आ जाती है। अब चूंकि मेरा मछलियों के विभाग से लंबा वास्ता रहा है, लोग मुझसे इसके बारे में विस्तार से जानना चाह रहे हैं।

यदि मेरी याददाश्त सही है तो मुझे इस मछली को देखने का मौका मुंबई में 1992-1993 में मिला था जब मैं सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ फिशरीज एजुकेशन (अब विश्वविद्यालय) में 'इन सर्विस' ट्रेनिंग के दौरान विशाल समुद्री पोत सरस्वती पर सुदूर समुद्र में था जहां बड़े यांत्रिक जालों से मछलियां पकड़ी जा रही थीं ताकि प्रशिक्षुओं को समुद्री मत्स्य संपदा से परिचित कराया जा सके।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक दिन यह विशालकाय फीताकार मछली जाल में आई दिखी तो सब हैरान रह गए थे। हमारे प्रशिक्षक ने बताया था कि वह दुर्लभ 'ओरफिश' है। यह नाम पहली बार वहीं सुना था। समुद्री पोत के क्रू मेंबर्स ने तब इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई थी क्योंकि इसके मांस का टेक्स्चर अच्छा न होने के कारण इसकी कोई खास वैल्यू नहीं थी।

दरअसल ओरफ़िश गहरे समुद्र की मछलियों के एक छोटे से परिवार रेगलेसिडे से संबंधित है। यह विशालकाय और बहुत लंबी पेलाजिक लैम्प्रिफॉर्म मछली हैं। ये समशीतोष्ण महासागर क्षेत्रों से लेकर उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों तक फैले क्षेत्रों में पाई जाती हैं। मगर बहुत कम ही देखी जाती हैं। ओरफ़िश परिवार में तीन प्रजातियां शामिल हैं। इनमें से ही एक, विशालकाय ओरफ़िश (रेगलेकस ग्लीसन) है और एक सबसे लंबी बोनी मछली है जो लंबाई में लगभग 8 मीटर (26 फीट) तक बढ़ जाती है।

ओरफिश को आम तौर पर "प्रलय को लाने वाली मछली" कहा जाता है। जापानी संस्कृति में, जब कोई ओरफिश सतह के पास दिखाई देती है, तो इसे आने वाली प्राकृतिक आपदा की चेतावनी के रूप में लिया जाता है।

मगर वैज्ञानिक मानते हैं कि गहरे समुद्र में रहने वाली यह मछली तब सतह पर दिखाई देती हैं जब वे बीमार होती हैं, या मर रही होते हैं। जबकि आम लोगों में ओरफिश को देखना बेहद दुर्लभ माना जाता है और एक बार से अधिक दिखाई देने के बाद, इसे चेतावनी माना जाता है।

तमिलनाडु में देखे जाने से पहले, एक ओरफिश ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया में स्ट्रैहान के पास के तट पर बहकर आई थी। ऐतिहासिक रूप से, मछली की उपस्थिति को बाद की प्राकृतिक आपदाओं, जैसे भूकंप या सुनामी आदि से जोड़ा गया है। केतोहोकू भूकंप और सुनामी के बाद जिसमें 20,000 से अधिक लोग मारे गए, जापान में कई लोगों ने 2009 और 2010 में देश के समुद्र तटों पर बहकर आई 20 ओरफ़िश को जिम्मेदार बताया था ।

हालांकि 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि ओरफ़िश की उपस्थिति और उसके बाद के भूकंपों के बीच का संबंध एक "भ्रामक सहसंबंध" है। मगर अब तमिलनाडु के तटीय वासी डरे सहमे किसी भारी आपदा का इंतजार कर रहे हैं।

ओरफिश 250 मीटर (660 फीट) से लेकर 1,000 मीटर (3,300 फीट) तक की गहराई पर स्थित एपिपेलैजिक से लेकर मेसोपेलैजिक महासागर परतों में रहती है और सतह पर शायद ही कभी देखी जाती है। लेकिन आमतौर पर अगर कोई सतह पर तैरती है, तो वह दबाव कम होने के कारण मर जाती है। ओरफिश जिस गहराई पर रहती है, वहां बहुत कम या कोई धारा नहीं होती है। नतीजतन, वे बहुत कम मांसपेशियों का निर्माण करती हैं और वे उथले अशांत पानी में जीवित नहीं रह सकती हैं।

# मुद्रा, बैंकिंग और आर्थिक विषमता



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> मुद्रा और बैंकिंग के विकास ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है जहां वास्तविक उत्पादन की अपेक्षा वित्तीय सौदेबाज़ी, ट्रेडिंग, और निवेश ही अधिक लाभदायक हो गए हैं।

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में मुद्रा केवल विनिमय का माध्यम नहीं, बल्कि सत्ता, नीति और सामाजिक विभाजन का उपकरण बन चुकी है। मुद्रा और बैंकिंग प्रणाली के विकास ने समाज में जहां आर्थिक क्रियाओं को तीव्रता और विस्तार दिया, वहीं एक गहरे और स्थायी आर्थिक विषमता के बीज भी बो दिए। सोने की ठोस मुद्रा से लेकर आज की अमूर्त डिजिटल मनी तक की यात्रा, केवल तकनीकी विकास की कथा नहीं है, बल्कि यह सत्ता-संबंधों और सामाजिक न्याय की गाथा भी है।

प्रारंभिक समाजों में वस्तु-विनिमय से शुरू होकर मुद्रा का विकास हुआ। जब मुद्रा धातु-आधारित थी- विशेषकर सोना या चांदी- तब उसका कुछ अंतर्निहित मूल्य था। किंतु जैसे-जैसे राज्य ने कागज़ी मुद्रा जारी करना शुरू किया, मुद्रा का वास्तविक मूल्य उसकी स्वीकृतिऔर राज्य की गारंटी पर निर्भर हो गया।

डिजिटल युग में यह और भी अमूर्त हो गई-अब यह केवल बहीखाते में दर्ज अंक हैं। इस अमूर्तता ने मुद्रा को एक राजनीतिक उपकरण बना दिया- जिसकी सृजन व नियंत्रण की शक्ति सीमित संस्थाओं के हाथ में केंद्रित हो गई।

जब राज्य अधिक मुद्रा छापता है, तो उससे उत्पन्न होती है मुद्रास्फीति-जिससे मुद्रा की क्रयशक्ति घटती है। परंतु यह गिरावट सभी पर समान प्रभाव नहीं डालतीः मजदूर की आय स्थिर रहती है, पर उसकी जीवन-शैली महंगी हो जाती है, पूंजीपति की संपत्ति का मूल्य बढ़ जाता है- जैसे ज़मीन, शेयर, सोना। इस प्रकार मुद्रा की अमूर्तता और सृजन की असमान प्रणाली, श्रम के शोषण और संपत्ति आधारित आय के वर्चस्व को स्थापित करती है। डिजिटल बैंकिंग और यूपीआई जैसी प्रणालियां सुविधाजनक अवश्य हैं, पर इनके पीछे एक सर्वव्यापक निगरानी तंत्र भी सक्रिय है। इससे निम्न और मध्यम वर्ग के आर्थिक व्यवहार पर निगरानी, अंकन और मूल्यांकन संभव हो जाता है- जिससे सामाजिक सहायता योजनाओं, क्रेडिट स्कोर या सामाजिक हैसियत में भेदभाव संभव हो जाता है।

मुद्रा और बैंकिंग के विकास ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है जहां वास्तविक उत्पादन की अपेक्षा वित्तीय सौदेबाज़ी, ट्रेडिंग, और निवेश ही अधिक लाभदायक हो गए हैं। इससे श्रमिक और उत्पादक वर्ग की भूमिका गौण हो गई है, और वित्तीय वर्ग सामाजिक शक्ति के केन्द्र में आ गए हैं। यह वही संरचना है जो आर्थिक विषमता को न केवल जन्म देती है, बल्कि उसे संस्थागत रूप भी देती है। जॉन मेनार्ड कीन्स ने इन बातों पर ध्यान दिया था।

यह तर्क दिया जा सकता है कि मुद्रा और बैंकिंग के ये रूप केवल आधुनिकता के स्वाभाविक परिणाम हैं। किंतु यह सत्य नहीं है। यह पूरी व्यवस्था राजनीतिक और नीतिगत विकल्पों द्वारा निर्मित की गई है।

मुद्रा की सृजन प्रक्रिया पर लोकतांत्रिक नियंत्रण नहीं है। इस बात पर सोचा जाना चाहिए कि बैंक अपने जमाकर्ता को फिक्स्ड डिपोजिट पर जो सूद देता है उसकी दर मुद्रास्फीति की दर की तुलना में क्या है।

मुद्रा और बैंकिंग के अमूर्त रूपों ने जहां आर्थिक गतिविधियों को व्यापक और तीव्र बनाया, वहीं उन्होंने समाज में गहराती आर्थिक विषमता को वैधता और स्थायित्व भी दिया। यदि इस प्रवृत्ति को रोका न गया, तो हम एक ऐसे समाज की ओर अग्रसर हैं जहां मुद्रा की सुविधा केवल एक वर्ग के लिए है और शोषण की अनिवार्यता शेष समाज के लिए। क्या मुद्रा, चाहे वह भौतिक हो, डिजिटल हो या क्रिप्टो हो, संस्थानशून्यता, में काम करती है या किसी खास तरह के संस्थान से सामंजस्य स्थापित करके चलती है? मुद्रा केवल विनिमय का माध्यम नहीं है, यह एक सामाजिक अनुबंध, राजनीतिक शक्ति और न्याय की प्रक्रिया का हिस्सा है। जब राज्य या बैंक मुद्रा का निर्माण करते हैं, तो वे केवल आर्थिक प्रवाह नहीं, सामाजिक संबंधों की संरचना भी तय कर रहे होते हैं।

जिस समाज में मुद्रा तक पहुंच आर्थिक हैसियत, क्रेडिट स्कोर, या संपत्ति पर निर्भर हो, वहां मुद्रा सामाजिक विभाजन का औजार बन जाती है और इस प्रकार, सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। मुद्रा के अर्थशास्त्र को केवल तकनीकी या मूल्य-सिद्धांत की दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक नजरिए से देखना ज़रूरी है। हमने इसी व्यापक दृष्टिकोण की ओर कदम बढ़ाया है-और वह न केवल उपयोगी है, बल्कि समय की मांग भी है।

## सोशल फोरम

# कल्पित बंधुत्व

> इन दिनों वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीयता की हवा निकाल दी है और कई भ्रांतिपूर्ण चीजों को ही रियलिटी घोषित कर दिया है!

पिछले 100 सालों में हमारे देश में किसिम-किसिम के अंतर्राष्ट्रीयतावादी हुए। उनमें कुछ अपने को 'विश्वमानव' तो कुछ 'विश्व क्रांतिकारी' समझने लगे थे। उनके लिए देश हमेशा एक छोटी जगह रही है। उन सभी ने अपने-अपने नशे में देशप्रेम को फिजूल की चीज मान लिया। अंतर्राष्ट्रीयता एक कल्पित बंधुत्व है, वह मनुष्य के चित्त को व्यापक करती है। पर जब एक नशा बन जाती है भारतीयता, स्थानीय राष्ट्रीयता, मातृभाषा, लोक संस्कृति जैसी चीजें फिजूल लगने लगती हैं। इन दिनों वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीयता की हवा निकाल दी है और कई भ्रांतिपूर्ण चीजों को ही रियलिटी घोषित कर दिया है!



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कुछ बुद्धिजीवी लंबे समय से भारतीय राष्ट्र को एक 'कल्पित समुदाय' के रूप में देखते रह गए और खुद अंतर्राष्ट्रीयतावाद एक कल्पित भावना में बदल गया– एक कल्पित बंधुत्व, एक कल्पित स्वतंत्रता और एक कल्पित समानता! ऐसी कई भ्रांतिपूर्ण जगहें बन गईं जिनमें सारे बड़े स्वप्न खो गए, यथार्थ खो गए और हर तरफ 'भ्रांतिपूर्ण' छा गया! यह भी देखा जा सकता है कि बड़े व्यापारियों का कोई देश नहीं होता। अरबों में खेलने वाले ऐसे कई व्यापारी 'डबल सिटिजनशिप' रखते हैं। वे अपनी कल्पना 'विश्व नागरिक' के रूप में करते हैं। उनके लिए मुनाफा ही उनका देश है! दूसरी तरफ, बहुत से लोग पेड़ की एक डाल लेकर, उसे ही नचा-नचा कर पूरा पेड़ बताते हैं। वे पूरे भारत की चिंता नहीं करते। देश में जब से लोकप्रियतावादी लोकल प्रचारों का बोलबाला बढ़ा है इतिहास, संस्कृति के साथ देश को भी खंड-खंड देखा जा रहा है। इसे विभिन्न संकुचित स्वार्थों की जमीन से देखा जा रहा है, जहां प्रेम नहीं घृणा है। घृणा के रंग कई हैं, पर नतीजा एक है विनाश।

-फेसबुक वॉल से

# विकास से महाविनाश की ओर



निरंकार सिंह
वरिष्ठ लेखक

> बम के धमाकों से निकलने वाला प्रदूषण, इमारतों के नष्ट होने से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसें, ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे उबरना अब बहुत मुश्किल है।

दुनिया भर के वैज्ञानिक अब अनुभव कर रहे हैं कि आधुनिक औद्योगिक विकास के जिस रास्ते पर हम जा रहे हैं वह विकास नहीं बल्कि महाविनाश की ओर ले जा रहा है। आज हमारे देश के तमाम शहर और कस्बे मोटर और मोटर सायकिलों के कारण जाम, धूल-धुंआ और गहरे प्रदूषण के शिकार हो गए हैं। जहां सांस लेने के लिए न शुद्ध हवा है और न तो पीने के लिए साफ पानी ही है। हमारी फसलें और सब्जियां भी खतरनाक कीटनाशकों से ग्रस्त हैं। उधर कई देशों के बीच चल रही जंग से भी हमारा पर्यावरण गहरे प्रदूषण की चपेट में है। जंग सिर्फ इंसानों की जान ही नहीं लेता बल्कि यह हमारी धरती को भी गंभीर रूप से बीमार कर रहा है। बम के धमाकों से निकलने वाला प्रदूषण, इमारतों के नष्ट होने से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसें, ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे उबरना अब बहुत मुश्किल है।

दरअसल बहुत से लोग यह सोचते हैं कि पर्यावरण या जलवायु परिवर्तन भविष्य की घटना है, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। वे यह नहीं जानते इस बड़े संकट से हम जूझ रहे हैं। दुनिया भर में पारिस्थितिकी तंत्र और लोग आज जलवायु परिवर्तन की चल रही प्रक्रिया से प्रभावित हैं। जलवायु परिवर्तन पर्यावरण को कई अलग-अलग तरीकों से प्रभावित करता है, जिसमें तापमान में वृद्धि, समुद्र का जलस्तर बढ़ना, सूखा, बाढ़ और बहुत कुछ शामिल है। ये घटनाएं उन चीजों को प्रभावित करती हैं जिन पर हम निर्भर हैं और जिन्हें हम महत्व देते हैं, जैसे पानी, ऊर्जा, परिवहन, वन्यजीव, कृषि, पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य।

इस सदी के अंत तक धरती का तापमान 4.9 डिग्री तक फारेनहाइट बढ़ सकता है। अगर ऐसा हुआ तो ये धरती पर भीषण तबाही मच जाएगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी के गर्म होने से महासागरों का जलस्तर इतना बढ़ जाएगा कि कई द्वीप देश हमेशा के लिए डूब जाएंगे। हैम्बर्ग विश्वविद्यालय में ध्रुवीय अनुसंधान के प्रोफेसर और इस शोध में हिस्सा लेने वाले वैज्ञानिक डर्क नॉट्ज के अनुसार धरती के बढ़ते तापमान से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाली जगहों में आर्कटिक सबसे ऊपर है। पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव के आसपास का क्षेत्र लगातार गर्म होता जा रहा है। प्रोफेसर डर्क नॉट्ज के अनुसार, आर्कटिक वैश्विक औसत से चार गुना तेजी से गर्म हो रहा है, जिसके भयानक परिणाम हो सकते हैं। अध्ययन से पता चला है कि आर्कटिक में दैनिक तापमान आने वाले समय में सभी पुराने रिकॉर्ड से पार चला जाएगा। आर्कटिक महासागर लगातार कई गर्मियों तक अपने बर्फ के आवरण को खो देगा। ग्रीनलैंड का पिघलने वाला क्षेत्र चौगुना हो जाएगा और पर्माफ्रॉस्ट क्षेत्र आधे से भी कम हो जाएगा। ये परिवर्तन केवल बर्फ और पानी तक सीमित नहीं होंगे। वन, वन्यजीव और संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र विनाश के जोखिम का सामना कर रहा है। महासागरों में पानी का स्तर बढ़ा तो मानव बस्तियों और बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान होगा।

डरहम विश्वविद्यालय का अध्ययन विज्ञान पत्रिका कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरमेंट पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। प्रमुख शोधार्थी प्रोफेसर क्रिस स्टोक्स ने बताया कि लक्ष्य हासिल करने के बावजूद समुद्र के स्तर में वृद्धि की गति तेज होती रहेगी। ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण से अंटार्कटिका के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अंटार्कटिका शायद एक तरह के टाइम बम के ऊपर तैर रहा है। अंटार्कटिका में कम से कम 100 ऐसे ज्वालामुखी हैं जिनके बारे में बहुत अधिक जानकारी मौजूद नहीं है। इनमें से कुछ पश्चिमी तट पर स्थित है तो वहीं कुछ ज्वालामुखी सतह के ऊपर हैं। लेकिन कई ऐसे भी हैं जो बर्फ की चादर से कई किलोमीटर नीचे स्थित है। जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघलती बर्फ से नीचे की चट्टानों का वजन भी कम हो रहा है। कंप्यूटर सिमुलेशन के आधार पर यह दावा किया गया है कि अगर अंटार्टिक बर्फ की चादर को ज्यादा नुकसान होता है तो नीचे दबे हुए ज्वालामुखी के फटने का खतरा काफी बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने कंप्यूटर सिमुलेशन की मदद से ये जानने का प्रयास किया कि, बर्फ की चादर पिघलने से अंटार्कटिका के ज्लावामुखियों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। इन सिमुलेशनों से यह निष्कर्ष निकला कि धीरे-धीरे पिघलती हुई बर्फ के कारण ज्लावामुखी विस्फोट की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

वैज्ञानिकों का कहना हैं कि दुःख की बात ये है कि जलवायु परिवर्तन हो रहा है। अगर और बुरी हालत बनती है तो इसके नतीजे भुगतने के लिए सभी जीवों को तैयार रहना पड़ेगा क्योंकि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर रोकथाम हो ही नहीं रही है। उससे पूरा वायुमण्डल खराब होता जा रहा है। लेकिन अभी भी यदि हम नहीं संभले तो शायद जल्दी ही वापस लौटने के लिए बहुत ही देर हो चुकी होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# 50 से कम संख्या वाले स्कूलों को मर्ज करने का विरोध

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


सदर विधायक को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में 50 से कम संख्या वाले विद्यालयों के मर्ज करने के आदेश को निरस्त करने और 2004 के शिक्षक शिक्षिकाओं को पुरानी पेंशन से आच्छादित करने की मांग को लेकर यूटा ने मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद एवं सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति को सौंपा है।

यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति और महामंत्री विवेक कुमार दीक्षित के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा शासन ने परिषदीय विद्यालयों में 50 से कम संख्या वाले छात्र/छात्राओं वाले विद्यालयों को युग्मन का नाम देते हुए मर्जर प्रक्रिया अपनाएं जाने का निर्देश जारी किया है। जो देश के भविष्य, ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले नौनिहालों के भविष्य पर कुठाराघात साबित होगा। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों का नजदीकी विद्यालय में मर्जर करने से बच्चों को प्रतिदिन 4-5 किमी दूरी करना होगा। जिसमें न केवल शिक्षा की निरंतरता बाधित होगी, बल्कि दूर विद्यालय होने से छात्र संख्या में गिरावट भी संभव होगी। उन्होंने प्रदेश के लाखों बेसिक शिक्षकों की भावनाओं तथा गरीब बच्चों की शिक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा द्वारा जारी आदेश को निरस्त करने एवं विशिष्ट बीटीसी 2004 के चयनित शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करने की मांग की है। इस दौरान रमाकांत शुक्ला, इंद्रेश कुमार शुक्ला, अमित कुमार प्रजापति, राम प्रकाश निषाद, बृजेंद्र वर्मा, रवींद्र शुक्ला, आदित्य चतुर्वेदी, दीपक त्रिपाठी, सुरेंद्र कुमार सोनी, नरेंद्र कुमार, उत्कर्ष गुप्ता सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे।

- 2004 शिक्षक भर्ती वाले शिक्षकों को पुरानी पेंशन दिए जाने की मांग

# तालाब नुमा गड्ढे में युवक डूबा, हड़कंप

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


तालाब के पास रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के टूंका गांव के पास स्थित एक तालाब नुमा गहरे गड्ढे में नहाने गया एक युवक डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक रेस्क्यू ऑपरेशन जारी था।

मझगवां थाने के खड़ाखर गांव निवासी संतोष कुमार रैकवार (45) पुत्र लालदास मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे कोतवाली के टूंका गांव के पास स्थित तालाब नुमा गहरे गड्ढे में नहाने के लिए गया था। अचानक वह गहरे पानी में डूब गया। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने अधेड़ की तलाश शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक अधेड़ का शव बरामद नहीं हो सका था। ग्रामीणों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि डूबे हुए युवक संतोष कुमार रैकवार की संभवतः मौत हो गई होगी। ग्रामीणों के अनुसार तालाब नुमा यह गहरा गड्ढा पहाड़ के अविवेकपूर्ण उत्खनन से हुआ है। जिसे लोग तालाब समझकर इसमें नहाते हैं। संतोष कुमार रैकवार के परिजनों ने बताया कि संतोष कुमार दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बीते दो माह पहले ही दिल्ली से वापस अपने घर आया था। संतोष कुमार की पत्नी रामसखी, मां पार्वती के अलावा पुत्र राहुल, अर्जुन, मोहित और दिनेश सहित अन्य सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। कोतवाल रामासरे सरोज ने बताया रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर डूबे युवक की खोज जारी है।

- पुलिस और फायर टीम पहुंची रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

# ट्रक ने अधेड़ को रौंदा मौके पर ही थमीं सांसें

## मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकरी बुजुर्ग में हुआ हादसा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


बस को टक्कर मारकर ट्रैक्टर से भिड़ा खड़ा ट्रक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां पर खाना खाने के बाद टहलने निकले अधेड़ को अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकरी बुजुर्ग निवासी अशोक (55) पुत्र राजबहादुर खाना खाने के बाद सोमवार की देर शाम टहलने के लिए निकला था। तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक उसे रौंदता हुआ निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे परिवार सहित एक लड़के को रोता बिलखता छोड़ गया है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

### रोडवेज बस में ट्रक ने मारी टक्कर, चालक घायल

**मौदहा।** नेशनल हाईवे में रोडवेज व ट्रक की भिड़ंत से सवारियों में अफरा तफरी मच गई। वहीं अनियंत्रित ट्रक लोडर को टक्कर मारते हुए ट्रैक्टर से जा भिड़ा। जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। कस्बे के राठ तिराहे के पास महोबा की ओर से आ रहे ट्रक व कस्बे से महोबा जा रही रोडवेज बस में भिड़ंत हो गई। रोडवेज बस से घिसटते हुए ट्रक निकल गया। जिससे अनियंत्रण ट्रक सड़क किनारे खड़े लोडर में टक्कर मारते हुए ट्रैक्टर से जा भिड़ा। जिससे वहां मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई। वहीं बस में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि किसी भी सवारी के चोट नहीं आई और एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। वहीं बस ड्राइवर के मामूली चोट आने पर कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसका इलाज किया जा रहा है। वहीं परिचालक ने दूसरी रोडवेज बस में सवारियों को ट्रांसफर कर अपने गंतव्य को रवाना किया।

# आपातकाल की विभीषिका पर संगोष्ठी आज

**हमीरपुर।** आपातकाल की विभीषिका के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा आपातकाल की विभीषिका के 50 वर्ष पर जिला संगोष्ठी का आयोजन वरदान गेस्ट हाउस में बुधवार को सुबह 11 बजे से होगा।

25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की काली छाया को 50 वर्ष होने को हैं। यह न केवल लोकतंत्र का गला घोंटने वाला दिन था, बल्कि विचारों, अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार था। भाजपा पार्टी आपातकाल की विभीषिका के 50 वर्ष पर जिला संगोष्ठी करेगी। कार्यक्रम वरदान रेजीडेंस में 25 जून दोपहर 11 बजे जिलाध्यक्ष सुनील पाठक की उपस्थिति में होगी।

# 10 एमबीए ट्रांसफार्मर का तेल लीक, सप्लाई ठप

संवाददाता,सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के 33/11 सब स्टेशन पर लगे 10 एमबीए के विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक तेल का रिसाव शुरू होने से मंगलवार को 2 बजे से पावर हाउस के सभी फीडरों की आपूर्ति ठप हो गई।

कश्मीर के 33/11 केवी सबस्टेशन में लगे 10 एमबीए के विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक तेल का रिसाव शुरू हो गया। इससे कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सभी फीडरों की आपूर्ति ठप कराकर ट्रांसफार्मर के मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया है। अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने बताया कि ट्रांसफार्मर की मरम्मत चल रही है। शाम तक सभी फीडरों की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।


सब स्टेशन में कार्य करते विद्युत कर्मी। अमृत विचार

### एसडीएम ने 33 केवीए पावर स्टेशन का किया निरीक्षण

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे की बिजली व्यवस्था को लेकर एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने 33 केवीए पावर स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन में लगी मशीनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोड की भी जांच की। निरीक्षण के बाद एसडीएम ने अधिशासी अभियंता रमेश चंद्र, एसडीओ सत्येंद्र सिंह और अवर अभियंता अनिल कुमार के साथ एक मीटिंग की। मीटिंग के दौरान परिवर्तक लोड, पीसीसी पोल एवं कंडक्टर की स्थिति को लेकर जानकारी ली। पावर कारपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कस्बे की व्यवस्था ठीक चल रही है।

### विषखापर ने बाधित कर दी बिजली सप्लाई

**कुरारा (हमीरपुर)।** स्थानीय विद्युत सब स्टेशन के 33 केवी विद्युत लाइन में फाल्ट आने से कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों की चार घंटे सप्लाई बाधित रही। इसके पीछे विषखापर के खंभे पर चढ़ना बताया जा रहा है। ऐसे में लोगों को दोपहर की भीषण गर्मी से जूझना पड़ा। स्थानीय विद्युत सब स्टेशन के 33 केवी विद्युत लाइन में मंगलवार की दोपहर 12 :30 बजे फाल्ट आ जाने पर कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। वहीं चार घंटे बाद विद्युत आपूर्ति शुरू हो सकी। अवर अभियंता भारत सैनी ने बताया कि 33 केवी विद्युत लाइन के पोल पर बिषखापर के चढ़ जाने से लाइन में फाल्ट में आ गया। पोल पर उसके होने से लाइनमैनों ने की चढ़ने से इंकार कर दिया।

# सड़क चौड़ीकरण को दोबारा नापजोख

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के मुख्य मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण को लेकर मंगलवार की दोपहर लोक निर्माण विभाग और राजस्व की टीम ने दुबारा फिर से सड़क चौड़ीकरण को लेकर नापजोख शुरू कर दी। अधिकारियों ने अंबेडकर चौराहे से लेकर जीआरवी स्कूल, बजरिया और रामलीला मैदान के आगे तक नाप जोख की। गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों पहले लोकनिर्माण विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण को लेकर नापजोख की गई थी। नापजोख के बाद एक कंपनी द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो गया था। कुछ स्थानों पर चौड़ीकरण नहीं हो पाया था। जिसका मुख्य कारण था कि कुछ स्थानों पर लोगों के घर बने हुए थे। इस मामले में शिकायत के बाद लोक निर्माण विभाग के जेई विनोद कुमार की टीम सहित राजस्व विभाग की टीम के द्वारा मुख्य मार्ग पर स्थित दोनों ओर के मकानों तक फीता रखकर नापजोख की गई।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ.भवानीदीन। अमृत विचार

### वीरांगना रानी दुर्गावती की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत वीर भूमि की एक महान वीरांगना रानी दुर्गावती की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. भवानीदीन ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि रानी दुर्गावती सही अर्थों में एक देश परायण नेत्री थीं। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। दुर्गावती का जन्म 05 अक्टूबर 1524 को महोबा साम्राज्य के अन्तर्गत कालिंजर के चन्देल शासक शालिवाहन के घर हुआ था। उनका विवाह गोंडवाना के शासक दलपत शाह से हुआ था। उनके वीर नारायण नाम का एक पुत्र था। दलपत शाह के निधन के बाद वीर नारायण के नाबालिग होने के कारण ये रीजेन्ट भी बनी। उस समय मुगल साम्राज्य था। अकबर का शासन था और अकबर के शासनकाल में सूबेदार आसफ खां ने गोंडवाना पर आक्रमण कर दिया। तब दुर्गावती ने गोंडवाना के निकट नरही में जबरदस्त मुकाबला किया। तीन बार मुगल सेना को पीछे हटना पड़ा। बहादुर रानी ने जब देखा कि विशाल सेना के जीत मुश्किल है तो समर क्षेत्र में ही अपनी ही तलवार से अपनी जीवन लीला 24 जून 1564 को समाप्त कर लिया और वीरगति को प्राप्त हो गई। कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, सागर, प्रिन्स, महावीर, दिलीप अवस्थी, संतोष, रिचा, रामनारायण, आशुतोष, विकास, दस्सी और सतेन्द्र आदि शामिल रहे।

### किशोरी को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के एक गांव की किशोरी घर में रखी नगदी लेकर युवक के साथ चली गई। किशोरी के पिता ने युक के खिलाफ पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने थाने में दी तहरीर में बताया कि सत्रह वर्षीय पुत्री को गांव निवासी सूरज पुत्र चेतराम बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। किशोरी अपने साथ घर में रखे 25 हजार नगदी भी ले गई है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

### छप्पर ठीक करते समय कुल्हाड़ी मार किया घायल

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** छप्पर ठीक करते समय हुए विवाद में पड़ोसी ने युवक को कुल्हाड़ी मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। कुंडौरा निवासी वीरेंद्र कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह घर का छप्पर ठीक कर रहा था। तभी पड़ोसी आशादीन आ गया और पत्नी एवं बेटियों के साथ मिलकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर कुल्हाड़ी मार कर घायल कर दिया। पुलिस ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

### ट्रैक्टर से गृहस्थी का सामान कुचलने का आरोप

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के छानी बुजुर्ग गांव निवासी कामता पुत्र घसीटा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मां रजुलिया अपने मकान के पास पड़ी जमीन में करीब 60 साल से निस्तार करती चली आ रही है। जमीन में करीब 600 ईंटा, गृहस्थी का सामान रखा था। आरोप लगाया कि गांव निवासी यूनुस, युसूफ, सादिक, इमरान चारों युवकों ने ट्रैक्टर चढ़ाकर जमीन में रखे ईंटों की तोड़फोड़ कर घरेलू सामान को कुचलकर नष्ट कर दिया है। मां के विरोध करने पर अभद्रता करते पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। युवक ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामला राजस्व विभाग का होने पर एसडीएम को तहरीर के दिए जाने की सलाह दी है एसडीएम के आदेश पर कार्रवाई की जाएगी।

### रोडवेज के एआरएम ने परिचालक को थमाया नोटिस

**राठ (हमीरपुर)।** सोमवार की रात झांसी से राठ आ रही रोडवेज बस में ड्यूटी के दौरान परिचालक का बस संचालन के दौरान दो सीटों पर सोने का वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियों में बस चालक बस को चलाता जा रहा है जबकि ड्यूटी के दौरान परिचालक सीट पर लेट कर सोते हुए जा रहा है। मंगलवार को रोडवेज के एआरएम संतोष कुमार ने बताया कि परिचालक को नोटिस देकर जवाब तलब किया जा रहा है। इसके बाद परिचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

# अभियोजन कार्यों की डीएम ने बैठक कर की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में पुलिस विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। वहीं विभिन्न अभियोजन कार्यों व केसों की खराब प्रगति होने पर संबंधित शासकीय अधिवक्ताओं से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन अधिकारियों द्वारा सरकार का पक्ष मजबूती के साथ रखा जाए। केसों में लचर रवैया न अपनाया जाए। ताकि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले दोषी लोगों को जेल भेजा जा सके। कहा कि अभियोजन कार्यों में प्रभावी कार्यवाही किया जाए तथा जिसने अपराध किया है उसे दंड अवश्य मिलना चाहिए। ताकि कानून व्यवस्था प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराई जा सके। विभिन्न अभियोजनों में प्रभावी ढंग से पैरवी की जाए। इस मौके पर उन्होंने गैंगस्टर एक्ट, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य से संबंधित केसों की समीक्षा करते हुए उसके संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, उपजिलाधिकारी सदर व मौदहा आदि मौजूद रहे।

# तमंचे के दम पर सीमेंट फैक्ट्री से ले गए ट्रक

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** फर्जी नंबर प्लेट लगाकर सीमेंट लदाने आए ट्रक को फैक्ट्री कर्मियों ने संदेह होने पर अंदर यार्ड में खड़ा करा लिया। घटना से बौखलाया ट्रक मालिक आधा दर्जन साथियों के साथ फैक्ट्री आया और सुरक्षा कर्मियों के सीने में तमंचा लगाकर फैक्ट्री का गेट तोड़कर ट्रक को लेकर फरार हो गया। प्रबंधन ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है।

जेके सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि गत 22 जून को रात 10 बजे ट्रक संख्या यूपी 95 टी 4261 सीमेंट लादने के लिए फैक्ट्री में दाखिल हुआ। संदेह होने पर ट्रक के चेचिस नंबर के साथ नंबर प्लेट की जांच की गई तो फर्जी पाया गया। इसके बाद कर्मियों ने ट्रक को जब्त करके फैक्ट्री के यार्ड में खड़ा करा दिया। इसकी सूचना पाकर ट्रक मालिक सुमित गुप्ता ने कर्मियों को फोन पर धमकी दी। लेकिन ट्रक नहीं छोड़ा गया। इससे बौखला कर मालिक ने 23 जून को रात 10 बजे आधा दर्जन अज्ञात लोगों के साथ जेके सीमेंट फैक्ट्री आ धमका और मुख्य गेट पर मौजूद सुरक्षा गार्ड के सीने पर तमंचा लगाकर अंदर दाखिल हो गया और फैक्ट्री का गेट तोड़कर जबरिया ट्रक लेकर सभी को जान से मार देने की धमकी देकर फरार हो गए। एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा ने थानाध्यक्ष को जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत पर जांच कर रहे हैं।



जेके सीमेंट फैक्ट्री का मेन गेट। अमृत विचार

- पुलिस अधीक्षक ने जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने के दिए आदेश

# महिला आयोग की सदस्य आज करेंगीं सुनवाई

**हमीरपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि उप्र राज्य महिला आयोग सदस्य अनीता गुप्ता महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाए जाने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में 25 जून को सुबह 11 बजे जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेंगी। साथ ही महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा एवं महिला जनसुनवाई करेंगी। उन्होंने जनपद की महिला उत्पीड़न से पीड़ित महिलाओं/आवेदकों को सूचित किया है कि कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जागरूकता शिविर में उपस्थित होकर समस्याएं बताएं।

**गड़बड़ी** — जगह-जगह मिट्टी के कटाव होने के साथ दोनों पुलिया हुई क्षतिग्रस्त

# पहली बरसात नहीं झेल सका सम्पर्क मार्ग

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)


बरुआ भौंरा संपर्क मार्ग में बारिश से हुआ मिट्टी का कटाव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बरुआ-भौंरा गांव की दूरी कम करने के लिए जिला पंचायत ने तीन माह पूर्व संपर्क मार्ग बनाया था। लेकिन यह संपर्क मार्ग पहली बरसात भी नहीं झेल सका। करीब दो किमी लंबे इस मार्ग की मिट्टी बहने के साथ बनाई गई दोनों पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क और पुलिया बनने में जमकर धांधली की गई है।

बरुआ गांव निवासी मुकेश, राम प्रकाश, सियाराम भौंरा निवासी रामकृपाल, सूबेदार आदि ने बताया कि बरुआ से भौंरा जाने के लिए पहले सुरौली भौंरा मार्ग से होकर जाना पड़ता था। लोगों को करीब आठ किमी का चक्कर लगाना पड़ता था। लेकिन इन दोनों गांवों की मध्य दूरी मात्र डेढ़ किमी हैं। सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति की पहल पर जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने इस मार्ग का निर्माण कराया है। लेकिन इस संपर्क मार्ग को बनाने वाले ठेकेदार ने जमकर धांधली की है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया सामग्री लगाकर अनियमितता की गई है। जिससे यह मार्ग पहली बरसात नहीं झेल सका है।

इस मार्ग की किनारे की मिट्टी बह गई है। वहीं मार्ग में बनाई गई पुलियों की मिट्टी बहने से क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से मार्ग पर चलना खतरनाक हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया गया। अगर समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो यह मार्ग पूरी तरह से टूट सकता है और किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि निर्माण कार्य की जांच कर दोषी ठेकेदार, अभियंता और जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र मरम्मत कार्य नहीं शुरू किया गया तो वह आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

- ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुई जांच कराने की मांग की

# बीमारी से तंग वृद्धा यमुना नदी में कूदी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** बीमारी से परेशान वृद्धा ने यमुना नदी में कूदकर जान देने की कोशिश की। मछुआरों के देख लेने पर वृद्धा को नदी के पानी से निकालकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वृद्धा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। ऊंचाई से कूदने से वृद्धा का हाथ फैक्चर हो गया है।

कुरारा थानाक्षेत्र के झलोखर गांव निवासी कालका खंगार की 70 वर्षीय पत्नी गिरजा काफी समय से पथरी की बीमारी के चलते परेशान रहती थी। बीमारी से तंग आकर मंगलवार की सुबह करीब दस बजे यमुना पुल से उसने नदी में छलांग लगा दी। नदी में वृद्धा के कूदने से हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोग पुल पर एकत्र हो गए। वहीं नदी में मछली का शिकार कर रहे मछुआरों ने देखा को आनन फानन वृद्धा को नदी से निकालकर बाहर लेकर आए और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वृद्धा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही परिजनों को सूचना दी। जिला अस्पताल पहुंचे वृद्धा के पति कालका खंगार ने बताया कि उनके दो पुत्रियां रामवती व आशा है। उनके कोई पुत्र नहीं है। वह लोग छोटी पुत्री आशा के साथ रहते है। बताया कि पत्नी गिरजा काफी समय से पथरी की बीमारी से परेशान है। जिसका इलाज चल रहा है। उम्र के साथ ही उसका दिमागी संतुलन भी ठीक नहीं रहता है।

- मछुआरों की तत्परता के चलते वृद्धा को जीवित पानी से बाहर निकाला गया

# कलेक्ट्रेट में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

## 56 विभागों से जुड़े कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुंचे, 12 सूत्री मांगों का ज्ञापन प्रभारी जिलाधिकारी को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने पुरानी पेंशन बहाली समेत 12 सूत्री मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। बाद में परिषद के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी के नेतृत्व में राज्य कर्मचारियों और शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रभारी जिलाधिकारी राम प्रकाश को सौंपा।

कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर जिले के 56 विभागों से जुड़े सैकड़ों कर्मचारी और शिक्षक मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र हुए, इसके बाद कर्मचारियों, शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच कर धरना दिया और प्रदर्शन किया। प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, आठवें वेतन आयोग का गठन और स्थायी राष्ट्रीय वेतन आयोग की स्थापना शामिल रहीं। साथ ही संविदा व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण और आउटसोर्सिंग नीति की समाप्ति की मांग भी की गई। वक्ताओं ने कहा कि मांगों को लेकर पहले भी कई बार ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। लेकिन सरकार की ओर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। सरकार की इस मनमानी से कर्मचारियों में आक्रोश है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो प्रदेशव्यापी हड़ताल और आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, स्थानीय निकाय, विकास प्राधिकरण और राजकीय निगम के कर्मचारी शामिल हुए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा।



प्रभारी जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। अमृत विचार



प्रदर्शन करते यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

### रोस्टर के अनुसार नहीं दे रहे बिजली, भारतीय हलधर किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन

**महोबा।** भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बिजली की दरें बढ़ाए जाने के विरोध में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर विरोध जताया। उसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रभारी जिलाधिकारी राम प्रकाश को सौंपा। प्रभारी डीएम को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान सरकार के केबिनेट ऊर्जा तथा यूपीपीसीएल सहित अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा बिजली की दरें बढ़ाई जा रही हैं जो गरीब किसानों, मध्यम वर्ग के लोगों के लिए अतिरिक्त बोझ के समान हैं। बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग आठ रुपये प्रति यूनिट तथा शहरी क्षेत्र में नौ रुपये है जो कि अन्य चार्ज को मिलाकर 14 रुपये के ऊपर पहुंचेंगी। ज्ञापन में बताया कि शहर, कस्बों व गांवों में दिए गए रोस्टरों के अनुसार बिजली की आपूर्ति नहीं की जा रही है। मेटीनेस सही न होने के बाद भी बिजली कनेक्शन दिन व दिन बढ़ने से लोड़ बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन में बताया कि विभाग कर्मचारियों की छटनी की जा रही है। जिससे संविदा कर्मी लाइनमैन दिन रात काम कर रहे है लेकिन संसाधनों और कर्मचारियों की कमी के चलते कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। यूनियन ने मुख्यमंत्री से समस्त बिन्दुओं पर विचार कर समस्याओं का निस्तारण कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में बुंदेलखंड सचिव राजेंद्र सिंह परिहार, जिला प्रमुख महासचिव शंतराम त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष आलोक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष धर्मेश नायक, प्रदीप भदौरिया यूवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एकता, बलवंत सिंह तहसील अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एकता, खुशी सिंह चंदेल आदि मौजूद रहे।

## पड़ोसी ने बालक को गड्ढे में डुबोकर मारने का किया प्रयास

**बिवांर (हमीरपुर)।** घर के सामने खेल रहे बालक को पड़ोसी ने मारपीट कर पानी से भरे गड्ढे में डुबोकर जान से मारने का प्रयास किया। बालक के पिता ने पड़ोसी के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

कस्बे के सिंचाई विभाग डाक बंगला के पास के रामबाबू पुत्र मोदी लाल प्रजापति ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि दस वर्षीय पुत्र अरुण कुमार अपने घर के सामने खेल रहा था। तभी पड़ोसी आकर पुत्र को अकारण गाली गलौज करने लगा। पुत्र के मना किए जाने पर थप्पड़ घूंसे से मारपीट करते हुए पास में गड्ढे में भरे पानी में डुबोकर जान से मारने की कोशिश करने लगा। बड़े पुत्र अर्पित ने दौड़ कर जाकर उसको गड्ढे से बाहर निकाला। बड़े पुत्र को भी पवन मारपीट करने के लिए दौड़ा। लेकिन बड़े पुत्र ने अपना बचाव करते हुए लाठी उठा ली। रामबाबू ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं पवन ने रामबाबू के बड़े पुत्र के खिलाफ लाठी से मारपीट करने की तहरीर दी है।



अस्पताल में जुटी परिजनों की भीड़। अमृत विचार

# जहरीला पदार्थ खाने से युवक की थमीं सांसें

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** शहर के मोदी ग्राउंड में जाकर युवक ने जहर खा लिया। जहर खाने के बाद हालत बिगड़ने पर उसने परिजनों को मोबाइल से जानकारी दी। परिजन उसे आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए। जहां पर उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। लेकिन परिजन हालत नाजुक देख उसे पड़ोसी जनपद छतरपुर ले गए, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। आत्महत्या का कारण ज्ञात नहीं हो सका।

सिजहरी गांव निवासी पुष्पेंद्र कुमार 29 पुत्र नरोत्तम दास सेन शाहपहाड़ी रोड स्थित मूंगफली मील में काम करता था। सोमवार की देर शाम को मील से आने के बाद वह शहर के मोदी ग्राउंड में चला गया, जहां पर रात में उसने करीब नौ बजे जहर खा लिया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी, जिससे वह घबरा गया और उसने जहर खाने की सूचना मोबाइल पर घर वालों को दी। घर वालों के पूछने पर उसने मोदी ग्राउंड में होने की बात बताई परिवार के लोग मोदी ग्राउंड पहुंचे और उसे जिला अस्पताल में भर्ती करया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे हालत नाजुक देखकर झांसी रेफर कर दिया।

# ठेकेदार से रुपये लेने के बाद भी नहीं भेजे मजदूर, शिकायत की

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** ईंट भट्टा ठेकेदार को मजदूर उपलब्ध कराए जाने के नाम पर लाखों रुपये लेने के बाद भी मजदूरों को न भेजे जाने पर पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। समय से मजदूरों को न पहुंचाए जाने से ठेकेदार का कारोबार भी प्रभावित हुआ है, साथ ही मजदूरों के न पहुंचने से उसे भारी नुकसान हुआ है।

जिले के महोबकंठ थाना क्षेत्र के लौहार गांव निवासी ईंट भट्टा ठेकेदार हृदेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि अक्टूबर 2024 में पांच लोगों को मजदूर उपलब्ध कराने के लिए 16 लाख रुपये दिए थे। साथ ही उनके द्वारा मजदूर उपलब्ध कराए जाने का वादा भी किया, लेकिन उपरोक्त लोगों ने न तो आज तक मजदूर पहुंचाए और न ही दी गई रकम को वापस किया गया। ठेकेदार ने बताया कि जब इस संबन्ध में दबंगों से जानकारी की गई तो उन्होंने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। बताया कि मजदूरों की कमी के चलते ईंट भट्टा का कार्य प्रभावित है, जिस कारण काफी नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित ने एसपी से आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। अन्य ठेकेदारों ने भी इस घटना पर नाराजगी जताई है।



एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देने जाते पीड़ित। अमृत विचार

- पीड़ित ने पांच लोगों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की उठाई मांग

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक झुलसा

**महोबा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के पसवारा गांव में मंगलवार को बारिश के साथ बादलों की गड़गड़ाहट के बीच आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक चपेट में आकर तालाब में गिर गया।

आस पास के लोगों ने उसे तालाब से बाहर निकालकर नाजुक हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

पसवारा गांव निवासी राजू 24 पुत्र देवी प्रसाद मंगलवार की शाम को करीब पांच बजे गांव के तालाब में नाव से तालाब में लगी अपने सिंघाड़े की फसल देखने जा रहा था, तभी तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी जिसकी चपेट में आकर युवक तालाब में गिर गया। तालाब के दूसरे किनारे में मौजूद लोगों ने उसे तालाब से बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

# मित्रता में बदले की भावना का कोई स्थान नहीं

संवाददाता, जैतपुर महोबा

**अमृत विचार।** संकट मोचन सरकार खरेला के पीठाधीश्वर सोनू महाराज ने मंगलवार को आयोजित सप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र का मार्मिक और प्रेरणादायक वर्णन किया। कथा के समापन अवसर पर सोनू महाराज ने श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का विवेचन करते हुए कहा कि सुदामा एक सच्चे संत और आत्मज्ञान के मार्ग पर चलने वाले साधक थे। उनके पास विद्या थी, लेकिन वे सांसारिक धन के पीछे नहीं भागे। उनका लक्ष्य आत्म-कल्याण था। उन्होंने कहा, सुदामा के पास धनार्जन की क्षमता थी, लेकिन वे आत्मा की भूख को प्राथमिकता देते थे, न कि पेट की।

कथा वाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा सुदामा का सत्कार केवल एक मित्र का नहीं, बल्कि एक महान आत्मा के तप और निष्ठा का सम्मान था। यह व्यक्ति नहीं, व्यक्तित्व का अभिनंदन था। यह चित्त नहीं, चरित्र की पूजा थी। कथा वाचक ने कहा कि मित्रता में बदले की भावना का कोई स्थान नहीं होता। सच्ची मित्रता निःस्वार्थ सेवा, सम्मान और आत्मीयता पर आधारित होती है। इस अवसर पर मुख्य यजमान सीता दीपक साहू, आनंदी साहू, उत्तम यादव, गजेंद्र साहू, गजेंद्र अग्रवाल, नीलू गुप्ता, मोहित रावत, बृजेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।



कथा सुनाते कथा वाचक।

- एक सप्ताह से चल रही श्रीमद भागवत कथा का समापन

### भगवान भक्त के वश में, सच्चे मन से पुकारने की जरुरत

**महोबा।** सिद्ध बाबा आश्रम अजनर में आयोजित पांच कुंडीय श्रीराम महायज्ञ में कथा व्यास सत्येंद्र कृष्ण शास्त्री ने भागवत कथा का भक्तों को रसपान कराया। कथा व्यास में भक्त प्रह्लाद की भक्ति और मां कयाधू की कथा का वर्णन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान भक्त के वश में है यदि उन्हें सच्चे मन से पुकारा जाए तो वह बिना देरी भक्त के पास पहुंच जाते हैं। कहा कि प्रहलाद के कारण हिरण्यकश्यप जैसे दैत्यों का उद्धार करने के लिए भगवान ने नरसिंह अवतार धारण किया तथा भक्ति का महत्व समझाया। सुर एवं असुरों के द्वारा समुद्र मंथन की कथा सुनाई गई, जिसमें प्राप्त 14 रत्नों का विस्तार से वर्णन किया। कथा वाचक शास्त्री ने मां कयाधू की कहानी का वर्णन करते हुए बताया कि जब हिरण्यकश्यप तपस्या के लिए गए थे, तब देवताओं ने कयाधू को बंदी बना लिया था, क्योंकि वे उसके गर्भ में पल रहे शिशु को राक्षस मानते थे। नारद मुनि के हस्तक्षेप से कयाधू को रिहा किया गया और उन्होंने आश्रम में शरण ली, जहां नारद मुनि ने प्रह्लाद को गर्भ में ही भगवान विष्णु की भक्ति का ज्ञान दिया। इस मौके पर कथा के यजमान ग्राम प्रधान नन्हेराम अनुरागी यज्ञ के मुख्य यजमान फूलसिह यादव, अध्यक्ष हरी सिह राजपूत, प्रबंधक भाजपा मन्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र राजपूत, उपाध्यक्ष अरबिन्द कुशवाहा, संयोजक डॉ. एस पाठक सहित सैकडों लोग मौजूद रहे।

### भागवत कथा के अंतिम दिन श्रीकृष्ण सुदामा की कथा सुनाई

**कुरारा(हमीरपुर)।** क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव में शंकर जी के स्थान पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के आखिरी दिन कथा वाचक ने श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा की की मित्रता ऐसी होनी चाहिए जय श्री कृष्ण सुदामा की थी कथा सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो उठे। विकासखंड क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव में शंकर जी के स्थान पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में शास्त्री नितम ज्योति ने कृष्ण सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण द्वारकापुरी के राजा थे। वही सुदामा एक गरीब ब्राह्मण थे, जो मांग कर अपने परिवार का भरण पोषण करता थे।

# खेल मैदान में प्रदर्शनी लगाने का किया विरोध

कार्यालय संवाददाता महोबा

- हाकी फील्ड में लग रही प्रदर्शनी, टूर्नामेंट समिति ने जताई आपत्ति

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड हाकी टूर्नामेंट आयोजन स्थल डाकबंगला मैदान में प्रदर्शनी लगाए जाने पर अखिल भारतीय हाकी टूर्नामेंट समिति के अध्यक्ष और महासचिव ने आपत्ति जताई है। कहा कि इससे फील्ड की दुर्दशा हो जाएगी।

कस्बा चरखारी में मेला सहस्त्र गोर्वधन्नाथ जू महाराज के उपलक्ष्य में नगर पालिका के आर्थिक सहयोग से अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड हाकी टूर्नामेंट समिति द्वारा अखिल भारतीय स्तर का टूर्नामेंट हर वर्ष डाक बंगला मैदान में होता है। इसमें देश की नामी टीमों के अलावा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तक टूर्नामेंट में प्रतिभाग करते हैं और कस्बा चरखारी में हाकी का खेल सभी खेलों से अधिक पसंद किया जाता है।

हाकी टूर्नामेंट आयोजन के लिए फरवरी 2024 में चरखारी विधायक डॉ. बृजभूषण राजपूत ने फील्ड को बेहतर बनाए जाने के लिए लाखों रुपया खर्च करते हुए अपनी ओर से टूर्नामेंट भी कराया था लेकिन अब टूर्नामेंट स्थल पर प्राईवेट प्रदर्शनी लगने से पूरी फील्ड के खराब होने का खतरा मण्डरा रहा है।

# एएसपी ने पुलिस लाइन का किया दौरा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता ने पुलिस परेड एवं पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यूपी 112 वाहनों, दंगा नियंत्रण उपकरण, अभिलेखों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मंगलवार की सुबह सबसे पहले अपर पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक पुलिस परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। सलामी के बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण कर अनुशासन व एकरूपता के लिए टोली वार ड्रिल करवाया। इसके साथ ही शारीरिक व मानसिक रूप से फिट/ स्वस्थ रहने के लिए दौड़ लगवाई। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन पहुंचकर यूपी 112 पीआरवी चार पहिया वाहनों, दंगा नियंत्रण उपकरण व अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस लाइन में बैरिकों का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन आदेश कक्ष में ओआर कर संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण कर तथा विभिन्न विभागीय प्रकरणों का निस्तारण किया। रिजर्व पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक व अन्य संबंधित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



पुलिस परेड में यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण करते एएसपी मनोज गुप्ता।

## ड्रग एसो. ने चिकित्सा अधीक्षक से की शिकायत

**महोबा।** ड्रग एसोसिएशन चरखारी ने अस्पताल की अनियमितताओं को लेकर चिकित्सा अधीक्षक चरखारी को शिकायती पत्र सौंप कर मामले की जांच कराए जाने की मांग की है।

ड्रग एसोसिएशन ने चिकित्सा अधीक्षक को सौंपे गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि अस्पताल के कर्मचारी और आशा बहने मरीजों को एक विशेष मेडिकल स्टोर से ही दवाएं लेने के लिए प्रेरित करते है। उन्होने कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जिससे अस्पताल की अनियमितताओं पर रोक लग सके।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# उपकेन्द्र का ताला तोड़ हजारों का सामान चोरी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरखारी के अधीन संचालित उप केन्द्र पहरेथा में चोरों ने उप केन्द्र का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां पर रखे हजारों रुपये का सामान और उपकरण आदि उठा ले गए। सुबह उप केन्द्र पहुंची एएनएम ने ताला टूटा देखा तो उसके होश उड़ गए, आनन-फानन में उसने थाना खरेला में तहरीर दे दी है।

पहरेथा गांव में संचालित उपकेन्द्र में कार्यरत एएनएम अफसाना बानो ने बताया कि वह शाम को ग्राम बरायं में टीकाकरण करने के उपरान्त उपकेन्द्र में ताला लगाकर अपने घर चली गई और सुबह उपकेन्द्र पहुंची तो केन्द्र का ताला टूटा पाया। अन्दर जाकर देखा तो उपकेन्द्र में स्थित डिलेवरी टेबिल, डिलेवरी उपकरण, बीपी मशीन, शुगर मशीन, महिलाओ एवं बच्चों की वजन मशीन, स्टेटो, पंखा सहित तमाम हजारों रुपये का सामान नदारत था। एएनएम ने थाने में चोरी की घटना की तहरीर दे दी है। सूचना मिलने पर एसआई बृजकिशोर शुक्ला ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने बताया कि उपकेन्द्र की बारीकी से जांच की गई है जहां पूरे केन्द्र में धूल जमी पायी गयी। किसी प्रकार के कोई पदचिन्ह भी नहीं पाए गए। मामला संदिग्ध प्रतीत होता है।

**निर्देश** बिजली व सफाई प्रभारियों को मोहर्रम पर्व से पूर्व व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को कहा

# ईओ ने कर्बला और ताजिया मार्ग का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** 27 जून से शुरू हो रहे मोहर्रम पर्व के मद्देनजर अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने कर्बला से लेकर ताजिया गुजरने वाले मार्गों का मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण कर अधीनस्थों को त्योहार पर बेहतर साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने के आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

गौरतलब है कि 22 जून को कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने मोहर्रम पर्व को लेकर ताजिया जुलूस मार्गों और कर्बला मार्ग पर साफ सफाई और बिजली की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। जिसके मद्देनजर मंगलवार को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ने लाईट प्रभारी, सफाई प्रभारी एवं अवर अभियन्ता के साथ कर्बला स्थल से भटीपुरा, सिंह भवानी, मकनियांपुरा, बड़ीहाट, माथुरनपुरा, जारीगंज एवं काजीपुरा आदि क्षेत्रों में भ्रमण कर समूचे मार्ग का निरीक्षण कर निर्माण अनुभाग को नालियों की मरम्मत कराने, नाली क्रॉस बनवाने तथा आवश्यकतानुसार समतलीकरण कराने के निर्देश दिये।

अधिशासी अधिकारी ने बिजली प्रभारी धनेश कुमार को निर्देश दिए कि ताजिया मार्ग की समस्त स्ट्रीट लाइटों का निरीक्षण कर उन्हें तत्काल ठीक कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण दौरान ईओ ने प्रभारी सफाई रामसेवक को चेतावनी देते हुए कहा कि त्योहार से पहले पूरे मार्ग की साफ-सफाई प्रत्येक दशा में कराई जाए। अधिशासी अधिकारी के निरीक्षण के दौरान सभासद अशफाक, आमिर खान, मकसद, सभासद प्रतिनिधि जावेद एवं प्रभारी लेखाकार अरुण शुक्ला, राजेश त्रिपाठी, धनेश कुमार, रामसेवक उपस्थित रहे।



निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेते ईओ अवधेश कुमार। अमृत विचार

# शांति पूर्ण ढंग से मनाएं मोहर्रम

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मोहर्रम की सात तारीख को चरखारी में निकलने वाली हजरत इमाम हुसैन की सवारी का जुलूस शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के लिए आयोजन समिति, प्रशासन और स्थानीय लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें मोहर्रम की एक तारीख से 10 तारीख तक आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की जानकारी प्रशासन द्वारा ली गई। मोहर्रम त्योहार आपसी भाईचारा और सद्भाव के साथ मनाए जाने की अपील की।

चन्द्र दर्शन के आधार पर मोहर्रम की सातवीं तारीख को दुलदुल जुलूस का आयोजन होगा। सवारी जुलूस के आलावा अन्य सभी आयोजनों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने के लिए उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ. प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें ताजियादारों के अलाव मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नियाज अहमद समेत नगर के तमाम लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सीओ चरखारी रविकान्त ने आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी आयोजकों से ली। सीओ ने कहा कि कोई भी ताजिया 12 फीट से अधिक ऊंचा नहीं होना तथा ताजियेदार बिजली के तारों के अवरोधों को हटाने के लिए प्लास्टिक के पाइपों का ही प्रयोग करें। व्यापारी नेता कैलाश ताम्रकार ने बीपार्क से सदर बाजार तक पाइप लाइन खुदने के बाद मरम्मत न होने से परेशानी का मामला रखते हुए मोहर्रम जुलूस के पूर्व मरम्मत कार्य पूर्ण कराए जाने की मांग रखी। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा, लिपिक संजीत कुमार, हाजी ताजुद्दीन, न्यामत सौदागर, सईद सौदागर आदि मौजूद थे।



बैठक में बोलते एसडीएम डॉ. प्रदीप कुमार। अमृत विचार

## मां दुर्गा प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम हवन-पूजन के साथ संपन्न

**हमीरपुर।** ललपुरा क्षेत्र के बजेहटा गांव में प्राचीन राम जानकी मंदिर परिसर में स्थापित मंगलमयी मां दुर्गा का आठवां प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम आज हवन पूजन के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में स्वामी भूमानंद अवधूत आश्रम बांकी के स्वामी महामंडलेश्वर रामदेव महाराज ने कहा कि मंगल प्रदान करने वाली और पीड़ितों की रक्षक मां दुर्गा की हम सभी को नियमित आराधना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा के बत्तीस नामों के स्मरण मात्र से ही व्यक्ति संकट मुक्त हो जाता है। कार्यक्रम में आए संत समाज ने सभी को आशीष दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह व मां दुर्गा मंदिर के पुजारी रामसनेही ने सभी के प्रति आभार जताया।

# आरओ व एआरओ परीक्षा के लिए बनाए गए 11 परीक्षा केंद्र

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने की तैयारियों की समीक्षा, दिये दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** पीसीएस और आरओ-एआरओ की परीक्षा के लिए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को तैयारियों की समीक्षा की। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि आरओ-एआरओ परीक्षा के 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा 27 जुलाई को होगी।

इसके लिए केंद्र व्यवस्थापक, सह केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, कक्ष निरीक्षक आदि तैनात किए जा रहे हैं। संबंधित विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे, फर्नीचर, पेयजल, शौचालय बाउंड्री वाल, प्रकाश आदि की व्यवस्था है। नोडल पुलिस अधिकारी ने पर्याप्त पुलिस बल की भी तैनाती की है। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों तथा पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं का जायजा लें। बैठक में अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी पूजा साहू, मानिकपुर मोहम्मद जसीम, मऊ सौरभ यादव, राजापुर आरआर रमन, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, मऊ यामीन अहमद, ट्रैफिक फहद अली, अधिशासी अभियंता जल संस्थान डीके सत्संगी, प्रधानाचार्य एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार

### कोषागार में करें प्रश्नपत्र रखने की व्यवस्था

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि कोषागार में प्रश्न पत्र रखने व निकालने की व्यवस्था की जाए। इसके लिए वरिष्ठ कोषाधिकारी से संपर्क करे। उत्तर पुस्तिकाओं के जमा करने तथा भेजने आदि की भी व्यवस्था को देखा जाए।

### ठीक से हो सीसीटीवी कैमरों का संचालन

पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीवी कैमरों का संचालन ठीक से कराने को कहा। बताया कि आयोग द्वारा सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था संस्था के माध्यम से कराई जाती है, वे सक्रिय रूप से नहीं करते हैं। इसके लिए भी आयोग से संपर्क करके व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

### पीसीएस परीक्षा के लिए नौ केंद्र निर्धारित किये गये

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि पीसीएस की परीक्षा के लिए जिले में नौ परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की सभी उप जिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों से केंद्र निर्धारण की रिपोर्ट प्राप्त करके ही इस संबंध में निर्धारण के लिए शासन को पत्र भेजा जाए।

## नमसा योजना में किसान ने लगाया वसूली का आरोप

**चित्रकूट।** भूमि संरक्षण विभाग के अंतर्गत संचालित नमसा ( राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन) के संबंध में एक किसान ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। थाना रैपुरा अंतर्गत लोढ़िया माफी निवासी किसान रामसेषन ने आरोप लगाया है कि योजना से मिली अनुदान राशि में से उससे जबरन वसूली की गई, और इस पूरे मामले में एक तैनात सरकारी शिक्षक की भूमिका भी सामने आई है।

किसान रामसेषन ने आरोप लगाया कि भूमि संरक्षण अधिकारी, एक शिक्षक और गांव के एक व्यक्ति ने नमसा योजना के नाम पर उसके खाते से तीस हजार रुपये निकलवा लिए। सुविधा शुल्क के नाम पर बीस हजार रुपये जबरन ले लिए। इसके बाद इन लोगों ने उससे सादे कागज पर अंगूठा लगवा लिया। उसने जिलाधिकारी से इस संबंध में जांच कराने की गुहार की। उधर, भूमि संरक्षण अधिकारी देवेंद्र निरंजन ने आरोपों को निराधार बताया और कहा कि यह ग्राम प्रधान द्वारा उछाला गया मामला है। योजना के सभी कार्य नियमानुसार कराए गए हैं।

# अधिकार मित्र के गैरहाजिर मिलने पर स्पष्टीकरण लेने के दिये निर्देश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया वृद्धाश्रम का मुआयना
- स्टाक रजिस्टर में दर्ज व उपलब्ध सामग्री का किया मिलान, सही मिला

**अमृत विचार।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्णिका शुक्ला ने मंगलवार को वृद्धाश्रम विनायकपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकार मित्र रवी कुमार के नदारद रहने पर उन्होंने नाराजगी जताई और उनसे स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए।

प्राधिकरण की सचिव ने स्टाक रजिस्टर का निरीक्षण किया और दर्ज सामग्री एवं उपलब्ध सामग्री में मिलान किया, जो सही पाया गया। उन्होंने संवासियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कमरे में दो कूलर व टीवी चालू हालत में पाए गए। संवासी राजबहादुर ने बताया कि उनको मानक के अनुरूप भोजन व अन्य सामग्री संस्था द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। वृद्ध ननकू ने बताया कि वह श्वांस रोग से पीड़ित हैं। इस संबंध में संस्था प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि वह उसके उचित इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में संपर्क करें। महिला संवासियों ने सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को बताया कि भोजन मीनू के अनुसार दिया जाता है। अन्य सामग्री व वस्त्र आदि समय से उपलब्ध करा दिया जाता है। रामकुमारी ने आंख में समस्या की जानकारी दी। इस पर उन्होंने संस्था प्रबंधक को निर्देशित किया कि वह उसकी आंखों की जांच सरकारी अस्पताल के डाक्टर से कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान एक वृद्ध ने खुद को ऋषिकेश का निवासी बताया पर वह बाकी जानकारी दे नहीं पा रहा था। इस पर उन्होंने संस्था प्रभारी को निर्देशित किया कि वह ऋषिकेश के विभागीय अधिकारियों से संपर्क स्थापित करते हुए उसके मूल स्थान की जानकारी प्राप्त करें और उसके परिवार वालों को सूचित करें। इस दौरान वृद्धाश्रम के कर्मचारी व वृद्धजन मौजूद रहे।



वृद्धाश्रम के मुआयने के दौरान एक वृद्ध से बात करतीं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्णिका शुक्ला। अमृत विचार

## प्रशिक्षुओं को बताये नशे के दुष्परिणाम




**चित्रकूट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में मंगलवार को प्राचार्य डॉ.आदर्श कुमार त्रिपाठी ने दिशा निर्देशन में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने प्रशिक्षुओं को जागरूक करते हुए कहा कि नशा एक ऐसी समस्या है जो समाज के अधिकतर व्यक्तियों एवं युवा पीढ़ी को प्रभावित करती है। यह स्वास्थ्य ,परिवार और आर्थिक स्थिति को खतरे में डालती है। वरिष्ठ प्रवक्ता नीलम यादव ने नशा मुक्ति से संबंधित उपायों पर चर्चा की। प्रवक्ता अखिलेश कुमार पांडेय ने नशे के सेवन को रोकने के लिए कई प्रमुख पहलुओं पर चर्चा किया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रवक्ता, कर्मचारी एवं डीएलएड प्रशिक्षु मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन प्रवक्ता राबिया खातून ने किया। ● अमृत विचार

## जहरीला पदार्थ खाकर महिला ने दी जान

**रामनगर।** रैपुरा थाना क्षेत्र के अतरौली गांव में जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत हो गई। मृतका मिथिलेश (38) के पति कमलेश ने विवाद के दौरान एक थप्पड़ मारने की बात कही, जिसके बाद नाराज होकर महिला ने चूहे मारने की दवा खा ली। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। वहीं, मायके पक्ष ने पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले भी मारपीट में महिला का हाथ तोड़ चुका है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजकर जांच शुरू कर दी है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा की जिला इकाई ने कृषि भवन में 12 सूत्रीय मांगों को लेकर सत्याग्रह आंदोलन किया। बाद में एडीएम नमामि गंगे स्वप्निल यादव को ज्ञापन सौंपा।

कर्मचारियों ने जिलाध्यक्ष डॉ.सुरेश सिंह और कमल सिंह की अगुवाई में कृषि भवन प्रांगण, पटेल तिराहे पर भूख हडंताल और सत्याग्रह किया। इनकी मांगों में पुरानी पेंशन बहाली, सातवें वेतन आयोग की विसंगतियां दूर करने, महंगाई भत्ता, आउटसोर्सिंग एवं संविदा कर्मचारियों के स्थायीकरण, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कैशलेस इलाज की सुविधा, डिप्लोमा फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन आदि का कैडर पुनर्गठन व पदनाम परिवर्तन आदि हैं। बाद में एडीएम नमामि गंगे को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर गया प्रसाद बौद्ध जिलाध्यक्ष एससी एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर, महेंद्र सिंह पटेल, लवलेश कुशवाहा, आनंद यादव, डा. फूल सिंह, गुलाब सिंह, मथुरा प्रसाद, आरडी सिंह, राजेश यादव, अशोक सिंह, रामकिशोर, प्रेमचंद, आलोक बौद्ध, रामबाबू कुशवाहा, राजेंद्र सिंह, संजय अवस्थी, ओमप्रकाश, ज्योति नारायण , महेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



एडीएम स्वप्निल यादव को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी। अमृत विचार

# वापस लें स्कूलों के मर्जर करने का शासनादेश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- सपा विधायक ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**अमृत विचार।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर परिषदीय स्कूलों के मर्जर करने का शासनादेश वापस लेने का अनुरोध किया है। उनका कहना है कि यह शासनादेश सर्व शिक्षा अभियान, सबको शिक्षा तथा निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षाधिकार अधिनियम की मूल भावना के विरुद्ध है।

अनिल प्रधान ने कहा कि शासनादेश जारी कर सरकार ने परिषदीय विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों का समन्वित उपयोग किए जाने के लिए अपर्याप्त छात्र संख्या वाले विद्यालयों की युग्मन प्रक्रिया शुरू की है और यह ठीक नहीं है। चित्रकूट एक आकांक्षी जिला है, जिसमें इस प्रक्रिया से ग्रामीण क्षेत्रों, मजरों और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के अधिकारों और शिक्षा के अधिकार का हनन होगा और ये लोग शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। सपा विधायक ने सीएम से अनुरोध किया कि वे इस शासनादेश को वापस लेने का आदेश जारी करें। उधर, सदर विधायक ने परिवहन मंत्री को पत्र भेजकर चित्रकूट से लखनऊ के लिए एसी बस सेवा शुरू करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि चित्रकूट एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में एक नियमित एसी बस चलायें।



विधायक अनिल प्रधान।

# अजय बने संस्कृत शिक्षक उत्थान समिति के कोषाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** संस्कृत शिक्षक उत्थान समिति के तत्वावधान में बीते दिन लखनऊ में मानदेय संस्कृत शिक्षकों की बैठक हुई। इसमें मानदेय संस्कृत शिक्षकों की सेवा सुरक्षा एवं नियमितीकरण पर चर्चा हुई। शिक्षकों ने सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द समायोजन किया जाए। इस दौरान संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया की गई। राजीव मिश्रा को प्रदेश अध्यक्ष, पुष्कर मिश्रा को उपाध्यक्ष, रविंद्र मिश्रा को महामंत्री बनाया गया। चित्रकूट निवासी अजय कुमार शुक्ला को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष माधुरी तिवारी व उपाध्यक्ष शशि दीक्षित को बनाया गया। अजय को प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी मिलने पर हर्ष जताया।



अजय शुक्ला को बधाई देते शिक्षक। अमृत विचार



आदेश पत्र देते सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता।

### महिला कर्मियों को दिये आदेश पत्र

**चित्रकूट।** उप्र राज्य परिवहन निगम के चित्रकूट डिपो में मंगलवार को अनुबंध के आधार पर सात महिला अभ्यर्थियों को आदेश पत्र दिए गए। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता ने इनको आबद्धीकरण आदेश पत्र दिए। इस मौके पर स्टेशन इंचार्ज जीशान खान, कार्यालय सहायक सुनील कुमार, कर्वी बस स्टेशन प्रभारी सुरेश चंद्र निगम, डिपो के अन्य कर्मचारी, महिला परिचालकों के अभिभावक आदि मौजूद रहे।

# विवाद में घायल वृद्ध ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

संवाददाता, पहाड़ी चित्रकूट

- बेटों और भाई-भाभी पर रिपोर्ट, गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश

**अमृत विचार।** रमैयापुर गांव में जमीन के विवाद में एक ग्रामीण की जान चली गई। बताया जाता है कि उसकी बेटों और परिवारीजनों की पिटाई से मौत हो गई। घटना के बाद वह लगभग 24 दिन तक इलाज कराता रहा और बाद में सांसें थम गईं। आरोपी फरार हैं पुलिस इनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

गांव निवासी 50 वर्षीय रमेश पांडेय, पुणे में प्राइवेट नौकरी करता था। 27 मई को वह गांव आया था। 30 मई को उसके बेटे अतुल और छोटू जो मप्र में रहते हैं, भी गांव पहुंचे थे। बताया जाता है कि इसी दिन रमेश के भाई-भाभी सुरेंद्र और रेनू भी घर पहुंचे। घर में जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि बेटों ने चाचा-चाची के साथ मिलकर रमेश को पीटा और लोहे की रॉड से सिर पर लगी चोट से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे कई अस्पतालों में ले जाया गया पर बीते दिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया।

उधर, थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि मामला घरेलू विवाद से जुड़ा लग रहा है। पहले आरोपियों बेटों और मृतक के भाई-भाभी पर मारपीट की एफआईआर दर्ज हुई थी। अब मौत के बाद गंभीर धाराएं जोड़ी जाएंगी। आरोपी फरार हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**सिकंदरा।** जनपद औरैया के कस्बा निवासी निर्मल कुमार पांडेय (30) मंगलवार को रनियां में अपने रिश्तेदार के यहां बाइक से जा रहे थे। तभी सिकंदरा थाना क्षेत्र के बिरहाना ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस की मदद से सीएचसी सिकंदरा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने निर्मल को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी तो कोहराम मच गया। बताया जा रहा कि मृतक निर्मल की दो माह पहले ही शादी हुई थी और दुल्हन की हाथों की मेहंदी भी नहीं छूट पाई कि हादसा हो गया। इस संबंध में सिकंदरा थाना प्रभारी हरिओम त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


बैठक | पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करके दिये दिशा– निर्देश

# ड्यूटी में लापरवाही करने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** आषाढ़ी अमावस्या मेले के संबंध में मंगलवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आगाह किया कि ड्यूटी से लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एडीएम उमेश चंद्र निगम भी मौजूद रहे।

एसपी ने कहा कि यह बरसात का पहला मेला है। मंदाकिनी का जलस्तर बढ़ सकता है। ऐसे में वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था बेड़ी पुलिया, शिवरामपुर, पीली कोठी आदि पर करें। समय से ड्यूटी करें। अगर कोई ड्यूटी के प्रति शिथिलता बरते तो कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजें। एडीएम ने बताया कि मेला क्षेत्र को तीन जोन, 12 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। इनमें अधिकारियों के साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने सभी जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए कि प्रतिस्थानी के आने के पूर्व अपना प्वाइंट नहीं छोड़ें। इस दौरान एएसपी सत्यपाल सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. भूपेश द्विवेदी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, मऊ यामीन अहमद, ट्रैफिक फहद अली, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. वैभव त्रिपाठी, एआईजी स्टांप श्याम सुंदर, जिला पूर्ति अधिकारी आशाराम पाल आदि मौजूद रहे।



पुलिसकर्मियों को निर्देश देते पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार

## अमावस्या व मोहर्रम को लेकर दिये निर्देश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने आषाढ़ मास के अमावस्या मेले एवं मोहर्रम के त्योहार को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक की। डीएम ने हिदायत दी कि मोहर्रम में कोई नई परंपरा न डाली जाए।

एडीएम उमेश चंद्र निगम ने बताया कि 25 जून को अमावस्या है। 27 जून से छह जुलाई तक मोहर्रम का त्योहार मनाया जाएगा, जिसमें जुलूस, अलाव व सवारियां आदि निकलेंगी। सभी विभाग अपनी-अपनी व्यवस्थाओं को देखकर जो कमियां हों, उनको दूर कराएं। डीएम ने एसडीएम तथा सीओ व थानाध्यक्षों से कहा कि मोहर्रम के त्योहार को देखते हुए क्षेत्र का निरीक्षण करें। जिन रास्तों से ताजिया निकलने हैं, उन को ठीक कराया जाए। ताजिये की ऊंचाई का मानक गत वर्षो की भांति रखा जाए। जिलाधिकारी ने अमावस्या मेला के संबंध में थानाध्यक्ष जीआरपी को निर्देश दिए कि रेलवे स्टेशन पर भीड़ बढ़े तो जिला प्रशासन को अवगत अवश्य कराया जाए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रेलवे स्टेशन से निजी बसों का संचालन कराएं। डीएम ने आगाह किया कि कोई भी वाहन ओवरलोड नहीं चलेगा। बैठक में एसडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम कर्वी पूजा साहू, मानिकपुर मोहम्मद जसीम, मऊ सौरभ यादव, राजापुर आरआर रमन, सीओ सिटी राजकमल, मऊ यामीन अहमद, ट्रैफिक फहद अली, उप निदेशक कृषि राजकुमार, बीएसए बीके शर्मा, एआईजी स्टांप श्यामसुंदर आदि मौजूद रहे।

### समितियों का विवाद दूर कर गठन करें

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि जहां पर समितियों के गठन का विवाद है, उनमें चुनाव कराना पुलिस व प्रशासन का कार्य नहीं है। जितनी जगहों में ताजिया निकलते थे, उतने निकलेंगे और जहां पर रखते थे और जहां पर विसर्जन की व्यवस्था है वहीं पर होगा। सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि अराजक तत्व दखल करें तो तत्काल उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।



उपचुनाव में जीत पर जश्न मनाते आप कार्यकर्ता। अमृत विचार

# उपचुनाव में जीत से आप कार्यकर्ता ने बांटी मिठाई

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** गुजरात और पंजाब उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत पर गदगद कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटे और कार्यालय से ट्रैफिक चौराहे तक जुलूस निकाला।

जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला ने कहा कि इन परिणामों ने आप के काम की राजनीति पर मुहर लगाई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पंजाब और गुजरात के चुनाव परिणामों ने पार्टी के कामों को सराहा है। अब चित्रकूट में भी गांव-गांव जाकर पार्टी को वोट देने के लिए जनता को जागरूक करेंगे। इस मौके पर प्रेम चंद सिंह पटेल, धनराज सिंह, नर्वदा प्रसाद यादव, बसंत पटेल, लवलेश केशरवानी, दिनेश सिंह पटेल, डा. रमाकांत गुप्ता, सन्नो मौर्या, सोनम श्रीवास, दीपिका, जुबैदा, शोभा सोनी, आलोक कुमार आदि रहे।

# अमेरिका, यूरोप से व्यापार समझौते जल्द

## केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- 2,000 अरब डॉलर के लक्ष्य के लिए निर्यात को बढ़ाने के प्रयास

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। 2030 तक 2,000 अरब डॉलर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए निर्यात को बढ़ावा देने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) ब्लॉक के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और ब्रिटेन के साथ बातचीत पूरी हो चुकी है। अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ बातचीत वास्तव में जारी है और जल्द निष्कर्ष



इंडिया एक्ज़िम बैंक ट्रेड कॉन्क्लेव को संबोधित करतीं निर्मला सीतारमण।

- कहा- चार देशों के ईएफटीए ब्लॉक के साथ कर चुके हैं समझौता

पर पहुंच जाएगी। इंडिया एक्जिम बैंक द्वारा आयोजित व्यापार सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि अब अधिक मुक्त व्यापार समझौते करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने निर्यात संवर्धन मिशन और 'भारत ट्रेड नेट' की बजट में की गई घोषणाओं का भी उल्लेख किया, जो एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना है जो व्यापार दस्तावेजीकरण एवं वित्तपोषण समाधान के लिए एक एकीकृत मंच प्रदान करता है। बजट में उभरते मझोले शहरों और व्यापार सुविधा उपायों में सेवा-आधारित विकास को और अधिक समर्थन देने के लिए वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के लिए एक राष्ट्रीय ढांचे का भी प्रस्ताव किया गया है।

देश के निर्यात का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 2024-25 में वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल निर्यात 825 अरब अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो 2023-24 की तुलना में 6% की वृद्धि है। जहां वैश्विक निर्यात में केवल 4% की वृद्धि हुई, वहीं भारत के निर्यातक व्यापार मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद तेजी से आगे बढ़ने और 6.3% की वृद्धि को पार करने में सफल रहे हैं। उन्होंने निर्यातकों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए उनसे आग्रह किया कि वे नवोन्मेषण पर ध्यान केंद्रित करें तथा अपने उत्पादों के लिए नए बाजार तलाशें। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) की विश्व निवेश रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत की स्थिति में सुधार हुआ है, वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह में 11 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### भारत 'टैरिफ किंग' नहीं, प्रभावी दर बहुत कम

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस आरोप को खारिज कर दिया कि भारत 'टैरिफ किंग' (अत्यधिक शुल्क लगाने वाला देश) है। उन्होंने कहा कि उनके ताजा बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई है और प्रभावी दर बहुत कम है। उन्होंने कहा, जो लोग अब भी अमेरिका में की गई टिप्पणी पर भरोसा करते हैं कि भारत 'टैरिफ किंग' हो सकता है... मैं चाहती हूं कि वे दो बातें याद रखें। हमारी शासन व्यवस्था को देखते हुए हमें शुल्क दर पर निर्णय लेने के लिए संसद की मंजूरी चाहिए... एक निश्चित स्तर तक जाने की अनुमति, लेकिन प्रभावी रूप से हमारी दरें बहुत निचले स्तर पर हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार भारत को बहुत अधिक शुल्क वाला देश बताया है। ट्रंप ने भारत को टैरिफ किंग और शुल्क व्यवस्था का बड़ा दुरुपयोग करने वाला कहा था। वित्त मंत्री ने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बढ़ाने के लिए 2025-26 के बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई। सीतारमण ने फरवरी के बजट में सात शुल्क दरें हटा दी थीं। यह 2023-24 के बजट में हटाई गई सात शुल्क दरों के अलावा थीं। जो अब भी सोचते हैं कि भारत में शुल्क बहुत अधिक हैं, तो मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि शून्य दर सहित केवल आठ (शुल्क दरें) हैं।

# कमोडिटी में निवेश : रिटर्न-रिस्क का संतुलन

कमोडिटी का अर्थ है- ऐसी भौतिक वस्तुएं जिनका व्यापार अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर होता है। इनमें प्रमुख रूप से धातुएं (जैसे सोना, चांदी, तांबा), ऊर्जा (जैसे कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस), और कृषि उत्पाद (जैसे गेहूं, चावल, कॉफी) शामिल हैं। कमोडिटी में निवेश एक विविध पोर्टफोलियो बनाने का माध्यम है, खासकर जब शेयर बाजार में अस्थिरता हो। यह निवेश फ्यूचर्स या कमोडिटी एक्सचेंज के जरिए होता है। हालांकि इसमें अच्छा रिटर्न मिल सकता है, परंतु इसमें जोखिम भी अधिक होता है।




### कमोडिटी क्या है?

कमोडिटी वे वस्तुएं हैं जो किसी उद्योग या रोजमर्रा की जरूरत में उपयोग होती हैं और जिनकी मांग-सप्लाई से कीमत तय होती है। इनमें धातुएं- सोना, चांदी, तांबा, जस्ता ऊर्जा। उत्पाद- कच्चा तेल, डीज़ल, प्राकृतिक गैस। कृषि उत्पाद- गेहूं, चावल, सोयाबीन, कॉफी। भारत में एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) व एनसीडीईएक्स (नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज) जैसे एक्सचेंज इनका व्यापार करते हैं।

### कैसे करें निवेश

- एमसीएक्स या एनसीडीईएक्स में ट्रेडिंग अकाउंट खोलें, ब्रोकर के माध्यम से फ्यूचर्स और ऑप्शंस में ट्रेड करें, कमोडिटी म्यूचुअल फंड/ईटीएफ : जैसे गोल्ड ईटीएफ या एग्री-कमोडिटी फंड्स, सरल तरीका, जिसमें ट्रेडिंग की जरूरत नहीं। फिजिकल इन्वेस्टमेंट : सोने-चांदी को खरीदकर भी निवेश संभव है, हालांकि भंडारण की समस्या होती है।

### निवेश के लाभ

- **डायवर्सिफिकेशन का विकल्प :** शेयर बाजार में गिरावट के समय कमोडिटी में स्थिरता मिल सकती है। **मुद्रास्फीति से बचाव :** कमोडिटी की कीमतें महंगाई के साथ बढ़ती हैं। **उच्च लाभ की संभावना :** फ्यूचर्स ट्रेडिंग में कम समय में अधिक रिटर्न मिल सकता है।

### निवेश के जोखिम

- **उच्च अस्थिरता :** अंतर्राष्ट्रीय घटनाएं, मौसम, जियो-पॉलिटिक्स का असर सीधा पड़ता है। **लीवरेज रिस्क :** छोटे मार्जिन में अधिक निवेश किया जाता है, जिससे घाटा बड़ा हो सकता है। **जानकारी :** कीमतें वैश्विक और स्थानीय कारकों पर निर्भर करती हैं।

# भारत की जीडीपी 6.5% रहने का अनुमान

- मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को देखते हुए एसएंडपी ने जारी की रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को देखते हुए एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया।

एसएंडपी ने प. एशिया में अशांति के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बढ़ते जोखिम की भी चिंता जाहिर की और कहा कि तेल की कीमतों में दीर्घकालिक वृद्धि से धीमी वैश्विक वृद्धि और शुद्ध ऊर्जा आयातकों के चालू खातों, कीमतों व लागतों पर दबाव के जरिये एशिया-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण आर्थिक प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, वैश्विक ऊर्जा बाजारों की वर्तमान स्थिति देखते हुए जहां पर्याप्त आपूर्ति है उससे तेल की कीमतों पर ऐसा दीर्घकालिक प्रभाव पड़ने के आसार नहीं है। एसएंडपी ने पिछले महीने वैश्विक अनिश्चितताओं और अमेरिकी शुल्क झटकों का हवाला देते हुए भारत के वित्त वर्ष 2025-26 के वृद्धि अनुमान घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था।

### भू-राजनीतिक तनाव से मुद्रास्फीति पर खास दबाव नहीं

मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव से रुपये या मुद्रास्फीति पर काफी दबाव पड़ने के आसार नहीं है, क्योंकि वैश्विक ऊर्जा कीमतें पिछले साल की तुलना में कम हैं, जिससे चालू खाता निकासी और घरेलू ऊर्जा मूल्य दबाव सीमित हो जाएगा। एसएंडपी की अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा कि भारत के लिए एक बड़ी राहत वाला कारक यह है कि ऊर्जा की कीमतें अब भी पिछले वर्ष की तुलना में कम हैं। एक वर्ष पहले ब्रेंट कच्चे तेल का भाव करीब 85 डॉलर प्रति बैरल था और वर्तमान कीमतें अब भी कम हैं। राणा ने कहा, इससे चालू खाते से धन निकासी और घरेलू ऊर्जा मूल्य दबाव दोनों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

# चीन से आयातित चार रसायन पर लगा डंपिंग-रोधी शुल्क

**नई दिल्ली।** सरकार ने चीन से आयातित चार रसायन पर इस महीने डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया है। घरेलू कंपनियों को चीन से सस्ते दाम पर आयातित उत्पादों से संरक्षण देने के लिए यह कदम उठाया गया है। ये शुल्क पेडा (खरपतवार नाशक), एसीटोनिट्राइल (दवा क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाला रसायन), विटामिन-ए पामिटेट और अघुलनशील सल्फर पर लगाया गया है।

राजस्व विभाग के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने इस बारे में अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं। विभाग ने कहा कि इन रसायनों के आयात पर डंपिंग-रोधी शुल्क पांच वर्ष के लिए लगाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिशों के बाद यह शुल्क लगाया गया है। चीन, रूस और ताइवान से आयातित पेडा पर शुल्क 1,305.6 से 2017.9 डॉलर प्रति टन होगा जबकि एसीटोनिट्राइल पर 481 डॉलर प्रति टन तक का शुल्क लगाया गया है।

# हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए : सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ने कहा- किसी भी क्षेत्र में दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि किसी भी क्षेत्र में दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं है और हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम के कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि देश में इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है और सरकार 15 अगस्त से पहले 6 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को लाइसेंस मुक्त करने के नियम जारी करेगी। इसका इस्तेमाल वाई-फाई और डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए किया जाएगा।

सिंधिया ने कहा कि हमारा काम यथासंभव अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराना है और प्रत्येक क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा संभव कराना है। एक या दो कंपनियों का वर्चस्व ठीक नहीं है। इससे पहले, कार्यक्रम में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के पूर्व चेयरमैन आरएस शर्मा ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में भी द्वैधाधिकार है और केवल दो सक्रिय सेवा प्रदाता हैं तथा उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर ब्रॉडबैंड पहुंच उपलब्ध कराने के लिए और अधिक विकल्प उपलब्ध कराने की जरूरत है।

भारतीय दूरसंचार क्षेत्र पर वर्तमान में भारती एयरटेल और रिलायंस जियो का प्रभुत्व है जो सक्रिय रूप से 4जी और 5जी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल याचिका में अपने अस्तित्व को लेकर आशंका जाहिर की है। सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने अभी तक अखिल भारतीय स्तर पर 4जी और 5जी सेवाएं शुरू नहीं की हैं। सिंधिया ने कहा कि देश में ब्रॉडबैंड, वाईफाई के लिए फाइबर प्रौद्योगिकी है और जल्द ही उपग्रह सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। मंत्री ने कहा कि हमें हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करनी होगी। उन्होंने कहा कि उपग्रह संचार सेवाओं के लिए जल्द ही प्रशासनिक आधार पर उपग्रह कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### आय से अधिक संपत्ति में 8 अफसरों के ठिकानों पर छापे

**बेंगलुरु।** लोकायुक्त के अधिकारियों ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में मंगलवार को आठ सरकारी अधिकारियों से जुड़े कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने आरोपी अधिकारियों के घरों, कार्यालयों और अन्य स्थानों पर छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि वसानद के पास धारवाड़ में एक आलीशान बंगला है। छापे के दौरान उनके घर से सोने और चांदी के आभूषण बरामद हुए।

#### जम्मू कश्मीर के पुंछ में तलाश अभियान जारी

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को 12 स्थानों पर तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर पुलिस के विशेष अभियान समूह, सीआरपीएफ और राष्ट्रीय राइफल्स ने सुबह छह बजे से सुरनकोट और मेंढर में संयुक्त रूप से तलाश अभियान शुरू किया। यह अभियान सुरनकोट के सरी, उस्तन, पठानखोर, लोहार मोहल्ला, चांदीमढ़, फागल, हरि टॉप और मेंढर के उचाद एवं कल्लर-गुरसाई में जारी है।

#### असम में 3 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि कछार जिले से तीन करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर बताया कि खुफिया सूचना पर कछार जिला पुलिस ने आईएसबीटी सिलचर के पास दो वाहनों को रोका और उनमें से 576.58 किलोग्राम गांजा बरामद किया। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान दोनों वाहनों में सवार तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेना, छूट का आधार नहीं

## पत्नी की हत्या के दोषी ब्लैक कैट कमांडो को आत्मसमर्पण की छूट देने से सुप्रीम इन्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दहेज के लिए पत्नी की हत्या के मामले के दोषी को आत्मसमर्पण की छूट देने से इन्कार करते हुए मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने से आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने व्यक्ति की अपील को खारिज करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने शुरू में व्यक्ति को छूट देने में अनिच्छा व्यक्त की। याचिकाकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने कहा कि व्यक्ति ने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया था। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष से मैं राष्ट्रीय राइफल्स में ब्लैक कैट कमांडो हूं। पीठ ने कहा कि इससे आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है। आप शारीरिक रूप से फिट हैं और आप अकेले अपनी पत्नी को मार सकते थे, गला घोंट सकते थे। याचिकाकर्ता को गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था, इसलिए उसे छूट देने के लिए यह उपयुक्त मामला नहीं है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी किया और प्रतिवादियों से छह सप्ताह में जवाब मांगा। जुलाई 2004 में अमृतसर की निचली अदालत ने याचिकाकर्ता बलजिंदर सिंह को उसकी शादी के दो साल के भीतर पत्नी की मौत के लिए दहेज हत्या के तहत दोषी ठहराया था।



- शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी कर प्रतिवादियों से छह सप्ताह में मांगा जवाब

### न्याय का उपहासः जमानत के बावजूद व्यक्ति को रिहा नहीं करने पर जेलर तलब

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश के धर्मांतरण प्रतिषेध कानून के तहत एक मामले में उसने अप्रैल में जिस व्यक्ति को जमानत दी थी उसे अब तक जेल से रिहा नहीं किया जाना 'न्याय का उपहास' है। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने व्यक्ति द्वारा किए इस दावे का संज्ञान लिया जिसमें कहा गया कि उसे इस आधार पर जमानत पर रिहा नहीं किया गया कि जमानत आदेश में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्मांतरण प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के प्रावधान की एक उपधारा का उल्लेख नहीं था। इसलिए पीठ ने गाजियाबाद जिला कारागार के अधीक्षक जेलर को 25 जून को अदालत के समक्ष प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि यह मामला बहुत दुर्भाग्यपूर्ण परिदृश्य प्रस्तुत करता है। पीठ ने उत्तर प्रदेश के जेल महानिदेशक को वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने का निर्देश दिया।

# न्यायमूर्ति यादव को हटाने के नोटिस पर 44 सदस्यों के हस्ताक्षर का सत्यापन

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्यसभा सचिवालय ने पुष्टि की की पद से हटाने के नोटिस पर कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया

राज्यसभा सचिवालय ने पुष्टि की है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव को उनके घृणास्पद भाषण के लिए पद से हटाने के संबंध में प्रस्ताव लाने का नोटिस देने वाले 55 सांसदों में से 44 के हस्ताक्षर का सत्यापन हो गया है जबकि कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने अब तक अपने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया है। सिब्बल नोटिस पर शीघ्र कार्रवाई के लिए मुखर रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा सचिवालय से ऐसा कोई ईमेल नहीं मिला है, जिसमें पुष्टि की गई हो कि छह महीनों के दौरान उनके आधिकारिक ईमेल पर तीन बार नोटिस भेजा गया है। सिब्बल ने हस्ताक्षरों के सत्यापन की आवश्यकता और मार्च में देरी से प्रक्रिया शुरू करने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नोटिस 13 दिसंबर 2024 को प्रस्तुत किया गया था। न्यायमूर्ति यादव को हटाने के लिए 55 सांसदों ने प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन उनमें से एक सदस्य सरफराज अहमद के हस्ताक्षर नोटिस पर दो बार दिखाई दे रहे हैं।

राज्यसभा सचिवालय जांच कर रहा है कि नोटिस पर उनके हस्ताक्षर दो बार कैसे दिखाई दे रहे हैं और क्या वे जाली हैं। सूत्रों ने बताया कि झारखंड से झामुमो सांसद अहमद इस मुद्दे पर पहले ही राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मिल चुके हैं और इस बात की पुष्टि की है कि उन्होंने दो बार नहीं बल्कि केवल एक बार हस्ताक्षर किए हैं।

# महाराष्ट्र में वोट की चोरी, मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज हो जारी : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विस चुनाव की शुचिता को लेकर मंगलवार को फिर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि प्रदेश में वोट की चोरी हुई है और जानकारी छिपाना ही इसकी स्वीकारोक्ति है। उन्होंने कहा कि आयोग को डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज तत्काल जारी करनी चाहिए।

राहुल गांधी ने एक्स पर कहा, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 5 महीनों में 5% बढ़ गई। कुछ बूथों पर 20-50% की बढ़ोतरी हुई। बीएलओ ने अज्ञात लोगों के वोट डालने की सूचना दी। मीडिया ने बिना सत्यापित पते वाले मतदाताओं को उजागर किया। और ईसी? चुप - या मिलीभगत!

### भाजपा ने राहुल गांधी को लेकर कांग्रेस की आलोचना की

**नई दिल्ली।** भाजपा ने महाराष्ट्र विस चुनावों को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणियों पर मंगलवार को कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि विपक्षी दल अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए बिना किसी सबूत के सवाल उठा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल गांधी दोनों ही लोकतंत्र विरोधी और आपातकाल समर्थक हैं।

# आतंकवाद रोधी तंत्र की मजबूती को रक्षा मंत्रालय ने किए 13 अनुबंध

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने को सेना की अभियानगत तैयारियों को बढ़ाने के लिए आपात खरीद तंत्र के तहत 1,980 करोड़ रुपये के 13 अनुबंध किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि खरीद के माध्यम से सेना की एकीकृत ड्रोन पहचान और अवरोधन प्रणालियों को उन्नत किया जा रहा है। भारत जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सेना की आतंकवाद रोधी रणनीति को मजबूत कर रहा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह हल्के रडार, बहुत कम दूरी वाली हवाई रक्षा मिसाइलें और लांचर, रिमोट संचालित हवाई वाहन तथा अन्य सैन्य साजो सामान खरीद रहा है। खरीद तंत्र के तहत कई श्रेणियों के ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट व बैलिस्टिक हेलमेट भी खरीदे जा रहे हैं। आतंकवाद के खिलाफ सेना की तैयारियों के लिए रक्षा मंत्रालय ने 13 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।

### बलिदान की विरासत



जबलपुर के बरहा समाधि स्थल पर रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक आदिवासी नृत्य में हिस्सा लिया। एजेंसी

# पीएमएमएल की बैठक में नेहरू के निजी कागजातों का मुद्दा भी आया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की वार्षिक बैठक के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से जुड़े निजी कागजात से संबंधित मुद्दे पर भी चर्चा हुई। सूत्रों ने मंगलवार को यह बात कही। सोमवार को पीएमएमएल सोसाइटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री मोदी ने की और इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित शीर्ष केंद्रीय मंत्रियों ने भाग लिया। सोसाइटी की यह अहम बैठक तीन मूर्ति भवन में हुई।

सूत्रों ने बताया कि अन्य मामलों के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू से जुड़े निजी कागजात का मुद्दा भी चर्चा में आया। हालांकि, उन्होंने इस विषय पर विस्तार से नहीं बताया। एक अन्य सूत्र ने बताया कि सोसाइटी के सदस्य ने सोमवार को बैठक के दौरान इस मुद्दे को केवल उठाया ही था। भारत के पहले प्रधानमंत्री नेहरू मध्य दिल्ली स्थित तीन मूर्ति भवन में रहते थे जो उनके निधन के बाद नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय (एनएमएमएल) बन गया।

# तिरुवनंतपुरम से प. एशिया के लिए उड़ान शुरू, कई कंपनियों की उड़ानें रद्द

नई दिल्ली, एजेंसी

प. एशिया में तनाव के मद्देनजर वहां के हवाई क्षेत्र बंद रहने के बाद अब क्षेत्र में विमान परिचालन सेवा बहाल होने पर तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मंगलवार सुबह पश्चिम एशिया के लिए उड़ानें फिर से शुरू हो गईं। अमीरात, एतिहाद एयरवेज और एअर अरब ने सबसे पहले विमान परिचालन सेवा फिर से शुरू की।

हवाई अड्डा से जुड़े सूत्रों ने कहा कि शुरुआती घंटों में बिना किसी व्यवधान के तीन विमान वाहक कंपनियों की उड़ानें दुबई, अबू धाबी और शारजाह के लिए संचालित की गईं और वहां से भारत आईं। हालांकि, कई भारतीय विमानन कंपनियों ने पश्चिम एशिया के लिए अपनी उड़ान सेवाएं रद्द कर दी हैं। विभिन्न भारतीय एयरलाइन के क्षेत्र में अपने विमानों का परिचालन रद्द करने के कारण हजारों यात्री प्रभावित होंगे और विमानन कंपनियों को भारी वित्तीय नुकसान होगा। परिचालन संबंधी व्यवधानों से पहले ही जूझ रही एअर इंडिया ने पश्चिम एशिया, यूरोप के साथ-साथ अमेरिका और कनाडा के पांच गंतव्यों के लिए अपनी सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी हैं।



# लालू प्रसाद यादव फिर राजद अध्यक्ष हुए निर्वाचित

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसके संस्थापक लालू प्रसाद को फिर से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। पार्टी के संगठन चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने बताया कि प्रसाद ने एक दिन पहले नामांकन पत्र दाखिल किया था और जांच के दौरान वह सही पाया गया।

बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने मुख्य विपक्षी दल पर कटाक्ष किया कि प्रसाद के निर्वाचित होने से साबित हो गया है कि राजद पर एक परिवार का नियंत्रण है। जद-यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने आरोप लगाया कि राजद प्रमुख के बेटे तेजस्वी राजनीति में नैतिकता के मुद्दे पर मुख्यमंत्री नीतीश को उपदेश देना पसंद करते हैं, लेकिन उनमें और उनके परिवार में नैतिकता का अभाव है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, लालू के 13वीं बार अध्यक्ष बनने के साथ राजद ने राजतंत्र स्थापित कर दिया है।

# एससीओ में आतंकवाद के खिलाफ सहयोग की वकालत करेंगे राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- चीन के किंगदाओ में होने वाले सम्मेलन में भाग लेंगे रक्षामंत्री

पाकिस्तान के समर्थन से जारी आतंकवाद के विरुद्ध भारत के कूटनीतिक प्रयासों की तर्ज पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को चीन के किंगदाओ में शुरू होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के दो दिवसीय सम्मेलन में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रयास बढ़ाने पर जोर देंगे।

सिंह सम्मेलन के लिए चीन के पूर्वी शांदोंग प्रांत के बंदरगाह शहर किंगदाओ की यात्रा कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री की आतंकवाद से निपटने के लिए अधिक क्षेत्रीय सहयोग का आह्वान करने की योजना, पहलगाम हमले के जवाब में भारत द्वारा पाकिस्तानी क्षेत्र में नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए जाने के डेढ़ महीने बाद सामने आई है। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध के बाद संबंधों में गंभीर तनाव पैदा होने के बाद से यह किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की चीन की पहली यात्रा है।

## एक नजर

### पीएसजी क्लब विश्व कप के अंतिम 16 में, एटलेटिको मैड्रिड बाहर

**सिएटल :** यूरोप के शीर्ष क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सिएटल साउंडर्स को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। सोमवार की रात को खेले गए मैच में पीएसजी ने 35वें मिनट में पहला गोल किया, जब विटिना का शॉट नेट से काफी दूर जाकर टीम के साथी ख्विचा क्वारात्शेलिया से टकराया और डिफ्लेक्ट होकर गोल के अंदर चला गया। चैंपियंस लीग के चैंपियन की तरफ से अशरफ हकीमी ने 66वें मिनट में दूसरा गोल किया। इस जीत से पीएसजी ग्रुप बी में गोल अंतर के आधार पर शीर्ष पर रहकर अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहा। इस ग्रुप में शामिल यूरोप की एक अन्य टीम एटलेटिको मैड्रिड को बोटाफोगो पर 1-0 से जीत के बावजूद बाहर का रास्ता देखना पड़ा। बोटाफोगो इस मैच में पराजय के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रहा।

### इंटर मियामी और पाल्मेरास क्लब विश्व कप के अगले दौर में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका) :** पाल्मेरास ने हार्ड रॉक स्टेडियम में इंटर मियामी के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला जिससे दोनों टीम क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही। दोनों टीमों के लिए मैच का ड्रॉ होना ही नाकआउट दौर में पहुंचने के लिए पर्याप्त था। दोनों टीमों ने ग्रुप ए में चार-चार अंक लेकर अगले दौर में कदम रखा। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी इस मैच में कोई कमाल नहीं दिखा पाए। उन्होंने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। इसके बावजूद एक समय लग रहा था कि इंटर मियामी 16वें मिनट में तादेओ अलेंदे और 65वें मिनट में अनुभवी लुइस सुआरेज़ के गोल की मदद से 2-0 की बढ़त लेने के बाद जीत हासिल करने में सफल रहेगा।

### गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने करार का नवीनीकरण किया

**नई दिल्ली :** कौशल आधारित ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्सक्राफ्ट की शाखा गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने चार भारतीय खेल संगठनों के साथ अपनी साझेदारी का नवीनीकरण किया है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस), अंजू बॉबी स्पोर्ट्स फाउंडेशन (एबीएसएफ), गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन और डोला एंड राहुल बनर्जी स्पोर्ट्स फाउंडेशन (डीआरबीएसएफ) के साथ अपना करार जारी रखने का फैसला किया है। फाउंडेशन ने अब तक 140 से अधिक खिलाड़ियों को मदद पहुंचाई है जिन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में विभिन्न खेलों में 190 से अधिक पदक जीते।



प्रयागराज : राजस्थान की कनिष्का टोंगर 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जूनियर महिला भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में भाग लेती हुई। ● एजेंसी

### मुराद सिमरन और अनुष्का यादव ने मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता

**प्रयागराज :** गुजरात के मुराद सिमरन ने मंगलवार को यहां 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियशिप के अंतिम दिन पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। मुराद ने 50.75 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता और 2012 में बनाए दुर्गेश कुमार पाल के 51.26 सेकेंड के प्रतियोगिता रिकॉर्ड में सुधार किया। मदन मोहन मालवीय खेल परिसर में तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश की अनुष्का यादव ने 60.46 मीटर के प्रयास से नए प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ महिला तार गोला फेंक का स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड 57.09 मीटर का था जो तान्या चौधरी ने 2022 में बनाया था। अनुष्का के नाम 62.89 मीटर का जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है जो उन्होंने फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था।

### अनाहत और चिनप्पा की जोड़ी एशियाई स्क्वैश के सेमीफाइनल में

**जोहोर (मलेशिया) :** अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई स्क्वैश युगल चैंपियनशिप 2025 के महिला वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां एरिना एमास में खेले गये मुकाबले में अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलीपींस की जेमिका एरिबाडो और यवोन एलिसा डालिडा की जोड़ी को मात्र 12 मिनट में 2-0 (11-6, 11-3) से हराया। भारत की अन्य महिला युगल जोड़ी, पूजा अर्थी रघु और रथिका सीलन ने अपने पूल बी मैच में सिंगापुर की विक्की यू यिंग लाई और ग्रेसिया चुआ रुई एन को 2-0 (11-8, 11-9) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, वे अपना क्वार्टर फाइनल मैच मलेशिया की आइना अमानी और यी शिन यिंग से 2-0 (11-7,11-8) से हार गईं।

# हार-जीत के रोमांचक मोड़ पर पहला टेस्ट मुकाबला

## बेन डकेट ने शतक लगाकर इंग्लैंड को जीत के करीब पहुंचाया, शार्दुल ने दो विकेट लेकर उम्मीद को जीवित रखा




बेन डकेट।

**लीड्स, एजेंसी**

इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में चार विकेट भले ही गंवाये लेकिन सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने भारत की औसत गेंदबाजी का पूरा फायदा उठाकर शानदार शतक के साथ पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और आखिरी दिन अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। जीत के लिये 371 रन के लक्ष्य के जवाब में डकेट ने 170 गेंद में 149 रन बनाए। इंग्लैंड ने खबर लिखे जाने तक पांच विकेट पर 320 रन बना लिए थे। उसे आखिरी सत्र में सिर्फ 47 रन की जरूरत है।

जो रूट 37 और जेमी स्मिथ 08 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों को टीम को जीत तक ले जाने में कोई परेशानी नहीं होती दिख रही है। बायें हाथ के बल्लेबाज डकेट ने सुबह के सत्र में जसप्रीत बुमराह को संभलकर खेला। बुमराह ने 16 ओवर में 55 रन दिये लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। डकेट और जैक क्रॉली (65) ने पहले विकेट के लिये 188 रन की साझेदारी की। लंच के बाद कुछ देर बारिश होने से भारत को फायदा मिला और सुबह नाकाम रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने 11 ओवर में 69 रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने क्रॉली को स्लिप में केएल राहुल के हाथों लपकवाया।

इसके बाद पहली पारी में शतक लगाने वाले ओली पोप (आठ) को पवेलियन भेजा। दोहरे झटकों के बावजूद डकेट ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। सुबह के सत्र में बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला । मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर पर इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दबाव बनाये रखा। डकेट को सिराज की गेंद पर यशस्वी जायसवाल से जीवनदान भी मिला। रविंद्र जडेजा को पिच से कोई मदद नहीं मिली और डकेट ने उन्हें कई अच्छे रिवर्स स्वीप लगाये। कुलदीप यादव जैसे फॉर्म में चल रहे स्पिनर को नहीं उतारने का भारत को खामियाजा भुगतना पड़ा। शार्दुल ठाकुर ने एक ओवर में डकेट और हैरी ब्रूक (0) को आउट करके भारत को मैच में लौटाने की कोशिश की।



कप्तान शुभमन गिल के साथ भारतीय टीम के अन्य सदस्य तीसरे अंपायर के फैसले का इंतजार करते हुए। ● एजेंसी

## अंपायर के फैसले पर पंत ने जताई असहमति, मिली फटकार

**लीड्स :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ यहां चल रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए फटकार लगाई है। हेडिंग्ले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पंत को इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान मैदान पर उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई गई। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने बयान में कहा पंत को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.8 का



उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति व्यक्त करने से संबंधित है। इसके अलावा, पंत के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है। यह 24 महीनों में उनका पहला अपराध था। यह घटना इंग्लैंड की पारी के 61वें ओवर में हुई, जब हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स बल्लेबाजी कर रहे थे। पंत को तब गेंद की स्थिति को लेकर अंपायरों से बहस करते हुए देखा गया। जब अंपायरों ने बॉल गेज से गेंद की जांच करने के बाद उसे बदलने से इनकार कर दिया, तो पंत ने अंपायरों के सामने गेंद को जमीन पर फेंक कर अपनी असहमति व्यक्त की थी। इस मामले में किसी तरह की अनुशासनात्मक सुनवाई नहीं हुई क्योंकि पंत ने अपना अपराध और आईसीसी मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा दी गई सजा को स्वीकार कर लिया। पंत पर यह आरोप मैदानी अंपायर क्रिस गैफनी और पॉल रीफेल के साथ-साथ तीसरे अंपायर शारफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने लगाया था। आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार तथा अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना है।

## टेनिस संघ के अध्यक्ष पर फिजूलखर्ची का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एआईटीए की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने कहा एक करोड़ खर्च किए गए
- यात्राओं के नाम पर किया पैसे का दुरुपयोग, पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट जाना भी शामिल

अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि टेनिस संघ ने अध्यक्ष अनिल जैन की विदेश यात्राओं पर 'गलत तरीके से' एक करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए जिसमें उनकी पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए कुछ यात्राएं भी शामिल हैं। इन आरोपों को जैन ने यह कहकर नकार दिया कि वह पत्नी के साथ यात्रा करने के पात्र हैं।

चटर्जी ने यह भी कहा कि एआईटीए के अध्यक्ष ने सितंबर 2024 के चुनावों से पहले सदस्यों के खिलाफ काम किया जिससे संबद्ध इकाइयों को पिछले साल उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा। एआईटीए के खेल उपाध्यक्ष की भी भूमिका निभाने वाले चटर्जी ने कहा कि मई 2022 में वित्त समिति ने पदाधिकारियों के विदेश दौरों के लिए भत्ते में वृद्धि की लेकिन इसे कभी भी कार्यकारी समिति की मंजूरी नहीं मिली। चटर्जी ने पीटीआई से कहा हालांकि मैं सदस्य हूं लेकिन मुझे उस बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने पूर्व और वर्तमान अध्यक्षों तथा महासचिवों के लिए एकमुश्त राशि बढ़ाकर 700 डॉलर प्रतिदिन कर दी। होटल की सुविधा दिए जाने वाले स्थानों पर यह राशि 300 डॉलर तय की गई जबकि कार्यकारी समिति के सदस्यों के लिए यह राशि 175 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन तथा अधिकतम सात दिन के लिए होटल का वास्तविक खर्च तय की गई। उन्होंने कहा अध्यक्ष भत्ते के हकदार हैं लेकिन अध्यक्ष की पत्नी नहीं। जैन ने अपने कार्यकाल के दौरान अपनी पत्नी के साथ कई बार बिजनेस क्लास में ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए यात्रा की और एआईटीए ने गलत तरीके से भुगतान किया।

### जीत की कवायद



जर्मनी में डब्ल्यूटीए बैड होम्बर्ग टेनिस टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 के मैच के दौरान टैलीस जैस्मीन पाओलिनी कनाडा की लेयला फर्नांडीज को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

## हीली की नजरें लगातार दो विश्व कप जीतने पर

**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने आगामी एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने से इनकार कर दिया है।



उन्होंने कहा है कि लगातार चोटिल होने के कारण उनकी कम से कम 2026 में भारत के खिलाफ श्रृंखला तक खेलने की भूख और बढ़ गई है। पैंतीस साल की विकेटकीपर-बल्लेबाज हीली पिछले साल से ही लगातार चोटों से जूझ रही हैं जिसमें टी20 विश्व कप के दौरान उनके पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर भी शामिल है। इसके बाद घुटने की समस्या के कारण उन्हें कई मैचों से बाहर होना पड़ा। हीली ने स्वीकार किया कि उन्होंने शुरू में इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने के बारे में सोचा था लेकिन अब उनका नजरिया बदल गया है। हीली ने ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस (एएपी) से कहा शायद यह (संन्यास लेने की तारीख) थोड़ी बदल गई है। इसने (चोटों ने) मुझे एहसास दिलाया है कि मैं अब भी शायद जितना सोचा था, उससे थोड़ा अधिक करना चाहती हूं।

## शाह को जिद्दी समझा था पर निकले अच्छे इंसान : गांगुली

**नई दिल्ली, एजेंसी**



जय शाह। ● एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष के रूप में अपने घटनाप्रधान कार्यकाल को याद करते हुए सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि उन्हें बोर्ड के तत्कालीन सचिव और वर्तमान में आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह से ''एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन'' की उम्मीद थी लेकिन वह उनकी ''ईमानदारी'' और चीजों को व्यवस्थित करने के तरीके से प्रभावित थे।

गांगुली और शाह अक्टूबर 2019 से सितंबर 2022 तक दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में सहकर्मी रहे थे। यह कोविड-19 महामारी का दौर था जिसके कारण कुछ महीनों के लिए खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई थीं। गांगुली ने कोलकाता में कहा उनका (जय शाह) काम करने का अपना तरीका था, पर उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह थी कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए चीजों को सही तरह से व्यवस्थित करना चाहते थे। इस पूर्व कप्तान ने शाह के गृह मंत्री अमित शाह के बेटे होने के संदर्भ में कहा देखिए, उनके पास ताकत थी, समर्थन था, इसलिए आप उनसे एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद करते थे लेकिन उन्होंने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया। यह पहला अवसर था जबकि गांगुली और शाह दोनों बीसीसीआई में एक साथ किसी पद पर थे।



## दिलीप दोशी बल्लेबाजों पर आतंक का पर्याय रहे

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



- पूर्व स्पिनर दिलीप का लंदन में सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से हो गया निधन



- सचिन समेत अनेक भारतीय क्रिकेटरों ने शोक जताया

भारतीय क्रिकेटर व बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 साल के थे। भारतीय क्रिकेट समुदाय ने उन्हें यादकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिलीप दोशी 1960 के दशक के आखिर में भारतीय विश्वविद्यालय सर्किट में बल्लेबाजों के लिए आतंक का पर्याय हुआ करते थे जब उनके कलकत्ता विश्वविद्यालय और बाद में बंगाल रणजी टीम के उनके साथी स्वर्गीय गोपाल बोस ने उनसे पूछा था कि क्या वह गैरी सोबर्स को आउट कर सकते हैं। दोशी हमेशा की तरह बेपरवाह थे और उन्होंने जवाब दिया, ''हां, मैं कर सकता हूं।''

दोशी ने इसके कुछ साल बाद विश्व एकादश मैच में सोबर्स को आउट किया लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह काउंटी क्रिकेट में नॉटिंघमशर की ओर से कई सत्र वेस्टइंडीज के इस दिग्गज के साथ खेले। वर्ष 1991 में जब दोशी की आत्मकथा 'स्पिन पंच' प्रकाशित हुई तो सर गैरी सोबर्स ने ही इसकी प्रस्तावना लिखी थी, ''दिलीप दोशी के पास उन लोगों को देने के लिए अपार ज्ञान है जो पेशेवर क्रिकेट में उनके रास्ते पर चलना चाहते हैं। उन्होंने दुनिया भर में सभी स्तर पर खेला है और स्पिन गेंदबाजी की कला के बारे में बात करने के लिए उनसे अधिक योग्य कोई नहीं हो सकता।'' महानतम खिलाड़ियों में शामिल सोबर्स ने दोशी की जमकर सराहना की पर भारतीय क्रिकेट के कई रहस्यों की तरह कोई भी यह नहीं समझ सका कि बीसीसीआई ने उनकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल क्यों नहीं किया।

### सचिन तेंदुलकर बोले- मुझे उनकी बहुत याद आएगी

**नई दिल्ली :** सचिन तेंदुलकर सहित भारतीय क्रिकेट समुदाय ने बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की। तेंदुलकर ने 1990 के इंग्लैंड दौरे में दोशी के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा मैं दिलीप भाई से पहली बार 1990 में ब्रिटेन में मिला था और उस दौरे पर उन्होंने मुझे नेट्स पर गेंदबाजी की थी। वह मुझसे बहुत प्यार करते थे और मैंने भी उनकी भावनाओं का सम्मान किया। मुझे उनकी बहुत याद आएगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। दोशी के साथ खेल चुके पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने उन्हें ''बेदाग, एक सज्जन व्यक्ति और बेहतरीन गेंदबाज'' के रूप में याद किया। शास्त्री ने कहा उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। उनकी आत्मा को शांति मिले। दिलीप दोशी के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर ने भी अपने प्यारे दोस्त के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने दोशी के सम्मान में काली पट्टी बांधी



**लीड्स :** भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने मंगलवार को यहां पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन का खेल शुरू होने से पहले पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी की याद में एक मिनट का मौन रखा और काली पट्टी बांधी। भारत के पूर्व स्पिनर दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 वर्ष के थे। उन्होंने भारत की तरफ से 33 टेस्ट मैच में 114 विकेट लिए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया दोनों टीमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोशी की याद में आज काली पट्टी बांध कर खेल रही हैं।

दोनों टीमों ने पांचवें दिन की शुरुआत से पहले एक मिनट का मौन भी रखा। दोशी एक दशक से भी अधिक समय तक इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलते रहे। इस दौरान उन्होंने नॉटिंघमशर और वारविकशर का प्रतिनिधित्व किया।

## रथयात्रा की तैयारी



इस्कॉन के साधु मंगलवार को कोलकाता में रथ यात्रा उत्सव से पहले रथ को रंगते हुए। कोलकाता में इस्कॉन 1972 से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकालता है जहां यह एक प्राचीन वैष्णव उत्सव है। हजारों लोग रथ खींचने में भाग लेते हैं। इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ शहर की सड़कों से गुजरते हैं। एजेंसी

# युद्धों का एक मकसद ये भी... दूसरे देशों में सत्ता परिवर्तन



द्वितीय विश्व युद्ध के बाद करीब 50 से अधिक देशों में युद्ध, गृह युद्ध, विदेशी हस्तक्षेप या विद्रोहों के चलते सत्ता परिवर्तन हुए हैं। इनमें सर्वाधिक सत्ता परिवर्तन शक्तिशाली देशों की वजह से ही हुए हैं। भू राजनीतिक स्थिति अपने पक्ष में रखने के लिए शक्तिशाली देश दूसरे देशों में कई तरह से अस्थिरता पैदा करते रहे हैं। खासतौर से अमेरिका ने 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कई देशों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध किए हैं जिनका मुख्य कारण शीतयुद्ध के दौरान साम्यवाद रोकना या राजनीतिक प्रभाव बढ़ाना रहा है। सन् 2001 के बाद आतंकवाद से लड़ना भी एक कारण रहा है। ताजा उदाहरण ईरान है जहां जारी संघर्ष के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलकर ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई को हटाकर सत्ता परिवर्तन की मंशा जताई है। ईरान के निर्वासित शहजादे ने सत्ता पर दावेदारी भी कर दी है।

### किन देशों में युद्ध के बाद बदली सत्ता

#### जर्मनी में नाजी शासन

सन् 1945 में द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जर्मनी में नाजी शासन का खात्मा हो गया, साथ ही ये देश दो हिस्सों में बंट गया। पूर्वी जर्मनी सोवियत और पश्चिमी जर्मनी पर अमेरिका, यूके, फ्रांस के प्रभाव वाली नई लोकतांत्रिक सरकारें बनीं।

#### जापान में सैन्य शासन

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान ही जापान पर अमेरिका ने हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम गिराए। इसके बाद अमेरिका ने जापान पर कब्जा कर लिया। सैन्य शासन रहने के बाद वहां लोकतंत्र स्थापित किया गया।

#### कोरिया का विभाजन

सन् 1950 से 1953 तक कोरियाई युद्ध के बाद इस देश का उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया में स्थाई विभाजन हो गया। कुछ समय बाद दक्षिण कोरिया में लोकतंत्र स्थापित हो गया लेकिन उत्तर कोरिया में तानाशाह शासन बरकरार है।

#### वियतनाम का एकीकरण

सन् 1955से 1975 के बीच संघर्ष के बाद अमेरिका समर्थित दक्षिण वियतनाम की पराजय हुई, कम्युनिस्ट उत्तर वियतनाम ने देश को एकीकृत किया। ईरान में भी 1979 में अमेरिका समर्थित शाह को उखाड़ फेंका गया।

#### अफगानिस्तान-इराक

सन 1979 से 2021 के बीच दूसरे देशों के हस्तक्षेप से आंतरिक संघर्ष के कारण कई उतारचढ़ाव हुए। 2001 में तालिबान शासन हटा और 2021 में फिर बहाल हो गया। इराक में अमेरिका ने सद्दाम हुसैन को हटाया, इसके बाद लोकतांत्रिक सरकार बनी।

#### जब खुद सीधे युद्ध में उतरा अमेरिका

- द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिका और सहयोगियों ने जर्मनी में हिटलर को हराकर नाजी शासन का खात्मा किया।
- परमाणु बम गिराने के बाद अमेरिका के आगे जापान ने आत्मसमर्पण किया। अमेरिका ने 1952 तक कब्जा रखा।
- अमेरिका 1950 में दक्षिण कोरिया के समर्थन में युद्ध में उतरा। युद्ध के बाद देश का स्थाई रूप से विभाजन हुआ।
- वियतनाम युद्ध के दौरान अमेरिका ने कम्युनिस्ट उत्तर वियतनाम के खिलाफ दक्षिण का साथ दिया। अमेरिका को हार झेलनी पड़ी।
- अफ़ग़ानिस्तान में अमेरिका ने 9/11 के हमले के बाद तालिबान शासन को हटाया। यहां नई लोकतांत्रिक सरकार बनी। मगर चल नहीं पाई।
- इराक में 2003 में अमेरिका ने हमला कर सद्दाम हुसैन की सत्ता गिराई। लोकतांत्रिक चुनाव हुए मगर अब तक अस्थिरता बनी हुई है।

## एक नजर

### दक्षिण-पूर्वी फिलीपींस में भूकंप के तेज झटके

**मनीला।** दक्षिण-पूर्वी फिलीपींस के तट पर मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6 .4 मापी गई। फिलीपींस के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान ने कहा कि भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 09 :58 बजे ( 0158 जीएमटी ) महसूस हुए जो दावाओ ओरिएंटल प्रांत के बगंगा शहर से लगभग 359 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में जमीनी सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। संस्थान ने कहा कि टेक्टोनिक भूकंप से नुकसान नहीं होगा।

### उग्रवादी हमले में खैबर पख्तूनख्वा में पांच की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को एक बम निरोधक इकाई को निशाना बनाकर उग्रवादियों ने हमला किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस हमले में तीन सुरक्षाकर्मी और दो महिलाओं की मौत हो गई। ये महिलाएं एक पिकअप ट्रक में यात्रा कर रही थीं। हमलावरों की गोलीबारी की चपेट में आने से इन महिलाओं की मौत हुई। बम निरोधक इकाई दक्षिणी वजीरिस्तान जिले के मंडिकोल इलाके में एक सड़क से विस्फोटक हटा रही थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमले में आठ अन्य लोग घायल भी हुए हैं।

### इंडोनेशिया: आधा टन मादक पदार्थ जब्त, 285 गिरफ्तार

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में दो महीने की कार्रवाई के दौरान 29 महिलाओं और सात विदेशियों समेत 285 लोगों को मादक पदार्थों की तस्करी के संदेह में गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से आधे टन से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया गया। इंडोनेशिया में मादक पदार्थों से संबंधित सख्त कानून हैं तथा दोषी तस्करों को कभी-कभी गोली मारकर मौत की सजा दी जाती है। इसके बावजूद यह दक्षिण पूर्व एशिया में मादक पदार्थों की तस्करी का एक प्रमुख केंद्र है।

### प. बंगाल में आरटीआई कार्यकर्ता गिरफ्तार

**कोल्हापुर।** पश्चिम बंगाल के कोल्हापुर में स्थानीय अपराध शाखा ( एलसीबी ) ने 20 लाख रुपये की वसूली करने के आरोप में एक आरटीआई कार्यकर्ता और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया। लक्ष्मी टेकड़ी इलाके में आरटीआई कार्यकर्ता जयराज भीमराव कोली ने छत्रपति प्रमिला राजे सिविल अस्पताल में चिकित्सा उपकरण आपूर्तिकर्ता अजिंक्य पाटिल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद उसे ब्लैकमेल कर रहा था।

# अमेरिकी खुफिया एजेंसिया हाई अलर्ट पर

## ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद गृह सुरक्षा विभाग ने दी खतरे बढ़ने की चेतावनी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने ईरानी परमाणु स्थलों पर हमले के बाद खतरे बढ़ने की चेतावनी दी है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) उप निदेशक ने कहा है कि जवाबी हिंसा रोकने के लिए ब्यूरो पूरी तरह तैयार है। न्यूयॉर्क जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने कहा है कि वे हाई अलर्ट पर हैं।

अमेरिकी हमले के बाद से देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए कोई विश्वसनीय खतरा सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि सोमवार को अमेरिका द्वारा इजराइल और ईरान के बीच घोषित संभावित संघर्षविराम का संभावित खतरों पर क्या असर होगा या ऐसी व्यवस्था कितनी स्थायी होगी। हालांकि हाल के वर्षों में अमेरिकी धरती पर राजनीतिक हस्तियों को निशाना बनाने के लिए ईरान की ओर से उठाए गए कदमों को देखते हुए प्रतिशोध की आशंका बेबुनियाद नहीं है।

हाल के वर्षों में ईरान समर्थित हैकर्स ने अमेरिकी ठिकानों पर भी साइबर हमले किये हैं। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि पिछले दशक में ईरान की सबसे आम रणनीति, सामूहिक हिंसा की योजना बनाने के बजाय, सुपारी देकर हत्या की साजिश रचने की रही है। उसका आरोप है कि इसके तहत सरकारी अधिकारी, सार्वजनिक अधिकारियों और असंतुष्टों की हत्या कराने के लिए रूसी और अन्य गैर-ईरानी लोगों का इस्तेमाल भी शामिल है। तेहरान ने इन साजिशों से बार-बार इनकार किया है, लेकिन एफबीआई और न्याय विभाग द्वारा लगातार इन्हें विफल किया गया है और उजागर किया गया है। सप्ताहांत में जारी डीएचएस बुलेटिन में चेतावनी दी गई कि कई विदेशी आतंकी संगठनों ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी संपत्तियों और कर्मियों के खिलाफ हिंसा का आह्वान किया है।



इजराइल के बीरशेबा में मंगलवार कोईरानी मिसाइल हमले में कई लोग मारे गए।

### ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने की आशंका

**दुबई।** इजराइल से युद्ध ने इस बात की चिंता बढ़ा दी है कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर कर सकता है, जो सबसे महत्वपूर्ण तेल आपूर्ति क्षेत्र है और हर दिन बड़ी मात्रा में कच्चा तेल इस रास्ते गुजरता है। ईरान में परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले ने इस बारे में सवाल खड़े कर दिए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच है, जिसके पास तेज हमला करने वाली नौकाओं का बेड़ा और मिसाइलें हैं, जिनका इस्तेमाल कर वह जलडमरूमध्य को कुछ समय के लिए बंद कर सकता है।

### भारत संघर्ष का समाधान करने में मदद के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान तथा इजराइल के बीच युद्धविराम के दावे करने के कुछ घंटों बाद भारत ने मंगलवार को कहा कि वह स्थिति हल करने के लिए अपनी भूमिका निभाने को तैयार है। भारत ने आगे बढ़ने के लिहाज से बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने पर जोर दिया। भारत ने कहा कि वह समग्र स्थिति को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है, लेकिन ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम की रिपोर्ट का स्वागत करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष से संबंधित घटनाक्रम पर रातभर नजर रख रहे हैं, जिसमें ईरान के परमाणु केंद्रों के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई और कतर में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के खिलाफ ईरान की जवाबी कार्रवाई शामिल है।

### संरा ने मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव पर जताई गंभीर चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान की ओर से कतर के अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर दागे गये मिसाइल हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र ( संरा ) महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने गहरी चिंता जतायी है। महासचिव के प्रवक्ता स्तेफ़ान दुजारिक ने बयान में कहा कि श्री गुटेरेस मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और इस हमले से काफी चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि संकट की शुरुआत से ही महासचिव सैन्य तनाव को खतरनाक बताते आये हैं और सोमवार को ईरान द्वारा कतर की जमीन पर किया गया हमला निंदा योग्य है। श्री गुटेरेस ने सभी पक्षों से लड़ाई तुरंत रोकने की अपील की है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने का आग्रह भी किया है।

### क्रेमलिन ने युद्ध विराम टिकाऊ होने की जताई उम्मीद

**मास्को।** रूस ने मंगलवार को ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम की घोषणा का स्वागत किया और आशा व्यक्त की है कि यह ( युद्ध विराम ) टिकाऊ होगा। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय सह आवास 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने मीडिया को बताया, अगर वाकई युद्ध विराम संभव है, तो इसका स्वागत ही किया जा सकता है। रूसी संघ इस संघर्ष की शुरुआत से ही यही मांग कर रहा है। इसलिए, इसका स्वागत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि यह एक स्थायी युद्धविराम होगा। पेस्कोव ने कहा कि उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री के कार्यालय के बयान देखे, (ईरानी विदेश मंत्री) अब्बास अरागची के बयान सुने, तथा राष्ट्रपति ( डोनाल्ड ) ट्रंप के कई बयान देखे। उन्होंने कहा, अभी तक हमने तेहरान की ओर से कोई अन्य बयान नहीं देखा या सुना है।

# गाजा में मदद का इंतजार कर रहे लोगों पर इजराइली सेना की गोलीबारी, 25 मरे

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

इजराइली सेना और ड्रोनों ने मंगलवार तड़के मध्य गाजा में सहायता ट्रकों का इंतजार कर रहे सैकड़ों लोगों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 25 लोग मारे गए। फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों और अस्पतालों ने यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोगों का एक समूह पूर्व-पश्चिम नेत्जारिम से सटे एक इलाके में सैनिकों की ओर बढ़ा, जिसके बाद गोलीबारी की गई। नुसेरात शरणार्थी शिविर में स्थित अवदा अस्पताल ने कहा कि फलस्तीनी लोग वादी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन रोड पर ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। हमले में घायल हुए लोगों को इसी अस्पताल में लाया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब लोग पूर्व दिशा की ओर ट्रकों के करीब बढ़ रहे थे तो इजराइली सेना ने गोलियां चलायीं। अहमद हलावा ने कहा, यह नरसंहार था। टैंक और ड्रोनों से लोगों पर गोलियां चलायी गईं। कई लोग मारे गए या घायल हो गए। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी हुसैम अबु शहादा ने बताया कि इलाके में ड्रोन उड़ रहे थे। पहले उन्होंने भीड़ पर नजर रखी फिर लोगों के आगे बढ़ने पर टैंक और ड्रोनों से गोलीबारी की। अवदा अस्पताल ने बताया कि 146 फलस्तीनी घायल हुए हैं। उनमें से 62 की हालत गंभीर है, जिन्हें मध्य गाजा में एक अन्य अस्पताल ले जाया गया है।



टेंटों में रह रहे हैं गाजा में लोग।

### युद्ध में अब तक 56,000 हजार लोग मारे गए

गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस युद्ध में करीब 56,000 फलस्तीनियों की मौत हो गयी है। हमास के सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजराइल में हमला करने के बाद इजराइल ने गाजा में अपना अभियान शुरू किया। हमास के हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे तथा 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था। ज्यादातर बंधकों को संघर्षविराम समझौतों के जरिए रिहा कर दिया गया है।

# यूक्रेन में रूसी हमलों में 16 लोगों की मौत, 100 घायल

**कीव, एजेंसी**

रूस ने यूक्रेन में ड्रोन, मिसाइलों और तोप के जरिये हमले किए, जिसमें कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और लगभग 100 अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के अपने देश के प्रयासों के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य सहायता की गारंटी मांगी।

रूसी सेना ने पूरे युद्ध के दौरान यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर लगातार बमबारी की है। यह इस युद्ध का चौथा वर्ष है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस युद्ध में अब तक 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। यूक्रेन ने रूस के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन भी दागे हैं। जेलेंस्की मंगलवार को नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले पश्चिमी नेताओं से मिलने वाले थे। जेलेंस्की रूस की विशाल सेना के खिलाफ यूक्रेन की लड़ाई के लिए अतिरिक्त सैन्य सहायता प्राप्त करने के इच्छुक हैं। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच संभावित समझौते को लेकर हाल में हुई शांति वार्ता का कोई परिणाम नहीं निकला है।



हमले की तैयारी करता रूसी सैनिक।

- यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य मदद मांगी

# नाटो के ऐतिहासिक सम्मेलन के लिए जुट रहे वैश्विक नेता

**द हेग (नीदरलैंड)।** दुनिया के सबसे बड़े सैन्य गठबंधन 'उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन' (नाटो) के ऐतिहासिक सम्मेलन में हिस्सा लेने वैश्विक नेता नीदरलैंड की राजधानी द हेग में जुट रहे हैं। इस सम्मेलन में तय होगा कि रक्षा व्यय में वृद्धि को लेकर संगठन के 32 सदस्य सहमति की ओर बढ़ते हैं या विभिन्न मुद्दों पर दरार और गहरी होती है। सहयोगियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने जीडीपी का पांच प्रतिशत सुरक्षा पर खर्च करने के लक्ष्य का समर्थन करें, ताकि बाहरी हमलों से बचाव के लिए योजनाएं पूरी की जा सकें। अमेरिका के शासनाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप पहली बार सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और उम्मीद की जा रही थी कि चर्चा का मुख्य मुद्दा यह होगा कि अमेरिका कैसे सुरक्षा गठबंधन में अन्य देशों से ऐतिहासिक सैन्य खर्च बढ़ाने पर सहमति प्राप्त करता है। लेकिन अब चर्चा का विषय ईरान में तीन परमाणु संवर्धन सुविधाओं पर हमला करने का ट्रंप का निर्णय है, जिसके बारे में उनके प्रशासन का कहना है कि इससे तेहरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं नष्ट हो गई हैं।

- रक्षा व्यय में वृद्धि को लेकर तय होगा संगठन के 32 सदस्य देशों का रुख

# आतंकवाद के अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाए

**बीजिंग, एजेंसी**

- चीन में एससीओ की बैठक में बोले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया जिसे व्यापक रूप से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग के रूप में देखा जा रहा है।

एससीओ के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के एक सम्मेलन में डोभाल ने कहा कि भारत, लश्कर ए तैयबा, जैश ए मोहम्मद, अलकायदा, आईएसआईएस और इसके सहयोगी जैसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों से लगातार खतरे को लेकर बेहद चिंतित है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद नई दिल्ली ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवादियों को भारत में हमले करने से रोकने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इस हमले में लश्कर ए तैयबा के एक छद्म संगठन टीआरएफ ने 26 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी थी और कई अन्य को घायल कर दिया था।

डोभाल ने कहा कि भारत की कार्रवाई नपी-तुली और गैर उकसावे वाली थी। एनएसए ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड त्यागने तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद तथा उनके समर्थकों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डोभाल ने इन समूहों के बुनियादी ढांचे और उनके आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने का आह्वान किया।

# जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार किया मिसाइल परीक्षण

**तोक्यो।** जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार मिसाइल परीक्षण किया है। देश की सेना ने मंगलवार को यह घोषणा की। जापान के उत्तरी मुख्य द्वीप होक्काइडो के 'शिजुनाई एंटी-एयर फायरिंग रेंज' में 'टाइप-88' मिसाइल का परीक्षण किया गया, जो सतह से जहाज पर मार करने वाली कम दूरी की मिसाइल है।

- चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमले की क्षमता हासिल करने के लिए सैन्य तैयारी

अधिकारियों ने बताया कि 'ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स' की पहली 'आर्टिलरी ब्रिगेड' के अभ्यास में लगभग 300 सैनिक शामिल हुए, जिन्होंने होक्काइडो के दक्षिणी तट से लगभग 40 किलोमीटर दूर जहाज पर गोलीबारी की थी, जिसमें कोई भी चालक नहीं था। उन्होंने बताया कि अधिकारी अभी परीक्षण के परिणामों की जांच कर रहे हैं। जापान, चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमला करने की क्षमता हासिल करने के लिए अपनी सैन्य तैयारियों को बढ़ा रहा है। जापान इस वर्ष के अंत में 'टॉमहॉक' सहित लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों को तैनात करने की योजना बना रहा है। जापान ने इससे पहले विदेशों में मिसाइल परीक्षण किए हैं, जिसमें अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे उसके रक्षा साझेदारों के क्षेत्र शामिल हैं।

# एसडीजी रैंकिंग में पहली बार भारत शीर्ष 100 में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने की दिशा में प्रगति को लेकर भारत ने पहली बार एसडीजी की सूची में 193 देशों में शीर्ष 100 में स्थान हासिल किया है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क की 10वीं सतत विकास रिपोर्ट (एसडीआर) के अनुसार भारत ने 67 अंक हासिल कर 2025 एसडीजी सूचकांक में 99वां स्थान हासिल किया है।

चीन 74.4 अंक से साथ 49वें और अमेरिका 75.2 अंकों के साथ 44वें स्थान पर है। भारत ने इससे पहले 2024 में 109वां स्थान, 2023 में 112वां स्थान, 2022 में 121वां स्थान, 2021 में 120वां स्थान, 2020 में 117वां स्थान, 2019 में 115वां स्थान, 2018 में 112वां स्थान और 2017 में 116वां स्थान हासिल किया था। पड़ोसी देशों में 70.5 अंक के साथ भूटान ने 74वां स्थान, 68.6 अंकों के साथ नेपाल ने 85वां स्थान हासिल किया है जबकि 63.9 अंक के साथ बांग्लादेश 114वें स्थान और 57 अंक के साथ पाकिस्तान 140वें स्थान पर है। भारत के समुद्री पड़ोसी देश मालदीव और श्रीलंका क्रमशः 53वें और 93वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट तैयार करने वाले लेखकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर सतत विकास लक्ष्य की प्रगति थम गई है।




- भारत ने 67 अंक हासिल कर वैश्विक सूचकांक में 99वां स्थान हासिल किया

# बांग्लादेश के लिए 1.3 अरब डॉलर का आईएमएफ ऋण मंजूर

**ढाका।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बांग्लादेश के लिए अपने 4.7 अरब डॉलर के ऋण पैकेज के तहत तीसरी और चौथी समीक्षा पूरी होने के तुरंत बाद 1.3 अरब डॉलर के वितरण को मंजूरी दे दी है।

आईएमएफ के बयान के मुताबिक ऋणदाता ने 2023 में शुरू किए गए ऋण कार्यक्रम के तहत बांग्लादेश को जून 2024 तक तीन किश्तों में 2.3 अरब डॉलर तक का वितरण किया था। कोष के कार्यकारी बोर्ड ने सोमवार को विस्तारित ऋण एवं निधि सुविधा के तहत बांग्लादेश में वृद्धि और पुनर्रचना के लिए तीसरी और चौथी समीक्षा पूरी करने के बाद मंजूरी दी। इस फैसले से बांग्लादेश को 88.4 करोड़ डॉलर तक की सहायता राशि की तत्काल पहुंच मिल गई है।

**राहत भरी खबर** — हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के प्रमुख डीके सुनील ने दिलाया भरोसा

# भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 में मिलेंगे छह तेजस विमान

## हाल ही में वायुसेना प्रमुख ने उठाया था तेजस की आपूर्ति में देरी का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 तक कम से कम आधा दर्जन हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस' मिल जाएंगे। इन अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों का निर्माण कर रही कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के प्रमुख ने कहा है कि तेजस की आपूर्ति में हुई देरी के लिए जीई एयरोस्पेस द्वारा इंजन की आपूर्ति में विलंब जिम्मेदार है।

एलसीए तेजस के एमके-1ए संस्करण की आपूर्ति में देरी का मामला वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने हाल ही में उठाया था, जिसके बाद यह बड़ा मुद्दा बन गया था। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डीके सुनील ने कहा कि यह देरी केवल अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस द्वारा समय पर एफ404 इंजन की आपूर्ति करने में असमर्थता के कारण हुई। एचएएल प्रमुख ने कहा कि जीई एयरोस्पेस द्वारा चालू वित्त वर्ष में 12 इंजन की आपूर्ति किये जाने की उम्मीद है। इससे भारतीय वायुसेना को लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में आसानी होगी।

उन्होंने कहा, हर कंपनी को आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। दुर्भाग्य से, एलसीए मार्क-1ए के मामले में भी ऐसा ही हुआ है, हमने विमान बना लिए हैं। हमारे पास छह विमान तैयार हैं लेकिन जीई एयरोस्पेस से इंजन की आपूर्ति नहीं हुई है। उसे 2023 में इंजन की आपूर्ति करनी थी। अब तक, हमें केवल एक इंजन मिला है। जीई की ओर से देरी शुरू में कोविड महामारी के दौरान उत्पादन में विलंब और उसके बाद कंपनी से कई वरिष्ठ इंजीनियरों के चले जाने से हुई, जिससे आपूर्ति में बाधा पैदा हुई। सुनील के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के साथ तकनीकी मुद्दों को सुलझा लिया गया है और एचएएल को मार्च 2026 तक 12 जेट इंजन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, आज की तारीख में छह विमान तैयार हैं। हमारी ओर से कोई कमी नहीं है। हम लगातार इन विमानों का निर्माण कर रहे हैं और इस वित्त वर्ष के अंत तक उन्हें आपूर्ति करने की स्थिति में होंगे।



### मिग 21 की जगह लेगा सिंगल इंजन वाला तेजस

एकल इंजन वाला एमके-1ए भारतीय वायुसेना के मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह लेगा। भारतीय वायुसेना इन लड़ाकू विमानों को अपने बेड़े में शामिल करने पर विचार कर रही है, क्योंकि इसके लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या स्वीकृत 42 से घटकर 31 रह गई है। तेजस एकल इंजन वाला बहु-उपयोगी लड़ाकू विमान है, जो उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्रों में सक्षम है। इसे वायु रक्षा, समुद्री टोही और हमलावर भूमिकाओं के लिए डिजाइन किया गया है। सुनील ने कहा कि तेजस एमके-1ए विश्वस्तरीय विमान है जो उच्च गुणवत्ता वाले रडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और कई तरह की मिसाइल से युक्त है। इसमें पूरी तरह से अत्याधुनिक एवियोनिक्स और हथियार प्रणाली शामिल है।